ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • कार्तिक शुक्ल पक्ष 04 • विक्रम संवत 2080 • शुक्रवार, 17 नवम्बर 2023 • वर्ष-30 • अंक-32 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

कोहली के 50वें शतक के बाद अनुष्का शर्मा ... पेज 10 पर



## गागर में सागर

### झारखंड मंत्री परिषद की बैठक 22 को

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 22 नवंबर को होगी। इस संबंध में गुरुवार को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने सूचित किया है कि मंत्रिपरिषद् की बैठक 22 नवंबर को शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

### झारखंड विधानसभा का स्थापना दिवस 22 को, तैयारियां जोरों पर



**रांची।** झारखंड विधानसभा की 23वीं वर्षगांठ 22 नवंबर है। विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो के नेतृत्व में समारोह को यादगार बनाने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। 23 नवंबर को बॉलीवुड सिंगर जावेद अली और गजल गायक कुमार सत्यम अपने सुरों से समा बांधेंगे जबकि बीच-बीच में रविंद्र सोनी हास्य का तड़का डालेंगे। विधानसभा स्थापना दिवस समारोह की शुरूआत पूर्वाह्न 11 बजे राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर देने से शुरू होगी। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन करेंगे और मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन होंगे। दीप प्रज्वलन के बाद चयनित उत्कृष्ट विधायक और विधानसभा के उत्कृष्ट कर्मी सम्मानित किए जाएंगे। इसके बाद देश की सीमा पर और नक्सल अभियान में शहीद और शांतिकाल में वीरता प्राप्त झारखंड के बहादुर पुलिसकर्मियों और जवान सम्मानित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अगले पड़ाव में राज्य के खिलाड़ियों और 10वीं, 12वीं समेत अन्य शैक्षणिक संस्थान के टॉपर छात्र-छात्राएं सम्मानित होंगे। साथ ही सामाजिक क्षेत्र में योगदान देने वाले राष्ट्रपति पदक से सम्मानित और चंद्रयान-3 मिशन में भूमिका निभाने वाले राज्य के वैज्ञानिकों को भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान 12:50 बजे त्रैमासिक पत्रिका उड़ान समेत अन्य पुस्तकों का विमोचन होगा। सम्मान समारोह के बाद उत्कृष्ट विधायक, मुख्य सचेतक, नेता प्रतिपक्ष और संसदीय कार्यमंत्री का संबोधन होगा। फिर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बाद राज्यपाल का संबोधन होगा।

### ईडी के रडार पर साहेबगंज एसपी

**रांची।** ईडी की रडार आए साहेबगंज एसपी नौशाद आलम की मुश्किलें बढ़ सकती है। पूछताछ से पहले इडी ने नौशाद आलम की कई अचल संपत्तियों और निवेश से जुड़ी जानकारियां जुटायी हैं।सूचना यह भी है कि नौशाद आलम को लेकर ईडी के पास कई शिकायतें भी आई हैं।

**22 को होनी है आइपीएस नौशाद आलम से पूछताछ :** इडी ने समन जारी कर साहेबगंज एसपी नौशाद आलम को 22 नवम्बर को रांची स्थित ईडी के जोनल कार्यालय पूछताछ के लिए बुलाया है। इडी सूत्रों के अनुसार नौशाद आलम के संबंध में कई लोगों ने ईडी के समक्ष लिखित शिकायत भी की है। ईडी के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार , रांची में कई जगहों पर अचल संपत्ति बीते दो तीन सालों में अर्जित करने की शिकायतें ईडी को मिली हैं।

**जहां जहां पोस्टिंग वहां की जानकारी जुटा रही ईडी :** मिली जानकारी के अनुसार ईडी ने नौशाद आलम को लेकर विस्तृत जानकारियां जुटा रही है। नौशाद आलम की पोस्टिंग कहा कहा रही और उनके द्वारा किस तरह की संपत्ति की खरीद की गई इसकी जानकारी भी ईडी जुटा रही है। रांची में ग्रामीण एसपी के पद पर रहने के दौरान भी नौशाद आलम ने कितनी संपत्ति की रजिस्ट्री अपने या परिजन के नाम पर कराई है हर जानकारी जुटाई जा रही है।22 नवम्बर को पूछताछ के बाद नौशाद आलम से उनके और उनके आश्रितों, परिजनों की पूरी संपत्ति का विवरण भी हलफनामा के जरिए मांगेगी।

### आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप-2023



आस्ट्रेलिया- 215/7 (47.2 ओवर)

दक्षिण अफ्रीका - 212/10 (49.4 ओवर)

---

उत्तरकाशी टनल हादसा

## रेस्क्यू में देरी होने से झारखंड में श्रमिकों के परिजनों की बढ़ी बेचैनी

### 100 घंटे से अधिक बीतने के बाद भी बचाव कार्य पूरा नहीं

आरएनएम



**रांची।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में नेशनल हाइवे प्रोजेक्ट की टनल के अंदर मलबे में फंसे झारखंड के श्रमिकों के परिजनों का सब्र छलक रहा है। टनल में फंसे 40 में से 15 मजदूर झारखंड के हैं. उनके रेस्क्यू में हो रही देरी ने घर वालों की चिंता बढ़ा दी है। झारखंड के अफसरों की एक टीम उत्तरकाशी में मौके पर मौजूद है और पल-पल का अपडेट ले रही है। रांची के ओरमांझी प्रखंड के खीराबेड़ा गांव के तीन श्रमिक अनिल बेदिया, राजेंद्र बेदिया और सुकराम बेदिया भी सुरंग में फंसे हैं. उनके परिजनों को मंगलवार को जब झारखंड सरकार की ओर से उनके सुरक्षित होने की खबर दी गई तो वे थोड़े इत्मीनान हुए, रेस्क्यू अभियान की प्रगति धीमी पड़ने की खबर से वे फिर से बेचैन हैं.सुरंग में फंसे राजेंद्र बेदिया नामक श्रमिक के पिता श्रवण बेदिया दिव्यांग हैं। उनकी आंखों में आंसू बह रहे हैं। मां फूलकुमारी और बहन चांदनी के भी आंसू नहीं थम रहे। एक अन्य श्रमिक सुखराम बेदिया की शेष पृष्ठ 11 पर

---

## नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व आज से होगा शुरू

- कल होगा खरना
- रविवार को पहला अर्घ्य
- 20 की सुबह दूसरे अर्घ्य के साथ होगा समापन



**रांची।** लोक आस्था का महापर्व छठ की तैयारी जोर शोर से शुरू हो गई है। हर जगह छठ के गाने बजने लगे हैं। शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय पर्व शुरू होगा। 17 को नहाय-खाय के साथ पर्व शुरू होगा। 18 को खरना होगा। 19 की शाम 05:22 बजे अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य और 20 को प्रातः 06:39 बजे उदीयमान सूर्य को अर्घ्य एवं छठ का पारण होगा। इस पर्व को बिहार एवं पूर्वांचल के लोग बड़ी संख्या में मनाते हैं। इस पर्व में भगवान सूर्य के साथ छठी माई की पूजा-उपासना विधि-विधान के साथ की जाती है। यह सबसे कठिन व्रतों में से एक माना जाता है। इस पर्व में आस्था रखने वाले लोग सालभर इसका इंतजार करते हैं। धार्मिक मान्यता है कि छठ का व्रत संतान प्राप्ति की कामना, संतान की कुशलता, सुख-समृद्धि और उसकी दीघार्यु के लिए किया जाता है। 17 नवंबर को नहाय-खाय के साथ सूर्य उपासना का महान छठ पर्व प्रारम्भ हो जायेगा। उस दिन छठव्रती चावल, चना दाल और घीया की सब्जी स्वयं बनाकर प्रसाद ग्रहण करेंगी तथा शेष पृष्ठ 11 पर

---

जनजातीय परामर्शदात्री परिषद की 26वीं बैठक संपन्न

# सरकार लुगू पहाड़ को संरक्षित कारने का काम करेगी : हेमंत

आरएनएम,रांची



मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड जनजातीय परामर्शदात्री परिषद (टीएसी) की 26वीं बैठक सम्पन्न हुई। सीएनटी एक्ट के तहत 26 जनवरी 1950 के समय राज्य में स्थापित जिलों और थानों को ही मान्यता प्रदान करते हुए जमीन-खरीद बिक्री पर टीएसी की सहमति।

**टीएसी की उप समिति को एक वर्ष का अवधि विस्तार :** मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में आज झारखंड मंत्रालय में जनजातीय परामर्शदातृ परिषद (टीएसी) की 26वीं बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में टीएसी द्वारा कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में प्रो० स्टीफन मरांडी, सदस्य झारखंड विधान सभा-सह-सदस्य जनजातीय परामर्शदात्री परिषद की अध्यक्षता में गठित उप समिति के कार्यकाल को अगले 1 वर्ष के लिए अवधि विस्तार दिए जाने संबंधी प्रस्ताव पर सहमति दी गई। बैठक में जनजातीय परामर्शदातृ परिषद (टीएसी) ने सीएनटी एक्ट के अंतर्गत 26 जनवरी 1950 के समय राज्य के भीतर जो जिले और थाने स्थापित थे, उन्हीं को जिला और थाना मानते हुए धारा-46 के तहत जमीन-खरीद बिक्री हेतु मान्यता प्रदान किए जाने पर सहमति दी है। उक्त संबंध में राज्य सरकार आगे विधिसम्मत कार्यवाही करेगी।

**आदिवासी समुदाय की आस्था और विश्वास का धार्मिक धरोहर लुगु पहाड़ को संरक्षित करने का निर्णय :** बैठक में सम्यक विचारोपरांत टीएसी द्वारा बोकारो जिला स्थित आदिवासी संतालियों के धार्मिक धरोहर लुगू पहाड़ पर दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित लुगू पहाड़ हाइडल जल संग्रह टैंक को किसी भी हाल में स्थापित नहीं होने दिए जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। इस संबंध में मुख्यमंत्री-सह-अध्यक्ष जनजातीय परामर्शदातृ परिषद हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार हर हाल में आदिवासी समुदाय की आस्था और विश्वास का धार्मिक धरोहर लुगू पहाड़ को संरक्षित करने का काम करेगी। हमारी सरकार किसी भी समुदाय के भावनाओं से खिलवाड़ नहीं होने देगी। जन भावना के अनुरूप टीएसी द्वारा लुगू पहाड़ हाइडल जालसंग्रह परियोजना को लुगु पहाड़ में नही स्थापित होने दिए जाने के संबंध में आज की बैठक में लिया गया निर्णय महत्वपूर्ण है।

**आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जन-प्रतिनिधि की भूमिका महत्वपूर्ण :** बैठक में वर्तमान राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के शेष पृष्ठ 11 पर

### वन पट्टा वितरण में तेजी लाने का निर्देश

बैठक में वन अधिकार अंतर्गत 'अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान' के अंतर्गत राज्य के वैसे आश्रित जो वनों पर निर्भर हैं उनके बीच व्यक्तिगत एवं सामुदायिक पट्टे का वितरण तेज गति से किए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में झारखंड में पेसा कानून लागू किए जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार-विमर्श हुआ।

---

छठ के मौके पर अन्य ब्रांड के दूध को तरजीह दे रहे नागरिक

## पलामू में प्लांट फिर भी मेधा दूध की मांग नगण्य



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** छठ महापर्व नजदीक आने से शहर में दूध की मांग काफी बढ़ गई है। इसके बावजूद आश्चर्य की बात है कि शहर में प्लांट होने के बाद भी मेधा दूध की मांग नगण्य है। इस संबंध में दुकानदारों से बात करने पर पता चला कि ग्राहक इसके बारे में पूछते तक नहीं है। वे आशीर्वाद, अमूल, सुधा आदि ब्रांड की मांग करते हैं। इसलिए मांग को देखते हुए उन्हें अन्य ब्रांड के दूध रखने पड़ते हैं। पलामू जिले का एकमात्र दुग्ध प्लांट जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा किया गया है। उसका बाजार से इस तरह लुप्त हो जाना चिंता का विषय है। इससे नागरिकों के जेहन में सवाल उठ रहा है कि यह दुग्ध प्लांट जिस उद्देश्य से स्थापित किया गया है। क्या उस पर यह खरा उतर पायेगा। इस संबंध में चियांकी के समीप स्थित गणके बस्ती में स्थापित दुग्ध संयंत्र के अधिकारी किसी भी तरह की जानकारी साझा करने से स्पष्टतया इंकार करते हैं। जानकारों का मानना है कि मेधा दूध को एक अच्छे बाजार की तलाश है। दूध के बाजार में काफी स्पर्धा है। मेधा दूध एक नए प्रोडक्ट के रूप में अपने बाजार को खोज रहा है। बताते चलें कि दुग्ध संयंत्र का उद्घाटन चार अक्टूबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया था। उन्होंने अपने संबोधन में आश्वासन दिया था कि व्यापार बढ़ाकर लोग रोजगार को बढ़ाएं। आवश्यकता पड़ने पर ऐसे और भी दुग्ध संयंत्र यहां खोलने पर गहनता से विचार किया जाएगा। बहरहाल 28 करोड़ की लागत से स्थापित दुग्ध संयंत्र गुणवत्ता के सभी मानकों पर खरा उतरा है। ऐसे में उम्मीद है कि जल्द ही यह बाजार में अपना स्थान बनाने में सफल होगा।

---

## रांची के जेएससीए स्टेडियम में 18 नवंबर से लीजेंड्स लीग क्रिकेट

**रांची।** राजधानी रांची के झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) स्टेडियम में 18 नवंबर को लीजेंड्स लीग क्रिकेट का उद्घाटन मैच होगा। जेएससीए को पांच मैचों की मेजबानी मिली है। यह क्रिकेट लीग नौ दिसंबर तक चलेगा। इसमें क्रिकेट जगत के चर्चित खिलाड़ी दिखाई देंगे। एलआईसी ने इस सीजन के टिकटों की बिक्री होना शुरू हो गई है। जेएससीए में आयोजित सभी मुकाबले के टिकट पेटीएम और पेटीएम इनसाइडर पर उपलब्ध है। रांची में सभी मैच जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले जाएंगे और टिकटों की कीमत 249 रुपये से शुरू होगी। पेटीएम और पेटीएम इनसाइडर से अहम साझेदारी कर उन्हें एक्सक्लूसिव टिकटिंग पार्टनर बनाया है। भारत के पांच शहरों देहरादून, रांची, जम्मू, विशाखापत्तनम और सूरत में होने वाले ये मैच यादगार बनने वाले हैं। टूर्नामेंट के टिकट जल्द ही पेटीएम और पेटीएम इनसाइडर से खरीदे जा सकेंगे। एलएलसी-2023 का उद्घाटन मैच 18 नवंबर को रांची के जेएससीए स्टेडियम में इंडिया कैपिटल्स और भीलवाड़ा किंग्स के बीच होगा। मैच शाम सात बजे से शुरू होगा। टूर्नामेंट के पहले मैच में 18 नवंबर को पूर्व भारतीय क्रिकेटर गौतम गंभीर (इंडिया कैपिटल्स) और इरफान पठान (भीलवाड़ा किंग्स) बतौर कप्तान आमने-सामने होंगे। दूसरा मैच 20 नवंबर को मणिपाल टाइगर्स और गुजरात जायंट्स के बीच खेला जायेगा। 21 नवंबर को अर्बनराइजर्स हैदराबाद और सदर्न सुपर स्टार्स के बीच मैच होगा। 22 नवंबर को भीलवाड़ा किंग्स और गुजरात जायंट्स और 23 नवंबर को इंडिया कैपिटल्स और अर्बनराइजर्स हैदराबाद के बीच मैच खेले जायेंगे।

---

राजनीतिक तल्खी पर भारी संवैधानिक मूल्यों का आदर

## कार्यक्रम पीएम का महफिल लूट ले गये सीएम हेमंत

अखिलेश चौबे



**मेदिनीनगर।** जनजातीय गौरव व झारखंड स्थापना दिवस पर भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु में आयोजित पीएम मोदी के कार्यक्रम का नजारा भारत के उज्ज्वल लोकतांत्रिक भविष्य का स्पष्ट संकेत दे गया। कारण भी लाजिमी रहा। तमाम राजनीतिक तल्खी को दरकिनार कर सीएम हेमंत सोरेन न सिर्फ पीएम मोदी का स्वागत व विदाई तक साथ नजर आये। अपितु मेहमानवाजी में कोई कोर -कसर न छोड़ उन्होंने तमाम गैर भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को आइना भी दिखाया। हमारे देश में संविधान सर्वोपरि है। संविधान ही किसी राजनेता, अफसरशाह अथवा आम नागरिकों की महत्ता स्पष्ट करता है। बहुदलीय लोकतंत्र में वैचारिक अथवा सिद्धांतगत मतभेद आम है। किंतु वर्तमान में देश के राजनीतिक दलों के बीच मतभेदों का पूरी तरह सतह पर आना गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। सोचनीय स्थिति तब उत्पन्न हो जाती है। जब पीएम की अध्यक्षता में नीति आयोग सहित विभिन्न संवैधानिक निकायों की अहम शेष पृष्ठ 11 पर

### पीएम ने दिखाया बड़ा दिल

सीएम हेमंत सोरेन के अनुकरणीय आचरण पर पीएम मोदी ने भी बड़ा दिल दिखाया। इसकी बानगी तब देखने को मिली जब उलिहातु में सीएम के बेजोड़ संक्षिप्त संबोधन पर समारोह स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान हो उठा। उसमें सबसे अधिक समय तक तालियां प्रधानमंत्री ने ही बजाई। उन्होंने सीएम की पीठ थपाथपाकर उन्हें शाबाशी भी दी।

---

# आदिवासी जमीन खरीद बिक्री में एक ही थाना की बाध्यता समाप्त करने का निर्णय

आरएनएम, रांची

झारखंड में आदिवासियों की जमीन खरीद-बिक्री में थाना क्षेत्र की बाध्यता समाप्त करने की पहल हुई। झारखंड ट्राइबल एडवाइजरी काउंसिल की बैठक में इसे लेकर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई बैठक में थाना क्षेत्र की बाध्यता समाप्त करने का फैसला लिया गया है। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि टीएसी की बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि सीएनटी-एसपीटी एक्ट के तहत आदिवासियों की जमीन खरीद-बिक्री में थाना क्षेत्र की बाध्यता है। जब सीएनटी और एसपीटी एक्ट बना था उस वक्त की स्थिति और आज की स्थिति में काफी बदलाव हुआ है। टीएसी ने यह फैसला लिया है कि आदिवासियों की जमीन-खरीद बिक्री में थाना क्षेत्र की बाध्यता को लेकर जांच-पड़ताल कर नया नियम बनाया जाएगा।

## सभी आदिवासी अनुसूचित जनजाति नहीं, राज्य सरकार को भी बदलाव का पावर नहीं : अरविंद लाल एडवोकेट



झारखंड उच्च न्यायालय के चर्चित एडवोकेट और संवैधानिक मामलों के जानकार अरविंद कुमार लाल ने बताया कि सीएनटी एक्ट में वर्णित थाना आज के पुलिस थाने नहीं बल्कि रेवेन्यू थाना है जिसमें आज के 8-10 थाने आ जाएंगे। इनका कहना है कि राज्य के अधिकारियों को अधिसूचित क्षेत्र की परिभाषा नहीं मालूम। सभी आदिवासी अनुसूचित जनजाति नहीं हैं क्योंकि भारत के राष्ट्रपति ने उन्हें अधिसूचित नहीं किया है। अंग्रेजी सरकार ने 1913 में कुर्मी(कुड़मी) को आदिवासी घोषित किया था जिस आधार पर वे अनुसूचित जनजाति का दर्जा मांग रहे हैं पर इन्हें राष्ट्रपति द्वारा अधिसूचित कर अनुसूचित जनजाति नहीं बनाया गया है इसलिए उन्हें मान्यता नहीं है। श्री लाल ने बताया कि राज्य सरकार या टीएसी को यह अधिकार नहीं कि वे छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम में परिवर्तन कर सकें इसके लिए संविधान की नौवीं अनुसूची में संशोधन का अधिकार सिर्फ संसद को है।

---

खेल में गई जान

## ट्रैक्टर ट्रॉली से दबकर चालक समेत एक स्कूली छात्र की दर्दनाक मौत

### दो छात्र गंभीर, कई बच्चों ने कूद कर बचाई जान

नवीन मेल संवाददाता

**बांसजोर, सिमडेगा**

कोम्बाकेरा पंचायत के बोंगेरा घोड़ाखोरी में ट्रैक्टर दुर्घटना में चालक समेत एक स्कूली बच्चे की मौत की खबर से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। दुर्घटना में दो अन्य स्कूली बच्चे भी गंभीर रूप से घायल हैं। मरने वाले में एक 25 वर्षीय लखन मांझी एवं 11 वर्षीय स्कूली बच्चा रमेश डांग है। वहीं गांव के ही तिनतुस डांग पिता पोको डांग 10 वर्ष, अरूण प्रधान पिता बिन्तु प्रधान 3 वर्ष गंभीर रूप से घायल हैं। घटना शाम लगभग 5 बजे की बताई जा रही है।

घटना बोंगेरा घोड़ाखोरी में किसान लखन मांझी के खेत से खलिहान में धान को अनलोड करने के क्रम में घटी। खलिहान में धान उतार कर खलिहान के बगल में एक ढलान के पास ट्रैक्टर को स्टार्ट की हालत में ही खड़ा कर दिया गया था इसी दौरान स्टार्ट खड़ी गाड़ी में गांव के ही लगभग 9 बच्चे गाड़ी के ट्रॉली में खेल रहे थे अचानक खड़ी गाडी ढलान की ओर लुढ़कने लगी जिससे बच्चों में अफरातफरी मच गई। लखन गाड़ी को लुढ़कता देख बच्चों को बचाने के लिए गाड़ी के पीछे ट्रॉली की ओर से चढ़ने की कोशिश कर रहा था ट्रैक्टर का इंजन सामने एक गड्ढे को जम्प कर डाला पलट गया। जिससे लखन मांझी गाड़ी के ट्रॉली में दब गया और कई बच्चे बच्चे इधर-उधर गिर गए। कई बच्चों ने तो गाड़ी के लुढ़कते क्रम में ही कुद कर अपनी जान बचा ली। दुर्घटना में लखन मांझी समेत रमेश डांग, तिनतुस डांग, अरूण प्रधान बुरी तरह से घायल हो गए, जिसके बाद ग्रामीणों ने घायलावस्था में ही सभी को आनन-फानन में इलाज के ओडिशा के राउरकेला आरजीएच अस्पताल पहुंचाया जहां ईलाज के दौरान लखन मांझी और रमेश डांग की मौत हो गई। और तिनतुस डांग व अरुण प्रधान का इलाज चल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि लखन मांझी एवं रमेश डांग का अंतिम संस्कार किया गया। ग्रामीणों के अनुसार मृतक ट्रैक्टर का मालिक एवं चालक स्वयं था।लखन मांझी ने बच्चों को ट्रैक्टर में खेलने से बार बार मना भी किया था। सभी बच्चे उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय घोडाखोरी के छात्र हैं।

## गागर में सागर

### विद्युत चोरी करते आधा दर्जन पकड़ाये

**मोहम्मदगंज।** उच्च अधिकारियों के निर्देश पर गुरुवार को विद्युत अवर प्रमंडल जपला द्वारा बिजली चोरी के विरुद्ध विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। सहायक अभियंता रामप्रसाद महतो व कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान चार अलग-अलग गांवों के 6 उपभोक्ताओं को अवैध रूप से बिजली चोरी करते पकड़ा गया। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने सभी आरोपियों के विरुद्ध मोहम्मदगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उक्त दोषियों पर 1 लाख 43 हजार बकाया के साथ 70 हजार का जुमार्ना भी लगाया गया है। कनीय अभियंता श्री सिंह ने बताया कि आरोपियों में बिचलाडीह गांव के नरेश राम,किशुनडीह गांव के अरविंद कुमार,पटखौलिया गांव के विनोद चौधरी,रामाशीष राम व सबनवा गांव के मजहर अंसारी व दीपक पासवान शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक मीटर नहीं लगवाया है। वे जल्द से जल्द मीटर लगवा लें। थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने बताया की प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कारवाई की जा रही है। छापेमारी दल में जितेंद्र ठाकुर,ललितेश्वर मेहता, ऊर्जामित्र रविशंकर सिंह बिट्टू शामिल थे।

### डीआईओ ने की जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी की बैठक

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त के निर्देशन में जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह ने गुरुवार को जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी, यूआईडी, मोबाइल टावर कनेक्टिविटी आदि मामले को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में डीआईओ ने आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिशा -निर्देश जारी किए। उन्होंने सीएससी मैनेजर को जिले के सभी पंचायत भवनों में शत प्रतिशत प्रज्ञा केंद्र संचालन, यूआईडी के डीपीओ, यूआईडी को जिले में आधार का कवरेज शत-प्रतिशत करने पर बल दिया। उन्होंने सभी पंचायत सेवकों को जन्म,मृत्यु एवं मैरिज रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट बनवाने हेतु निर्देश दिया। उन्होंने डीडी फ्री डिश डिस्ट्रीब्यूशन, झारनेट, झारसेवा सहित अन्य बिंदुओं पर भी दिशा-निर्देश जारी किए। साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर रवाना किए गए जागरूकता रथ का ऑनलाइन मॉनिटरिंग करने पर भी बल दिया।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र के मुक्ता गांव निवासी सरफराज उम्र 25 वर्ष पिता उस्ताद अली की मृत्यु मनिका के पतकी जंगल के महादेव मोड़ के पास गुरुवार को सड़क दुर्घटना में हो गई। मृतक का शव पोस्टमार्टम के बाद मुक्ता गांव पहुंचा । शव पहुंचते ही गांव में कोहराम मच गया। मृतक को एक 2 वर्ष की पुत्री है। लातेहार में वह एक स्कूल में वोकेशनल टीचर के पद पर कार्यरत थे। मृतक के शव को मुक्ता कब्रिस्तान में मिट्टी दी गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। पूर्व में सरफराज सिटी न्यूज के अलावे सतबरवा में कंप्यूटर सेंटर का संचालन करते थे। जिप सदस्य सुधा कुमारी, प्रखंड प्रमुख रीमा देवी, उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव,मुखिया गिरवर प्रसाद राम, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा ने शोक व्यक्त किया है।

### नपं क्षेत्र में छठ घाटों की सफाई शुरू

**हरिहरगंज।** आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर हरिहरगंज नगर पंचायत के विभिन्न छठ घाटों की साफ-सफाई शुरू कर दी गई है। कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदीया के निर्देशानुसार गुरुवार को सामुदायिक संगठन कर्ता विचित्रा कुमारी व श्याम कुमार की देखरेख में थाना रोड बटाने नदी मुख्य छठ घाट व पुरनाडीह छठ घाट की सफाई की गयी। इस दौरान जेसीबी, ट्रैक्टर के माध्यम से घाट आने वाले रास्ते का समतलीकरण भी किया गया। उन्होंने बताया कि व्रतधारियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका पूरा ख्याल रखा जाएगा।

### हजारों श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे के साथ किया सहभाग

# जलयात्रा के साथ प्राण प्रतिष्ठा सह लक्ष्मी नारायण महायज्ञ शुरू

**वेद प्रतिष्ठित श्री विष्णुदेवाचार्य स्वामी जी महाराज के सानिध्य में यज्ञ का आयोजन हो रहा है**

**जलयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के जयघोष से गुंजायमान हुआ क्षेत्र**



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर क्षेत्र में पांच दिवसीय श्री सूर्य भगवान एवं माता पार्वती प्राण प्रतिष्ठा सह लक्ष्मीनारायण महायज्ञ गुरूवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हो गया। वेद प्रतिष्ठित श्री विष्णुदेवाचार्य स्वामी जी महाराज के सानिध्य में यज्ञ का आयोजन हो रहा है। जलयात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह, जिला परिषद सदस्य संगीता देवी, संतोष कुमार सिंह युवा समाजसेवी मुकेश मेहता, विवेकानंद सिंह की मौजूदगी में निकली कलश यात्रा को लेकर सुबह से ही शहर में उत्साह का माहौल रहा। श्रद्धालु केसरिया, पीला व भगवा वस्त्र धारण कर सुबह से ही यज्ञ स्थल पर पहुंचना शुरू हो गये। भीड़ को नियंत्रित करने में स्वयं सेवक लगे रहे। पूरा क्षेत्र जलयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के जयघोष से गुंजायमान हो गया। इस दौरान श्रद्धा, आस्था व भक्ति का उफान जोरों पर रहा। गाजे-बाजे के साथ हैदरनगर बड़ा शिवाला से मुख्य बाजार होते हुए कलश यात्रा देवी धाम पहुंची। देवरी स्थित सोन नदी से कलश में जल भरा गया। बनारस व मथुरा से आए संत व विद्वानों ने विधिवत पूजा करा कर कलश में जल भरवाए। मंडप पूजन, अरणी मंथन के साथ यज्ञ शुरू की गई। भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह ने कहा कि यज्ञ का धार्मिक एवं आध्यात्मिक के साथ-साथ वैज्ञानिक महत्व भी है। आयोजन में संरक्षक ललन सिंह, संयोजक उदय कुमार सिंह, अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, सचिव डा.अजय जायसवाल, उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह व पवन जायसवाल, उपसचिव धनन्जय सिंह व मुकेश मेहता,संजय कुमार सिंह, अजय सिंह, रविरंजन सिंह, दिलीप तिवारी, अशोक दुबे, राजू सोनी, गोलू चौरसिया, सरयू प्रसाद गुप्ता,कौशल किशोर, नरेंद्र प्रसाद जुटे रहे।

### विधायक ने निभाया अपना वादा

# छठ घाट पर डीप बोरिंग व मोटर की व्यवस्था

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** गत वर्ष छठ घाट पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान हैदारनगर के विजेता क्लब व जगराता क्लब के सदस्यों ने छठ घाट के समीप नाली व पानी की समस्या को देखते हुए डीप बोरिंग की मांग की थी। तब विधायक कमलेश कुमार सिंह ने दोनो कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराने का वादा किया था। इसके अनुपालन में अक्टूबर महीने में सात लाख रुपए की लागत से नाली का निर्माण करा कर विधायक ने एक वादा पूरा कर दिया था। जबकि छठ महापर्व के पूर्व ही 500 फीट डीप बोरिंग के अलावा मोटर आदि की व्यवस्था कर दोनों वादा पूरा करने का काम किया है। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि विधायक की खासियत है कि वे जो वादा करते हैं, उसे पूरा भी करते हैं। उन्होंने गत वर्ष जितने छठ घाटों पर घोषणा की थी, उसे पर्व के पहले ही पूरा कर दिया है। जिसमें हैदरनगर के मुख्य छठ घाट सहित विभिन्न



गांवों में दर्जनों छठ घाट का निर्माण कराया जाना है। हैदरनगर छठ घाट पर बोरिंग व मोटर की व्यवस्था के लिए विजेता व जगराता क्लब के सदस्यों ने विधायक का आभार जताया है।

## समाजसेवी ने प्रशिक्षु आईएएस सह बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** प्रखण्ड क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को लेकर छतरपुर विकास मंच के संस्थापक अध्यक्ष अरविन्द गुप्ता द्वारा छतरपुर बीडीओ को चार सूत्री ज्ञापन सौंपा गया। प्रेषित ज्ञापन में उन्होंने अवगत कराया है कि अति-नक्सल प्रभावित इलाके में गरीबी चरम पर है। प्रमुख मांगों के संबंध में उन्होंने बताया कि छतरपुर में वर्षों पूर्व स्थापित कॉलेज में पढ़ाई सुनिश्चित कराया जाये। डुमरी गांव के पास बनाये गए 6 साल पुराने डिग्री कालेज को शुरू कराया जाये। सड़मा गांव स्थित महत्वाकांक्षी सुखनदिया जलाशय परियोजना का मरम्मत कर प्रतिदिन लाखों लीटर पानी को बहने से रोका जाये तथा स्थानीय हाई स्कूल परिसर में बंद पड़े पिछड़े/एससी/एसटी छात्रों के हॉस्टल को शुरू कराया जाये। बीडीओ ने समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया है।

### बच्चों को मिलेगी गुणात्मक शिक्षा

**मोहम्मदगंज।** रविवारीय बाजार के काशीशोत नदी के तट पर स्थित रिवर वैली स्कूल का उदघाटन मोहम्मदगंज थाना के एसआई आशीष कुमार ने किया। प्राचार्य बसंत कुमार शर्मा ने बताया की नर्सरी से वर्ग सात तक के बच्चों को नवीनतम तकनीकी के माध्यम से गुणात्मक शिक्षा प्रदान किया जाएगा। छात्रों का मानसिक व शारीरिक विकास प्राथमिकता होगी। इस मौके पर पूर्व शिक्षक कामत प्रसाद, अनुज कुमार आदि मौजूद थे।

### डीसी के निर्देश पर समस्याओं की ली जानकारी

# बीडीओ ने सुठा के ग्रामीणों के साथ किया संवाद



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** बीडीओ दीपक कुमार मिश्रा ने गुरुवार को डीसी पलामू शशि रंजन के आदेश के आलोक में सुठा पंचायत में जन संवाद कर ग्रामीणों की समस्याओं की जानकारी ली। पंचायत सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विभिन्न विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा भी की। योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर उन्होंने अधूरे आंगनबाड़ी, स्कूल भवन, डोभा, 15वें वित्त आयोग की क्रियाशील अधूरे योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का मातहतों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य की धीमी प्रगति के लिए कर्मियों पर कार्रवाई के लिये डीसी को प्रतिवेदन दिया जा रहा है। बीडीओ ने पंचायत अंतर्गत जन समस्याओं के समाधान के लिए बेस लाइन सर्वे करा कर आवश्यक योजनाओ को स्वीकृति हेतु डीसी के पास भेजा जाएगा। इस मौके पर जीपीएस कामेश्वर महतो, जेई हरीश कुमार, पंचायत सेवक अमीन हसन, रोजगार सेवक सहित स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस दौरान ग्रामीणों ने बीडीओ को प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया।

# एमडीएम का चावल बेचने के आरोपी शिक्षक पर हो कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** पिपरा प्रखंड के तेंदुई पंचायत के ग्रामीणों ने एमडीएम के चावल बेचने के आरोपी शिक्षक के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है। विदित हो कि टंडवा उर्फ जगदीशपुर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक जयशंकर सिंह पर ग्रामीणों ने एमडीएम मद के चावल बेचने का आरोप लगाते हुए चावल बेचने का वीडिओ भी वायरल किया है। गुरूवार को विद्यालय पहुंचकर




ग्रामीणों ने इसे लेकर नाराजगी जताई। मौके पर प्रबंधन समिति की अध्यक्ष शोभा देवी ने बताया कि प्रधानाध्यापक द्वारा विद्यालय के किसी भी गतिविधि की जानकारी नही दी जाती है। मनमाने तरीके से विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। दूसरी तरफ प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया कि एमडीएम के चावल बेचने का आरोप बिल्कुल निराधार है। आवंटन के स्टॉक में एमडीएम का चावल उपलब्ध है। बीपीओ ओम प्रकाश ने बताया कि इस संबंध में किसी के द्वारा अभी तक लिखित आवेदन नही दिया गया है। इसकी जानकारी बीइओ को दे दी गयी है। लिखित आवेदन आने पर जांचोपरांत उचित कार्रवाई की जाएगी। मौके पर ग्रामीण प्रियंका देवी, ज्ञान्ती देवी, पूनम देवी, खुशबू देवी, संजू देवी संगीता कुमारी, रीता देवी आदि की मौजूद रहीं।

## जरही चौक के समीप से पिकअप वाहन चोरी

**पांकी।** प्रखंड के जरही चौक निवासी चंदन कुमार पिता भागवत प्रसाद के पिकअप वाहन को अज्ञात चोरों ने बुधवार की रात्रि चुना लिया। खोजबीन के बाद भी वाहन का कहीं अता-पता नहीं चलने के बाद मामले की जानकारी पांकी थाना पुलिस को दी। घटना के संबंध में भुक्तभोगी ने बताया कि प्रतिदिन की भांति वे अपने घर के बाहर रोड किनारे बुधवार की शाम भी पिकअप वाहन खड़ा किए थे। रात में मौका पाकर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। गांव स्थित सीसीटीवी कैमरे से पड़ताल करने पर पता चला कि रात्रि में लगभग 12:00 बजे उनकी गाड़ी बालूमाथ रोड की ओर गई है। सूचना पर पांकी थाना प्रभारी उपेंद्र नारायण सिंह दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा अन्तर्गत आमंत्रित ई– निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – RDD/SD/LOHARDAGA/E-16/2023-24 PR No. 309677 (Lohardaga) 23-24*D द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से संशोधित किया जाता है।

| क्र | विवरण | पूर्व प्रकाशित तिथि/समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 30.10.2023 | 17.11.2023 यथावत् |
| 2 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 16.11.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक | 02.12.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 4 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 17.11.2023 अपराह्न 02:00 बजे | 04.12.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे |

निविदा सूचना की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लोहरदगा।

PR 311444 (Lohardaga) 23-24 (D)



**JHARKHAND STATE RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY**
3rd Floor, F.F.P. Building, H.E.C. Dhurwa, Ranchi – 834 004

Letter No. JSRRDA-790/2023- 2161 Ranchi, Dated – 14.11.2023

**CORRIGENDUM to PR No.: 309836**
**e-Tender NIT No. 107 / 2023-24**

The NIT issued vide PR No. 309836 dated 25.10.2023 regarding e-tender for Strengthening and Maintenance for package number JH-M-GAR-14 / 2023-24 in District Garhwa, under MMGSY is amended and should be read as follows in the bidding document which is available in website www.jharkhandtenders.gov.in:-

| Sl. No. | In place of | Read as |
|---|---|---|
| 1. | Last date and time for Receipt of e-Tender - 14.11.2023 at 1700 hrs | Last date and time for Receipt of e-Tender - 22.11.2023 at 1700 hrs |
| 2. | Date and Time for opening of Bid - 16.11.2023 at 1530 hrs | Date and Time for opening of Bid - 23.11.2023 at 1700 hrs |

All other terms and conditions will remain same.

PR 311392 Rural Work Department (23-24)_D

Chief Engineer
JSRRDA, Ranchi


### राजद के प्रदेश महासचिव छठ व्रतियों को देंगे सामग्री

**मनातू।** छठ महापर्व के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव सह विधायक प्रत्याशी डॉ. अरुण प्रसाद यादव द्वारा पांकी, तरहसी, लेस्लीगंज, सतबरवा व मनातू प्रखंडों के सभी बूथों के जरुरतमंद छठ व्रतियों में पूजन सामग्री का वितरण किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों को आस्था के महान पर्व की शुभाकामनाएं दी हैं।

### सहायक शिक्षक के आकस्मिक निधन पर शोक

**हरिहरगंज।** पिपरा प्रखंड अंतर्गत बरदाग राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के सहायक शिक्षक गजना गांव निवासी संजय राम के आकस्मिक निधन से गांव में शोक व्याप्त है। मृतक शिक्षक की पत्नी सुग्गी देवी ने बताया कि पिछले साल का 11 माह के साथ ही इस साल का चार माह का मानदेय बकाया है। आर्थिक संकट के कारण वे हमेशा मानसिक तनाव में रहते थे। इनके निधन पर क्षेत्र के शिक्षकों व गणमान्य व्यक्तियों सहित जनप्रतिनिधियों ने गहरा दुःख जताया है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में पूर्व मुखिया सुनील भुइयां, रामप्रवेश भुइयां, जनेश्वर भुइयां, डॉ. अनिल कुमार, नरेश भुइयां, चंद्रशेखर भुइयां के अलावे झारखंड एकीकृत सहायक अध्यापक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सिद्धि सिंह, शिक्षक उदय राम, लालदेव राम, रणधीर सिंह, अरुण मिश्रा, विनोद, विनय आदि शामिल है।

### पवित्रता, शुद्धता सिखाता है छठ महापर्व : सोनू नामधारी

**मेदिनीनगर।** सेवा के क्षेत्र में सालों से कार्यरत इंडियन रोटी बैंक ने आस्था के महापर्व छठ पर वस्त्र व पूजन सामग्री का वितरण किया। संस्था के अनुसार प्रदेश संरक्षक सोनू नामधारी के आवासीय कार्यालय में गुरुवार से शुरू हुआ साड़ी, धोती, पूजन सामग्री, आम की लकड़ी का वितरण दान नहाय खाय तक जारी रहेगा। संरक्षक सोनू नामधारी ने कहा कि झारखंड, बिहार में आस्था के महापर्व को मनाने में हर धर्म, वर्ग के लोगों का जुड़ाव होता है। एकमात्र दर्शनीय देव भगवान सूर्य की उपासना वाला पर्व स्वच्छता एवं शुद्धता से जीवन जीने की शिक्षा देती है। उन्होंने कहा कि आईआरबी टीम छठ व्रतियों की हरसंभव मदद करने के लिए कृत संकल्पित है। इस दौरान पलामू के सेवादार सह इंडियन रोटी बैंक के राष्ट्रीय उप-प्रभारी दीपक तिवारी ने बताया कि 15 राज्यों में कार्यरत संगठन की 112 इकाईयां लगातार सेवाकार्य में जुटी हैं। सोना महल के प्रोपराइटर धनंजय सोनी ने भागीदारी निभाते हुए सभी छठ व्रतियों को शुभकामना दी। इस दौरान इंडियन रोटी बैंक के प्रदेश संयोजक साहेब नामधारी, उप संयोजक परवेज अख्तर, सतबीर कौर, दवेंदर कौर, अमरजीत कौर, रत्ना कौर, रामजी नामधारी, दिलीप गुप्ता, कमलेश दुबे, राकेश तिवारी मिकू, सुधीर सिंह, कृष्णा चंद्रवंशी, सतन पाल, अंशु शुक्ला, भुवनेश्वर बैठा मौजूद रहे।


**झारखंड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला**

**ई- निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- 09/2023-24/RWD/W/EE/GUMLA दिनांक:–16.11.2023

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आइडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि। | टेंण्डर कॉल सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ GUMLA/STPKG -08/2023-24 | कांसीर रोड से लुरूकोना तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (2.720km) | 1255.625 | बारह करोड़ पच्चपन लाख बासठ हजार पाँच सौ रू0 मात्र। | 09 माह | प्रथम |
| | | मोकरा से करमटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (4.000km) | | | | |
| | | कोन्ड्रा से तारालाया से (पार्ट–ए) तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य ।(2.450km) | | | | |
| | | सिलम लोधाम से कोठाटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (2.650km) | | | | |
| | | कोन्ड्र से तारालाया से (पार्ट–बी) तक सुदृढ़ीकरण कार्य। (2.450km) | | | | |
| | | कुलमुण्डा–बेहराटोली से पीबो तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (3.000km) | | | | |
| | | T01 से लसरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (4.100km) | | | | |
| | | एन0एच0–78 जैनाटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (2.600km) | | | | |
| 2 | RWD/ GUMLA/STPKG -09/2023-24 | सेमरा से खरवाडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (5.000km) | 1393.709 | तेरह करोड़ तिरानबे लाख सत्तर हजार नौ सौ रू0 मात्र। | 09 माह | प्रथम |
| | | तेतरटोली से योगीमठ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (5.500) | | | | |
| | | देवगांव से रेरवा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (4.800km) | | | | |
| | | खरवाडीह से गोइनधरा तक का सुदृढ़ीकरण कार्य(2.800km) | | | | |
| | | रोकेडेगा से भवराटोली (पार्ट–बी0) तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य ।(12.200km) | | | | |
| 3 | RWD/ GUMLA/STPKG -10/2023-24 | कांसीर रोड से लालमाटी तक का सुदृढ़ीकरण कार्य। (3.400km) | 1122.076 | ग्यारह करोड़ बाईस लाख सात हजार सात हजार छः सौ रू0 मात्र। | 09 माह | प्रथम |
| | | कांसीर रोड से उँचडीह तक का सुदृढ़ीकरण कार्य। (2.3km) | | | | |
| | | चैनपुर रोड से कसाईटोली (पारासीमा) तक का सुदृढ़ीकरण कार्य। (5.9km) | | | | |
| | | चैनपुर रोड से कसाईटोली (लुंगा) तक का सुदृढ़ीकरण कार्य। (5.8km) | | | | |
| | | नावाटोली से सारंगसोर तक का सुदृढ़ीकरण कार्य। (3.170km) | | | | |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 25.11.2023
3 ई– निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 05.12.2023 अपराहन 05:00 बजे तक।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 06.12.2023 अपराहन 03:30 बजे।
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभिंयता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला, विकास भवन, गुमला के बगल में, पिन– 835207
6 ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06524–465040 ।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है। ह0/–

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, गुमला

PR 311479 Rural Work Department (23-24)_D



**समाहरणालय, लातेहार**
**(भू–अर्जन शाखा)**
**समाहर्ता या समुचित सरकार**

**प्रारंभिक अधिसूचना**
**(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)**

संख्या– 570 /भू0 अ0 दिनांक–14.11.2023

चूंकि झारखण्ड सरकार /समाहर्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–हामी थाना–महुआडांड़ थाना संख्या–133 अंचल–महुआडांड़ जिला–लातेहार में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना–**हामी से ओरसा (कुसमी) छत्तीसगढ़ सीमा तक पथ (कुल लंबाई–13.466 कि0मी0) निर्माण** अपेक्षित है पथ निर्माण के दौरान ज्यादातर लोगों की जमीन का अंश भाग अधिग्रहित किया जायेगा। परियोजना हेतु भू–अर्जन किये जाने की सहमति दी जाती है। भू–अर्जन के कारण कुल शून्य परिवारों के विस्थापित होने की संभावना है। इस बाध्यकारी विस्थापन का कारण नीचे दिया गया है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्ता अथवा नियम 2 (1)(ख) के तहत् नियुक्ति पदाधिकारी को प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–हामी थाना–महुआडांड़ थाना संख्या–133 अंचल–महुआडांड़ जिला–लातेहार में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–**0.10** एकड़ मानक माप का भूखंड, प्रारंभिक अधिसूचना किया जाता है। जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है। (हाल सर्वे के अनुसार)

| क्र0 सं0 | ग्राम का नाम | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | भूमि का स्वामित्व | भूमि का प्रकार | कुल खतियानी क्षेत्र (रकबा) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | खतियानी रैयत का नाम | पूरा पता सहित वर्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंड सं0)उ0,द0,पू0,प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हामी | 40 | 949 | रैयती | टाड़ तीन | 0.21 | 0.080 | भईया कृष्ण गोपाल शरण साह, पिता छठु साह | भईया कृष्ण गोपाल शरण साह, पिता छठु साह | उ0–सड़क द0–949 पू0–सड़क प0–949 अंश |
| 2 | हामी | 40 | 951 | रैयती | टाड़ दो | 2.67 | 0.020 | भईया कृष्ण गोपाल शरण साह, पिता छठु साह | भईया कृष्ण गोपाल शरण साह, पिता छठु साह | उ0–951 द0–949 अंश पू0–सीवाना प0–951 अंश |
| कुल– | | | | | | | 0.10 | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013) की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है। भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लातेहार के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा।

झारखण्ड सरकार /समाहर्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिश्ट कार्यों के समुचित निश्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविश्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लातेहार और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्ता के पूर्व अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिश्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय / विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लातेहार के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/–
उपायुक्त, लातेहार

PR311382 (Land Reforms)23-24*D

## गागर में सागर

### एसपी ने छठ घाटों का लिया जायजा

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने गुरुवार को कोयल व अमानत नदी के विभिन्न छठ घाटों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पदाधिकारियों को सुरक्षात्मक एहतियातों से सम्बंधित कई आवश्यक निर्देश दिये। मौके पर एसडीपीओ सुरजीत कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी राजीव रंजन, राजेश यादव,टीओपी तीन के प्रभारी मंटुष्ट महतो, ट्रैफीक प्रभारी रामजीत सिंह,शहर थाना के एसआई समेश तिर्की मौजूद थे।

### आज से होगा आम की लकड़ी का वितरण

**मेदिनीनगर।** पूर्व मध्य रेलवे के टीटीई आगेनाईजेशन व ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस यूनियन के संयुक्त तत्वावधान में इस वर्ष भी शुक्रवार की सुबह साढ़े सात बजे से टीओपी-टू के सामने स्थित माता कमला देवी चिल्ड्रेन शेड के पास छठ व्रतियों के लिए सुखी हुई आम की लकडी वितरित की जाएगी। मुख्य टिकट निरीक्षक बीएम पांडेय ने बताया कि दोनों संगठनों की ओर से अपने सामाजिक दायित्वों के तहत छठ महापर्व पर आम की सूखी लकड़ी वितरण करने का निर्णय लिया गया है। श्री पांडेय ने शहर के छठ व्रतियों से निर्धारित समय व स्थान पर पहुंचकर कृतार्थ करने का अनुरोध किया है।

### सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर

**मेदिनीनगर।** सड़क दुर्घटना में बुधवार की देर शाम गढ़वा जिले के रंका थाना क्षेत्र अंतर्गत जासोबार निवासी बबलू भुइयां उम्र 26 वर्षीय गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि बबलू बाइक से मेदिनीनगर से अपने घर जा रहा था। तभी रास्ते में वह बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी बबलू की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर विचार गोष्ठी

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में विचार गोष्ठी आयोजित की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने व संचालन संजय कुमार ने किया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि पत्रकारिता का मुख्य कार्य समाज की गतिविधियों का आकलन कराना है। लोकतंत्र के मूल्यों की रक्षा व उसे बहाल करने में प्रेस की अहम भूमिका है। क्योंकि प्रेस को समाज का आईना कहा जाता है। पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ हैं। इसलिए कहा गया है कि कलम के सिपाही अगर सो गए तो वतन के रखवाले वतन बेच देंगे। समकालीन पत्रकारिता काफी अहम है। जिसपर लोग विश्वास करते हैं। इस अवसर पर कृष्णा राम,शिवनारायण साव,जयपाल मोची,उमेश पासवान,राजू राम, संजीत कुमार,संजय मिस्त्री,प्रवीण कुमार आदि ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। रामनरेश महतो ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### विद्यालय विकास को राजद नेता ने की मदद

**मेदिनीनगर।** वर्तमान दौर में शिक्षा का स्तर इतना महंगा हो गया है कि गरीब के बच्चों को अच्छा शिक्षा मिलना बहुत ही कठिन हो गया है। ऐसे में आर्थिक रूप से अक्षम बच्चों के पठन-पाठन में सभी को मदद करना चाहिए। राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष राहिल राज उर्फ प्रकाश राम ने छतरपुर के डाली में आयोजित मां सावित्री बाई फुले निःशुल्क शिक्षण संस्थान के पांचवें वर्षगाठ सह धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में यह बाते कहीं। उन्होंने विद्यालय विकास हेतु पांच हजार रूपये मदद भी प्रदान की। संस्थान के निदेशक रंजीत रंजन ने उनके पहल की सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार, पूर्व जिप प्रत्याशी राजन सिंह, पूर्व नगर पंचायत प्रत्याशी अरविंद प्रसाद गुप्ता,अरुण आवासीय विद्यालय के प्रिंसिपल सुनील सिंह,राजद के प्रदेश सचिव कैलाश यादव,राजद के छतरपुर अनुमंडलीय अध्यक्ष लवलेश यादव, बीस सूत्री उपाध्यक्ष चंदन सिन्हा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक यासीन अंसारी ने किया। इस दौरान बच्चों ने एक से बढ़कर एक देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति की।

### आप ने 11हजार छठ व्रतियों में किया साड़ी का वितरण

**मेदिनीनगर।** आम आदमी पार्टी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष राकेश तिवारी के नेतृत्व में 11 हजार छठ व्रतियों में साड़ी का वितरण किया गया। पार्टी के प्रवक्ता सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि पलामू की टीम ने अभूतपूर्व प्रतिबद्धता के साथ राकेश तिवारी के नेतृत्व में इस कार्य को करने की चुनौती स्वीकार करते हुए एक महीने पहले से तैयारियां आरंभ कर दी थी। प्रदेश उपाध्यक्ष सह पलामू प्रमंडल प्रभारी नरेंद्र चौबे के मार्गदर्शन में वितरण कार्यक्रम को सफलता पूर्वक अंजाम दिया गया। इस टीम में ज़िला संयोजक चंद्रबली चौबे, कार्यकारी अध्यक्ष राकेश तिवारी, ओम प्रकाश गुप्ता, मुन्ना कुमार, पिंटू पासवान, शशिकांत तिवारी, लव कुमार तिवारी,ओम प्रकाश दुबे,विकी पांडेय, सुधीर कुमार आदि शामिल थे। किसान प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद पाण्डेय ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्द्धन किया। कार्यकर्ताओं ने चियांकी, सुआ,कौड़िया, अवसाने, नरसिंहपुर पथरा, बैरिया, जोड़, जनकपुरी,बड़गड,परसवा आदि गांवों में जाकर साड़ी का वितरण किया।

एमएमसीएच में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

## नवजात शिशु सप्ताह शुरू किया जा रहा जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर मेडिकल कालेज व हास्पिटल में नवजाता शिशु सप्ताह शुरू हो गया है। इस दौरान धात्री महिलाओं को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। पलामू के सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार ने बताया कि 21 नवंबर तक चलने वाले सप्ताह के दौरान सहीया, नर्स, डॉक्टर, लेडी डॉक्टर इस बात की चर्चा करते हैं कि गर्भवती महिलाओं को किस प्रकार अपना ख्याल रखना है। ताकि जब वह बच्चे को जन्म दें तो उनका नवजात शिशु स्वस्थ हो। अच्छा हो और लंबी जिंदगी की हो। डा. कुमार ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान मिली सीख को दिनचर्या में उतारकर जच्चा-बच्चा दोनों को स्वस्थ रखा जा सकता है। गर्भवती महिलाओं को नियमित रूप से अपने स्वास्थ्य की जांच करवाते रहना चाहिए। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि किसी भी प्रकार की परेशानी पर तत्काल समीपवर्ती सरकारी अस्पताल में जाना चाहिए। झोला छाप चिकित्सक के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। उन्होंने बताया कि सामूहिक प्रयास से झारखंड में शिशु मृत्यु दर में खासी कमी आई है। अब शिशु मृत्यु दर घटकर 15 रह गई है। इसे शून्य के स्तर पर ले जाना हमारा उद्देश्य है।

### शराब पीने से नाबालिक की स्थिति गंभीर

**मेदिनीनगर।** शराब के सेवन से चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम तल्या बभंडी निवासी शंकर शर्मा के 15 वर्षीय पुत्र मठन कुमार की स्थिति गंभीर हो गई। परिजनों ने बताया कि अमित शर्मा नामक व्यक्ति ने किशोर को बहलाकर शराब पिलाई थी। उन्होंने बताया कि मठन बुधवार की सुबह अमित के साथ स्टील रेलिंग का काम करने के लिए गया हुआ था। इस बीच काम खत्म होने के बाद उसने उसे शराब पिला दी। जिससे वह अचेत हो गया। परिजनों द्वारा किशोर को उपचारार्थ मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। बताया जाता है कि घटना को लेकर किशोर व युवक के परिजनों के बीच वाद-विवाद हुआ है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

पुलिस अधीक्षक ने किया स्थलीय निरीक्षण

## महायज्ञ स्थल पर चाक-चौबंद होगा सुरक्षा प्रबंध: एसपी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के तत्वावधान में हाउसिंग कालोनी में 21 नवंबर से आयोजित श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्रीमद्भागवत कथा स्थल का पलामू की एसपी रिष्मा रमेशन ने गुरुवार को निरीक्षण किया। उन्होंने समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक विचार-विमर्श किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था से कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। कथा स्थल पर सुरक्षा प्रबंध चाक-चौबंद किये जा रहे हैं। तैयारियों की सराहना करते हुए उन्होंने महायज्ञ समिति के महासचिव शैलेश दुबे को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया।



एसपी ने बताया कि कलश यात्रा में शांति व सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर समुचित जवानों की तैनाती की जायेगी। पुलिस अधीक्षक के साथ सीडीपीओ सुरजीत कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी राजीव रंजन, राजेश यादव, टीओपी तीन के प्रभारी मंटुस महतो, ट्रैफिक इंस्पेक्टर रामजीत सिंह, शहर थाना के एसआई समेश तिर्की भी मौजूद रहे। मौके पर संरक्षक मनु प्रसाद तिवारी, संरक्षक कृष्णकांत चौबे, प्रवीण सिंह, आशीष भारद्वाज, नवीन तिवारी, कोषाध्यक्ष राकेश पाण्डेय, उपाध्यक्ष शैलेश तिवारी, रवि शर्मा, सुशील तिवारी, लल्लू पांडेय, संजय कुमार मिश्रा, मीडिया प्रभारी अवधेश शुक्ल उपस्थित थे।

राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर कृत्रिम मेधा के युग में मीडिया विषयक परिचर्चा

## आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की मदद से ला सकते हैं सकारात्मक बदलाव: उपायुक्त

### पलामू में एक एआई लैब की स्थापना करने की जरूरत महसूस की गई है : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कृत्रिम मेधा ( आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) से देश-दुनिया में तेजी से बदलाव आ रहे हैं। सामाजिक सरोकारों के मद्देनजर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को स्वीकार करना सकारात्मक होगा। गवर्नेंस पर भी इसका प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। उक्त बातें पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने कही। वे गुरुवार को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के मौके पर आयोजित कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के युग में मीडिया विषयक परिचर्चा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इतना सशक्त है कि आजकल हमलोगों के मन की भावनाओं को भी समझने लगा है। उन्होंने कहा कि पलामू में एक एआई लैब की स्थापना करने की जरूरत महसूस की गई है। उसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से शिक्षा एवं गवर्नेंस को समाहित करने का प्रयास होगा। इसमें 50 बच्चों को नई-नई चीजों की सीख दी जाएगी। उपायुक्त ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि किसी नई चीज को अपनाने में समय लगता है, लेकिन समय के साथ हम सभी तकनीक को बहुत तेजी से स्वीकार कर रहे हैं। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग पलामू प्रमंडल के उपनिदेशक आनंद ने सेमीनार सह परिचर्चा कार्यक्रम का संचालन करते हुए विषय प्रवेश कराया। उन्होंने कहा कि वर्तमान डिजिटल एवं तकनीकी युग में तथ्यपरक सूचनाओं के आदान-प्रदान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की महत्वपूर्ण भूमिका है। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए एपीआरओ विजय कुमार ठाकुर ने वर्तमान समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के व्यापक उपयोग पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में एपीआरओ अजीत तिवारी, एसएमपीओ भास्कर कुमार, प्रमोद कुमार उपस्थित थे।




## जिप सदस्य की पहल पर लगा नया ट्रांसफार्मर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नावाबजार प्रखंड के कुम्भी कला पंचायत स्थित बनखेता पिछले छह माह से खराब ट्रांसफार्मर जिप सदस्य की पहल पर बदला गया। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण अनुसूचित जनजाति के 40 से अधिक घरों की बिजली गायब थी। बिजली नहीं रहने के कारण ग्रामीण अंधेरे में जीवनयापन कर रहे थे। ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर जलने की शिकायत बिजली विभाग के साथ-साथ नावा बाजार जिला परिषद सदस्य रीना देवी को दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिप सदस्य व प्रतिनिधि राजबली महरा ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से बात कर उन्हें समस्या से अवगत कराया। जिस पर टोले में 25 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। प्रतिनिधि व पूर्व पंचायत समिति सदस्य बलराम सिंह ने फीता काटकर ट्रांसफार्मर का शुभारंभ किया। मौके पर मनोज सिंह, दामोदर सिंह, महेश्वर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, रामखेलावन सिंहू, कमलेश सिंह उपस्थित थे।

उपायुक्त ने दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

## आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम पर कार्यशाला

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को टाउन हॉल में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिले के उपायुक्त शशि रंजन,उप विकास आयुक्त रवि आनंद,जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप जला कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार के चार वर्ष पूरे होने पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य जिले के दूरस्थ क्षेत्रो में रह रहे लोगों तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के साथ-साथ उन्हें जागरूक करना है। कहा कि इस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में सभी जनप्रतिनिधियों का सहयोग अपेक्षित है। शिविर में अबुआ आवास योजना के आवेदन लिये जायेंगे। वहीं 12वीं पास गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड का आवेदन प्राप्त किया जायेगा। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से 12वीं पास छात्रों को आवेदन करने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। इसके अतिरिक्त बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना,15वें वित्त के अंतर्गत जनोपयोगी योजनाएं,भूमि का म्युटेशन,भूमि मापी,लगान रसीद, प्रमाण पत्रों से संबंधित कार्य, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, केसीसी, राशन व आधार कार्ड में संशोधन सहित अन्य कई योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित किया जायेगा।

### डीडीसी ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक पंचायतों में आयोजित होने वाले शिविरों में योग्य परिवारों से अबुआ आवास योजना के लिए आवेदन प्राप्त किये जायेंगे। पंचायत शिविर में योग्य लाभुक को आवेदन देने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए उप विकास आयुक्त रवि आनंद,जिप उपाध्यक्षआलोक कुमार सिंह,हुसैनाबाद व छतरपुर विधायक के प्रतिनिधि एवं डीएसओ समेत अन्य प्रतिनिधियों ने टाउन हॉल परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडा दिखाकर रवाना किया।




आस्था | जेल प्रशासन ने शुरू की तैयारी, आस्था का संगम बना कारा

## पलामू सेंट्रल जेल में बंद एक दर्जन कैदी करेंगे छठ पूजा

### जेल परिसर की विशेष सफाई की जा रही है

### व्रत के लिए अलग से पानी की व्यवस्था की गई है



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आस्था का महान पर्व छठ पूजा को लेकर पलामू जिले में सभी ओर भक्ति का माहौल बना हुआ है। इसी बीच पलामू सेंट्रल जेल में बंद एक दर्जन से अधिक कैदी भी छठ पूजा करने की तैयारी में जुट गए हैं। लोक आस्था के महापर्व छठ की तैयारी जिले में जोरों पर है। इसको लेकर लोगों में काफी उत्साह नजर आ रहा है। बाजार में खरीदारी करने के साथ ही घरों की साफ-सफाई भी युद्धस्तर पर की जा रही है। हर आम व खास का छठी मइया एवं भगवान भास्कर से आस्था गहरी जुड़ी है। ऐसे में पलामू सेंट्रल जेल में बंद एक दर्जन बंदी भी भगवान भास्कर को अर्घ्य देने की तैयारी कर रहे हैं। इसे देखते हुए जेल प्रशासन ने भी तैयारी शुरू कर दी है। सेंट्रल जेल में छठ के गीत गूंज रहे हैं। जेल परिसर की विशेष सफाई की जा रही है। व्रत के लिए अलग से पानी की व्यवस्था की गई है। जेल के अंदर बंद अन्य महिला बंदी व्रतियों का सहयोग कर रहे हैं। जेल अधीक्षक जितेंद्र कुमार ने बताया कि जेल प्रबंधन व्रत करने वाले बंदियों को सभी सुविधा उपलब्ध करवा रहा है। व्रत करने के लिए गुरुवार तक एक दर्जन आवेदन मिले हैं। नहाय खाय तक यह संख्या बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। जेल के अंदर व्रत को लेकर सामग्रियां उपलब्ध करवाई गयी हैं। व्रत करने वालों को नए कपड़े के साथ साथ पूजा की सामग्री उपलब्ध करवाई गयी हैं। शाम और सुबह के अर्घ्य के लिए जेल में विशेष तालाब का निर्माण कराया गया है। इसके साथ ही छठ का प्रसाद बनाने के लिए स्पेशल टीम बनाई गयी है। मिली जानकारी के अनुसार छठ व्रत करने वालों में सात महिला बंदी भी हैं। छठ करने वाले कई व्रती गंभीर मामलों के आरोपी हैं।

## गागर में सागर

### मुखिया ने कराई छठ घाटों की सफाई



**रमना।** छठ महापर्व को लेकर प्रखंड के सभी छठ घाटों की सफाई का काम जनप्रतिनिधियों एवं क्लाबों द्वारा पूरा कर लिया गया है। लगातार वर्षा नहीं होने के कारण नदियों एवं तालाबों में पानी नहीं है। व्रतियों को इससे कोई दिक्कत नहीं हो इसके लिए मोटर पंप से नहाने एवं अर्घ्य देने की व्यवस्था की गई है। सिलिदाग मुखिया अनीता देवी ने पंचायत के सभी छठ घाटों की सफाई अपने निजी खर्चे से की। मंगरा, विवाटीकर, सिलिदाग एवं विरकुंवर के छठ घाटों की सफाई जेसीबी से कराई और सभी छठ व्रतियों को छठ पूजा की बधाई दी।

### स्टूडेंट क्लब ने की छठ घाट की सफाई

**चिनिया।** प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को स्टूडेंट क्लब के सदस्यों ने बस स्टैंड के पीछे छठ घाट स्थित नहर की सफाई की शुरुआत की। इस दौरान जेसीबी और कुदाल से गंदगी की सफाई की गई। स्टूडेंट क्लब के सदस्यों ने बताया कि पर्व से दो दिन पहले ही नहर स्थित जलाशय की सफाई का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। वहीं छठ घाट पर विशेष रूप से लाइटिंग की भी व्यवस्था की गई है। वहीं छठ घाट पर विशेष रूप से भीड़ को नियंत्रित करने के लिए वालेंटियर की भी तैनाती की जाएगी। मौके पर स्टूडेंट क्लब के सुधीर प्रसाद, छोटू यादव, अक्षय कुमार, दीपक प्रसाद, भीम प्रसाद, रामाशंकर प्रसाद, राजेश प्रसाद, सुनील प्रसाद, बबलू प्रसाद आदि मौजूद थे।

### मुखिया ने श्राद्ध कर्म को किया सहयोग

**चिनिया।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बरवाडीह के चफला गांव में गुरुवार को गढ़वा जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह की धर्मपत्नी सह बरवाडीह पंचायत के मुखिया पमी देवी ने चफला गांव निवासी मृतक के परिजनों को श्राद्ध कर्म के लिए आर्थिक सहित सामग्री देकर सहयोग किया है। बताते चलें कि चफला गांव निवासी सीताराम भूइया की पुत्री की आकस्मिक निधन बीते दिनों हो गया था। इसकी सूचना मिलते ही मुखिया ने अपने कार्यकर्ताओं द्वारा मृतक के परिजनों को 50 केजी आटा, 50 किलो आलू, एक टिन रिफाइंड तेल सहित 5000 रुपये नकद देकर सहयोग किया गया है। मौके पर मौजूद मुखिया ने बताया कि हमें पंचायत के लोगों से जो अपार स्नेह और आशीर्वाद मिला है उस पर मैं खरा उतरने के लिए पूरी तरीके से कोशिश कर रही हूं। मौके पर झामुमो युवा अध्यक्ष मूना यादव, पंचायत के उप मुखिया मंदिप यादव, मुख्तार अंसारी, उमेश यादव, कमलेश भुइयां, वीरेंद्र यादव, उमाशंकर यादव, सजीवन सिंह, रामबचन भुइया, नितेश सिंह, कुलदीप यादव, रुपेश भूइयां, मनजीत चौधरी आदि मौजूद थे।

### गढ़वा का मुक्केबाज पवल हरियाणा के महेंद्रगढ़ में दिखाएगा दमखम

**गढ़वा।** 17 से 19 नवंबर तक महेंद्रगढ़, हरियाणा में आयोजित सीबीएसई राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता के लिए गढ़वा के मुक्केबाज पवल किशोर पासवान का चयन किया गया है। अंडर 17 में 38 से 42 किलोग्राम भार वर्ग में पवल अपना दमखम दिखाएगा। विदित हो कि 5 से 8 नवंबर तक जमशेदपुर में आयोजित सीबीएसई जोनल मुक्केबाजी प्रतियोगिता में पवल ने 38 से 42 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अपना स्थान सुनिश्चित किया था। पवल सीबीएसई राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले गढ़वा का पहला खिलाड़ी बना है। पवल को सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, गढ़वा जिला बॉक्सिंग संघ के संरक्षक मुमताज, अध्यक्ष शिवकुमार पांडे, हरिनंद पांडे, वरीय उपाध्यक्ष लव कुमार दुबे, सचिव रामप्रवेश तिवारी, कोषाध्यक्ष नितिन तिवारी, सह सचिव पुनीत जायसवाल, गढ़वा जिला ओलंपिक संघ अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, संरक्षक राकेश पाल, रेखा चौबे, अनिता दत्त, वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, गढ़वा जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहार, कल्याण पदाधिकारी निलेश मुर्मू, सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक नीतीश कुमार निशांत, विधायक प्रतिनिधि खेलकूद ओमप्रकाश गुप्ता, धीरज दुबे ओमप्रकाश तिवारी, अरविंद दुबे, प्रभात तिवारी, रमाशंकर सिंह, चंद्र बहादुर सिंह, किशोर कुणाल, राजेश चंद्रवंशी, संतोष कुमार, राजन कुमार आदि ने बधाई दी।

### छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के मद्देनजर वाहनों की हुई जांच

**चिनिया।** छत्तीसगढ़ में हो रहे विधानसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन के निर्देश के बाद चिनिया थाना क्षेत्र के चपकली गांव के भाटा डामर में पुलिस ने नाका लगाकर आने-जाने वाले सभी लोगों नजर रख रही है। इस दौरान सभी प्रकार के वाहनों की जांच की जा रही है। बताते चलें कि चपकली गांव के भाठादामर सड़क से छत्तीसगढ़ बॉर्डर नजदीक है और छत्तीसगढ़ से लोग कनहर नदी को पार कर इसी सड़क से आवागमन करते हैं। मौके पर थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार, अरक दयानंद यादव मौजूद थे।

## राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में मीडिया विषय पर सेमिनार का आयोजन

# मीडिया के क्षेत्र में भी बढ़ा है कृत्रिम मेधा का महत्व : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

समाहरणालय स्थित सभागार में गुरुवार को राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के युग में मीडिया विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, जिला जन संपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय आदि उपस्थित रहे।

उपायुक्त ने कहा कि वर्तमान दौर कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) का दौर है। हमें समय अनुसार अपने आप को परिवर्तित करने की आवश्यकता है। हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की सहायता से बहुत कम समय में किसी भी कार्य को कर सकते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से आज कोई भी अछूता नहीं है, छोटे बच्चे भी मोबाइल एवं कम्प्यूटर फ्रेंडली हो गए हैं, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल और भी अच्छे से कर रहे हैं। मीडिया के क्षेत्र में भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का महत्व बढ़ा है। इसकी सहायता से समाचार संकलन कर उसे आसानी से तैयार कर हम तक पहुंचाया जा रहा है। लेकिन हमें अपने दायित्वों का निर्वहन भी ईमानदारी पूर्वक करने की आवश्यकता है, हमें पूरी तरह से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर ही निर्भर नहीं होना चाहिए। अपनी दक्षता को बढ़ाने की आवश्यकता है एवं खुद को अपडेट रखने की आवश्यकता है। उन्होंने मीडिया के कार्य की सराहना करते हुए इसी प्रकार आगे भी पूरी निष्ठा से चौथे स्तंभ के रूप में समाज का दर्पण स्वरूप कार्य करने की कामना की, जिससे सर्वांगीण विकास एवं आमजनों की हर छोटी बड़ी समस्याओं को भी दूर किया जा सके।




उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक से हमें काफी फायदा हुआ है एवं इसके कुछ नुकसान भी है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तेजी से बड़े और जटिल डेटा को गणना और विश्लेषण कर सकता है, जिससे नए और प्रभावी समाधान निकल सकते हैं। कुछ कार्यों में आई मनुष्यों की तुलना में अधिक स्वतंत्रता से काम कर सकता है, जिससे मानव श्रम को आराम मिलता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के कुछ नुकसान भी हैं, कुछ क्षेत्रों में इसके आने से कुछ पेशेवर जीवन अस्थायी रूप से प्रभावित हुए हैं। अक डेटा का विश्लेषण करता है, जिससे गोपनीयता के सवाल उठ सकते हैं, खासकर यदि यह गलत हाथों में पहुंचे। यह सिर्फ उपलब्ध डेटा के आधार पर काम करता है, जिससे इसमें पूवार्नुमान और विचारात्मक अंशों की कमी हो सकती है। इस प्रकार हमें सिर्फ और सिर्फ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह ने कहा कि पत्रकार समाज का सर्वांगीण विकास में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। कई बार इनकी सहायता से लोगों की समस्याएं हम तक पहुंचती है एवं उन समस्याओं का हम निराकरण करते हैं।

प्रेस क्लब गढ़वा के अध्यक्ष विवेकानंद उपाध्याय ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का मीडिया क्षेत्र में आना एक अच्छी पहल है, जिससे कार्यों को करना अति सरल हो जाता है। यह एक प्रकार से कंप्यूटर कृत मानव की छवि प्रस्तुत करता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के तहत मीडिया एंकर में मानवीय बुद्धिमता की कला मानव जाति की तरह ही सोचने समझने एवं सुनने की क्षमता निहित की गई है। कुछ नकारात्मक प्रभाव भी पड़ने की आशंका जताई एवं कहा कि इससे मानवीय श्रमदान में कमी आएगी। सेमिनार में उपरोक्त के अतिरिक्त सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अमित कुमार केसरी, सुनील कुमार, सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार एवं जन सम्पर्क कार्यालयकर्मी उपस्थित थे।

# नहाय-खाय के साथ आज से शुरू होगा लोक आस्था का महापर्व छठ

## गढ़वा जिले में छठ घाटों की सफाई तेज हुई, बाजार सजे, खरीदारी में जुटे लोग

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ शुक्रवार से नहाय-खाय के साथ शुरू होगा। छठ की तैयारी अंतिम चरण में हैं। व्रतियों के साथ अन्य लोगों में महापर्व को लेकर उत्साह है। छठ घाटों की सफाई तेज हो गई है। बाजार सजने लगे हैं। जिला मुख्यालय गढ़वा में दानरो नदी तट, सरसतिया नदी तट समेत विभिन्न जलाशयों में छठ घाट को सुंदर ढंग से सजाया जा रहा है। गढ़वा में फ्रेंडस क्लब, स्टूडेंटस क्लब, यूनिवर्सल क्लब, मां देवी क्लब, टंडवा, सहिजना, सूर्या क्लब नगवां आदि स्थानों पर छठ व्रतियों को सुविधा उपलब्ध कराने में जुटे हैं। लोग छठपूजन सामग्री की खरीदारी करने लगे हैं। श्री बंशीधर नगर में छठ पूजा को लेकर सूर्य मंदिर छठ घाट सहित गोसांईबाग छठ घाट, राजा पहाड़ी छठ घाट, आशुतोष महादेव मंदिर पाल्हे कला छठ घाट, नर्वदेश्वर महादेव मंदिर जतपुरा छठ घाट, शिव मंदिर उसका कला छठ घाट, अधौरा छठ घाट, चितविश्राम छठ घाट, सुलसुलिया छठ घाट, विलासपुर छठ घाट, हलिवंता छठ घाट, पुरैनी छठ घाट, मर्चवार छठ घाट सहित सभी छठ घाटों की साफ सफाई कर सजाने संवारने का कार्य स्वयंसेवी संगठनों द्वारा किया जा रहा है। छठ महापर्व को लेकर पूरा वातावरण अभी से ही भक्तिमय हो गया है। विभिन्न दुकानों पर बज रहे छठ गीतों से पूरा माहौल भक्ति में हो गया है। छठ पूजा को लेकर छठ व्रतियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।



छठ पूजन सामग्री से सज गए दुकान सूयोर्पासना का महापर्व छठ पूजा को लेकर पूजन सामग्रियों की दुकानें बाजार में सज गई हैं। सूप, दउरा, पंखा, झाड़ू, गुड़ सहित विभिन्न सामग्रियों की आसमान छूती दाम के बावजूद छठ व्रती जमकर खरीदारी कर रहे हैं। बांस का सूप 110 रुपये से 175 रुपये तक, बांस का दउरा 200 रुपये से 300 रुपये तक, बांस का पथिया 150 रुपये से 200 रुपये तक, बांस का पंखा 30 से 35 रुपये तक, बांस का झाड़ू 35 रुपये से लेकर 50 रुपये तक, मिट्टी का ढकनी 20 रुपये से 40 रुपये तक प्रति पीस, मिट्टी का दीया एक रुपए प्रति पीस, पीतल का सूप 500 रुपये से लेकर 600 रुपये प्रति किलोग्राम तक, फूल का बद्धू, लोटा ,कटोरा, थाली 600 रुपये से लेकर 900 रुपये प्रति किलोग्राम तक बिक रहा है।

# ट्रक ड्राइवर से लूटपाट में दो गिरफ्तार, प्रेस लिखी बाइक, कट्टा भी बरामद



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

रंका पुलिस ने बुधवार की रात्रि ट्रक ड्राइवर से लूटपाट करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से एक कट्टा, दो गोली, लूट के पांच हजार तीन सौ रुपये, प्रेस लिखी हुई मोटरसाइकिल एवं मोबाइल फोन बरामद किया है। गिरफ्तार लोगों में रंका थाना क्षेत्र के हुरदाग गांव निवासी आदित्य राम का पुत्र विकास कुमार रवि और विजय राम का पुत्र सुमित कुमार उर्फ बिट्टू कुमार रवि शामिल है।

उक्त जानकारी गुरुवार को पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय के सभागार में प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि बुधवार की रात्रि 7:30 बजे दो अज्ञात अपराधियों द्वारा रंका थाना अंतर्गत हुरदाग गांव में ट्रक ड्राइवर से सात हजार पांच सौ रुपये की लूट की गई है। इसके बाद ट्रक के चालक बिहार के गया जिले के डुमरिया थाना क्षेत्र के जमुनियाटांड़ गांव निवासी अरविंद कुमार यादव के द्वारा रंका थाने में आवेदन दिया गया। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर घटना का उद्भेदन के लिए पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए लूटकांड में शामिल दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि दोनों अपराधियों ने अपना अपराध स्वीकार किया है। उन्होंने बताया कि दोनों गिरफ्तार लोगों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि छापामारी दल में रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा, पुलिस अबर निरीक्षक पिंकू कुमार, कृष्ण रजवार, हवलदार डोमन मोची, आरक्षी शोभनाथ सिंह एवं हरे कृष्ण कुमार शामिल रहे।

# भंडारिया में कई दिनों से लापता व्यक्ति का शव तालाब से बरामद



**नवीन मेल संवाददाता। भंडरिया**

गढ़वा-भंडरिया थाना क्षेत्र के मरदा गांव स्थित बखार दोहर तालाब में डुबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मरदा गांव निवासी साधु चरण भुइयां (48) बीते मंगलवार से अपने घर से लापता था। गुरुवार को मृतक के घर से 1 किलोमीटर दूर स्थित बखार दोहर तालाब में उतराता हुआ देखा गया। इसकी सूचना भंडरिया थाने को दिया गया। भंडरिया पुलिस व पंचायत के मुखिया विनय सिंह, विधायक प्रतिनिधि बिरजू सिंह, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि बीरबल भुईयां की मौजूदगी में शव को पानी से निकलने के बाद उसकी पहचान साधु भुईयां के रूप में की गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेजा।

# छठ घाट, मेला परिसर में सीसीटीवी से होगी निगरानी

## नारायण वन छठ घाट पर शांति समिति की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड के मुकुंदपुर गांव स्थित सुप्रसिद्ध नारायण वन के सूर्य मंदिर प्रांगण में गुरुवार को छठ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक प्रमुख चंद्रावती देवी की अध्यक्षता में की गयी। वन क्षेत्र पदाधिकारी (रेंजर) प्रमोद कुमार ने कहा कि नारायण वन का क्षेत्र वन परिसर में आता है, ऐसी स्थिति में इस मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने तथा मंदिर का विकास के लिए उसद्वारा प्रयास किया जायेगा।



उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर में जल्द ही पेयजल, स्नान आदि की समस्या दूर होगी। मंदिर परिसर में पौधरोपण और सुंदरीकरण का कार्य किया जायेगा। वहीं थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो ने कहा कि मेला परिसर में शांति व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस व महिला पुलिस मुस्तैद रहेंगी। उन्होंने कहा कि छठ घाट और मेला परिसर की सीसीटीवी कैमरे से भी निगरानी की जायेगी। उन्होंने कहा कि चेन स्नैचिंग करने वाले गिरोह और असमाजिक तत्वों पर पुलिस और वोलेंटियर नजर रखेगी। उन्होंने मंदिर कमेटी को छठ घाट पर लाइटिंग व्यवस्था दुरुस्त करने, महिला और पुरुष छठ व्रतियों के स्नान के लिए अलग-अलग झरना लगाने और चेंजिंग रूम बनवाने, वोलेंटियर नियुक्त करने का निर्देश दिया। प्रमुख चंद्रावती देवी ने कहा कि पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए पंचायत समिति मद से जलमीनार लगाया जायेगा, एवं मंदिर कमेटी द्वारा तालाब निर्माण और चेकडैम निर्माण सहित अन्य बिंदुओं को लेकर जिला में आवाज उठाऊंगी। इस मौके पर निगरानी समिति के रामेश्वर प्रसाद सिंह, बबलू सिंह, पंकज सिंह, मंदिर अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, सचिव रविकांत चंद्रवंशी, प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद, उदय प्रसाद, बीडीसी प्रतिनिधि इम्तियाज आलम, नगीना वियार, गोपाल वियार, रिशू सिंह, दिल किशोर प्रसाद, जयराम पासवान, शिवभरोष सिंह, उमेश प्रसाद, बब्लू सिंह, शिव वरण साह, अशोक पासवान आदि मौजूद थे।

**जिला परिषद अध्यक्ष ने नारायण वन छठ घाट का निरीक्षण किया**

: नारायण वन छठ घाट का गुरुवार की शाम जिला परिषद अध्यक्षा शांति देवी और झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने निरीक्षण किया। उन्होंने विधि-व्यवस्था की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथलेश ठाकुर से मिलकर मंदिर का सुंदरीकरण एवं अन्य सुविधाओं से सुशोभित कराऊंगी। वहीं झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने कहा कि मैं प्रत्येक वर्ष छठ व्रत के अवसर पर भगवान भास्कर का आशीर्वाद लेने आता हूं। नारायण वन की ख्याति झारखंड सहित कई प्रदेशों में है। इसको विकसित करने के लिए अपने स्तर से भी प्रयास करूंगा। मौके पर मंदिर कमेटी अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, ललू राम, मनोज यादव, बिसमभर राम, नगीना वियार, दिनेश गुप्ता आदि मौजूद थे।

**पहल** | प्रमुख उर्मिला देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति की हुई बैठक

# पलायन रोकने के लिए जरूरी कदम उठाने का निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम तीन पंचायतों के मुखिया का पंचायत समिति सदस्य के रूप में चयन लॉटरी से किया गया। इसमें ग्राम पंचायत चितविश्राम की मुखिया सनिधा सोनी, ग्राम पंचायत नरही के मुखिया मनोज कुमार ठाकुर एवं ग्राम पंचायत हलीवंता कला की मुखिया सविता देवी का चयन किया गया। इसके बाद बैठक में विभागवार समीक्षा की गई।



मनरेगा योजनाओं की जांच शीघ्र टीम का गठन कर कराने का निर्देश दिया गया। भोजपुर पंचायत से मजदूरों का लगातार हो रहे पलायन को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्णय लिया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित किये जाने वाले सभी कैंप में जनप्रतिनिधि की अनिवार्य भूमिका सुनिश्चित की जाने, यक्ष्मा के मरीजों को जनप्रतिनिधि द्वारा गोद लिया जाने और उनको फूड बास्केट उपलब्ध करवाया जाने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा दिया गया। आयुष्मान कार्ड के लक्ष्य को अति शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया। शिक्षा विभाग द्वारा बताया गया कि सभी शिक्षकों का वेतन बायोमेट्रिक के आधार पर ही दिया जाता है, अगर शिक्षक स्थानीय गांव से ही हैं तो अनिवार्य रूप से उन्हें दूसरे गांव के विद्यालय में स्थानांतरित करने की कार्रवाई की जायेगी। बीडीओ ने सभी विद्यालयों में अनिवार्य रूप से पेयजल एवं शौचालय दुरुस्त करने का निर्देश दिया। जनप्रतिनिधियों ने मिड डे मील योजना एवं आंगनबाड़ी केंद्र में दिये जाने वाले पोषाहार की नियमित रूप से जांच करने, महिला पर्यवेक्षिका द्वारा सभी छूटे हुए बालिकाओं का अनिवार्य रूप से आवेदन सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान जमा करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री अबुआ आवास योजना के लिए सभी जनप्रतिनिधि छूटे हुये योग्य लाभुकों का आवेदन सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जमा करवाएंगे। बैठक में बीडीओ विकास कुमार, उप प्रमुख गणेश प्रताप, विधायक प्रतिनिधि लालमोहन यादव, पंचायत समिति सदस्य मृदुल द्विवेदी, लालो खातून, चिंतामणि देवी, तेजवंती देवी, पुष्पा देवी, कृष्णा राम, रविंद्र राम, सैयद अंसारी, मुखिया फिरदौस अंसारी, सुनीता देवी, विवेक, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय, चिकित्सा पदाधिकारी, बैंकों के शाखा प्रबंधक, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राजदीप, समन्वयक स्नेहा सिंह आदि उपस्थित रहे।

# 8-10 एमएम सरिया से पुल की ढलाई



ग्रामीणों ने कार्य स्थल पर पहुंच कर जमकर हंगामा



**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

मेराल से डंडाई पनघटवा डैम होते अंबाखोरेया गांव तक 142 करोड़ रुपये की लागत से किए जा रहे कालीकरण सड़क निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती जा रही है। ग्रामीणों ने गुरुवार को कार्य स्थल पर पहुंच कर जमकर हंगामा करना शुरू कर दिया। संवेदक के खिलाफ नारेबाजी की।

वकील अंसारी, ब्रह्मदेव पासवान, सीताराम पासवान, फरीद अंसारी, फिरोज अंसारी, सरवन राम, आभास अंसारी, रोज मोहम्मद अंसारी इत्यादि ने बताया कि पूर्व से बने पुल में सिर्फ 16, 12 और 10 एमएम का सरिया देकर उसकी ढलाई की जा रही है, जबकि सड़क निर्माण कार्य के संवेदक द्वारा उसके बगल में बनाए जा रहे नए पुल को सिर्फ 8 और 10 एमएम के सहारे ढाला जा रहा है। पुल इतना कमजोर हो गया है कि वह कभी भी गिर सकता है। इसी तरह कई जगहों पर सड़क के किनारे बनाए गए गार्डवाल को काफी दूर-दूर पर सरिया लगाकर ढाला गया है। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य में जितना भी स्ट्रक्चर का काम किया गया है उसमें मानकों की अनदेखी की गई है। सड़क निर्माण कार्य के सभी तरह के स्ट्रक्चरों में न तो सरिया लगाया गया है और न ही उसमें सीमेंट बालू और छरी का ही उपयोग किया गया है। पानी का पटवन भी नहीं के बराबर हुआ है।

## गागर में सागर

### बीडीओ ने की बैठक, दिए जरूरी निर्देश



**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को बीडीओ हरिनाथ महतो ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम व अबुआ आवास को लेकर सभी विभागीय कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक में उपस्थित सभी संबंधित कर्मियों को कई अवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बीडीओ ने बताया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 25 नवम्बर से गिद्धौर प्रखंड में शुरूवात होगी। कार्यक्रम में विभाग का स्टॉल लगाकर प्राप्त आवेदन को ऑन द स्पोर्ट निष्पादन सभी करेंगे। साथ ही अबुआ आवास के आवेदन में लाभुक को आधार, बैंक खाता, जॉबकार्ड व जमीन रसीद व महिला मुखिया के नाम से ही आवेदन लेने का निर्देश दिया। बैठक में जिप सदस्य, प्रमुख, उपप्रमुख, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि, बीपीओ रामकुमार सिंह, आवास कोडिनेटर फरहत नाजनी, पंचायत सचिव उज्वल सिंह, मुखिया सरिता देवी, जगदीश यादव, निर्मला देवी, रोजगार सेवक सतेंद्र कुमार वर्मा, पार्वती देवी, शालनी भारती, निर्मल दांगी, प्रदीप कुमार के अलावे बैंक व स्वास्थ्य आदि विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

### विद्यालय में लगे सोलर प्लेट की चोरी

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के पिण्डारकोंण गांव अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पुरनाडीह में लगे सोलर प्लेट की चोरी अज्ञात चोरों ने कर ली है। सोलर प्लेट की चोरी होने से विद्यालय में जलापूर्ति ठप होने के साथ मध्याह्न भोजन के लिए पानी की किल्लत हो गई है। इस मामले में प्रधानाध्यापक ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध थाना में आवेदन दिया है। आवेदन में कहा गया कि 2 दिन पूर्व तक विद्यालय में सोलर प्लेट लगा हुआ था। गुरुवार को विद्यालय पहुंचे तो देखा कि सोलर प्लेट गायब है। इधर थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने बताया कि आवेदन के आलोक में मामले की जांच कर अज्ञात चोरों के विरुद्ध करवाई की जा रही है।

### 47 मोतियाबिंद मरीजों का ऑपरेशन

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के समीप सिटी हॉस्पिटल लातेहार में ग्रीन यूथ फाउंडेशन एवं जिला अंधापन नियंत्रण समिति लातेहार द्वारा निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन सह लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 68 लोगों की मोतियाबिंद जांच, 47 मोतियाबिंद मरीजों का ऑपरेशन डॉ धीरज प्रसाद द्वारा किया गया। इस दौरान सिटी हॉस्पिटल के संचालक जुबेर आलम ने कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता है कि जो लोग मोतियाबिंद से ग्रसित हैं उनके जीवन का अंधकार दूर हो।

### आवेदनों का सत्यापन व निष्पादन

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को प्रभारी बीडीओ हरिनाथ महतो ने गिद्धौर पंचायत के डेढ़ दर्जन वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, विधवा पेंशन के आवदनों का सत्यापन कर निष्पादन किया। इस दौरान बीडीओ ने लाभुकों का आधार नंबर, पहचान पत्र, बैंक खाते व उम्र का सत्यापन कर निष्पादन किया। मौके पर पंचायत सचिव सहित अन्य उपस्थित थे।

### चार धाम की यात्रा कर लौटे श्रद्धालुओं का गाजे-बाजे के साथ हुआ स्वागत



**इटखोरी(चतरा)।** जिले के इटखोरी प्रखंड के विभिन्न गांव मोहल्ले से गुरुवार को 80 की संख्या में श्रद्धालु चार धाम की यात्रा कर सकुशल घर लौट गए। तीर्थ यात्रा से लौटे सभी श्रद्धालुओं का गाजे-बाजे के साथ ग्रामीणों ने स्वागत किया। जत्थे में शामिल लोरम गांव के श्रद्धालु सालेंद्र सिंह व उनकी धर्मपत्नी मीना देवी ने बताया की ऋषिकेश, मथुरा, वृंदावन, काशी, प्रयागराज, मंगला गौरी, अष्टभुजी दर्शन, इलाहाबाद प्रयागराज, चित्रकूट, छैवत दर्शन, सती अनसूया, गोदावरी, हनुमान धारा, जय मां तारा, मां वैष्णो देवी, संगम स्नान, बनारस के बाद तीन धर्मों के संगम स्थली माता भद्रकाली मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना कर 18 दिनों के बाद घर वापस लौटे। मौके पर पत्रकार सिन्धु सिंह, विधायक प्रतिनिधि निरंजन कुमार सिंह, गोपाल सिंह, अजीत कुमार सिंह, अभिषेक कुमार सिंह, साकेत कुमार सिंह, सोनल कुमार सिंह, मुंशी भुइया, सतीश सिंह, नारायन राणा, कुंदन कुमार सिंह, सौरव सिंह, बुटू राणा समेत महिला-पुरुष शामिल थे।

### छठ घाटों की सफाई का कार्य हुआ तेज, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने दौरा कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

# नहाय-खाय के साथ सूर्योपासना का महापर्व आज से



**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
नहाय खाय के साथ शुक्रवार से सूर्य उपासना के महापर्व छठ व्रत की शुरुआत हो रही है। दुर्गा बाड़ी महुआडांड़ के पंडित सर्वेश पाठक ने बताया कि सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ महापर्व का समापन होगा। शुक्रवार को नहाय खाय, शनिवार को खरना, रविवार को सूर्यदेव को पहला अर्घ्य दिया जाएगा। सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। वहीं महुआडांड़ हिंदू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल के नेतृत्व में रामपुर नदी छठ घाट की सफाई जेसीबी मशीन से कराई गई। जायसवाल ने बताया कि इस बार पार्किंग की भी व्यवस्था की जाएगी। मौके पर महासभा के उपाध्यक्ष शंभु प्रसाद, महामंत्री भानु प्रसाद, बजरंग दल के पलामू प्रमंडल के विभाग संयोजक सूरज साहू, संदीप कुमार, अजय प्रसाद, आनंद नाथ शाह, प्रशांत सिंह, राकेश कुमार, संदीप प्रसाद, उज्वल धनुष, रामप्रवेश गुप्ता, राजेश ठाकुर, उज्जवल साहू, पंकज दास बाबू, विकास कुमार, सूरज गुप्ता, सत्यम कुमार आदि मौजूद थे।

### बीडीओ ने किया निरीक्षण

**बरवाडीह।** आस्था के महापर्व छठ में विधि व्यवस्था और साफ सफाई को लेकर उपायुक्त के निर्देश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय लगातार प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों का जायजा ले रहे हैं। गुरुवार को प्रखंड विकास पदाअधिकारी राकेश सहाय, जिप सदस्य संतोषी शेखर के साथ आदर्श नगर छठ घाट की विधि व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने घाटों की विधि व्यवस्था को देख छठ पूजा समिति के अध्यक्ष पंकज कुमार गुप्ता को कई दिशा निर्देश भी दिए। वहीं छठ घाटों की सफाई व नदियों के अतिक्रमण को लेकर चिंता जाहिर की। संबंधित हल्का कर्मचारी और अंचल निरीक्षक को नदियों को अतिक्रमण मुक्त करने की प्रक्रिया शुरू का निर्देश दिया। बीडीओ ने प्रखंड के अन्य छठ घाटों का निरीक्षण कर समितियों को घाटों में साफ सफाई के साथ-साथ रोशनी और नदियों, तालाबों में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध में किसी भी तरह की कोई कोताही न बरतने का निर्देश दिया। मौके पर छठ पूजा समिति के हेमंत कश्यप, दीपक कुमार चौधरी, गोपी सिंह, पवन जायसवाल, सुधीर महाजन हिमांशु गुप्ता, नागेंद्र प्रसाद, अरुण कुमार आदि मौजूद थे।

### थाना प्रभारी ने लिया जायजा

**मनिका।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का गुरुवार को थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह ने जायजा लिया। दोमुहान नदी स्थित छठ घाट पर समिति के सदस्यों को हरसंभव सहायता प्रदान करने की बात कही। वहीं थाना प्रभारी ने छठ घाट की सफाई में अपना योगदान भी दिया। छठ पूजा में बाड़ी आहर, बुढ़वाशाले सहित दोमुहान नदी के छठ घाटों में प्रतिवर्ष छठव्रतियों की भीड़ उमड़ती रहती है। मौके पर विकास कुमार गुप्ता, मनोज यादव, प्रेमनाथ कुमार, डिगलू राय आदि उपस्थित थे।

### श्रम मंत्री, उपायुक्त व एसपी ने छठ घाटों का किया निरीक्षण, संबंधित पदाधिकारी को दिए कई निर्देश



**चतरा।** राज्य के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, उपायुक्त अबु इमरान व पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने छठ त्योहार को लेकर जिले में स्थित विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निरीक्षण के क्रम में उपस्थित संबधित पदाधिकारी को साफ-सफाई एवं किसी प्रकार की अप्रिय घटना ना हो इसके लिए घाटों पर प्रशिक्षित तैराकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### महादेव मठ छठ घाट की सफाई की गई

**कुंदा(चतरा)।** नेम-निष्ठा लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर गुरुवार को कुंदा प्रखंड के महादेव मठ छठ घाट की साफ-सफाई की गई। मुखिया सह महादेव मठ पूजा समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार साहु के नेतृत्व में आसपास के ग्रामीणों ने छठ घाट के अलावे मंदिर परिसर की सफाई की। छठ व्रतियों को छठ घाट पहुंचने में परेशानी ना हो इसे लेकर सड़क के किनारे लगे झाड़ी को हटाने के साथ ही सड़क का समतलीकरण किया गया। इस दौरान मुखिया ने कहा कि इस बार कम वर्षा होने के कारण छठ घाट परिसर में पानी की समस्या है तत्काल नल जल के माध्यम से पेयजलापूर्ति की व्यवस्था की गई है। मुखिया ने आगे कहा कि छठ व्रतियों को पूजा के दौरान किसी भी तरह की परेशानी न हो इसे लेकर हर सुविधा का ख्याल रखते हुए लाइट, टेंट व साउंड की व्यवस्था भी करायी गयी है। घाट की सफाई में रविशंकर वर्मा, सुनील गुप्ता, छोटू कुमार, बंटी कुमार, गुड्डु कुमार, सुधीर कुमार, कुंदन कुमार, प्रिंस कुमार, रघुनाथ सिंह आदि ने अहम भूमिका निभाई।

## जनसुनवाई में 18 विद्यालयों के मामलों का किया गया निष्पादन




**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**
प्रखंड मुख्यालय स्थित संसाधन केंद्र में गुरुवार को प्रखंडस्तरीय सामाजिक अंकेक्षण एवं जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया किया गया। इसमें ज्यूरी के रूप में प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, बीडीओ प्रतिमा कुमारी, राजू रामवृक्ष लोहरा उपस्थित थे। वहीं प्रखंड सोशल ऑडिट यूनिट के तीन सदसीय टीम अनिल पासवान, केदार कुमार सिंह व महेंद्र कुमार गंझू की उपस्थिति में प्रखंड के 18 विद्यालयों से आये मामलों का निष्पादन किया गया। पूर्व में सामाजिक अंकेक्षण की टीम ने विद्यालय का निरीक्षण कर समग्र शिक्षा अभियान व मध्याह्न भोजन कार्यक्रम संचालन का निरीक्षण किया था। इसको लेकर जनसुनवाई में संबंधित समस्याओं पर समाधान कर रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इसमें अधिकांश मामलों का निष्पादन किया गया। वहीं कुछ मामलों को जिलास्तरीय जनसुनवाई के लिए भेज दिया गया। ज्ञात हो कि कोरोनाकाल में छात्रों के बीच वितरण किए जाने वाले चावल क्षतिपूर्ति भत्ता को लेकर कई विद्यालय से रिपोर्ट सौपी गई। मौके पर बीईईओ नागेंद्र प्रसाद सिंह, बीपीओ नरेश कुमार रवि, सीआरपी संजीव कुमार, ईश्वरी कुमार, प्रकाश यादव, केदार सिंह, अनिल प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक व्यक्ति की हुई मौत

**मनिका।** थाना क्षेत्र के देवबर मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया, जिसे समाजसेवी अख्तर अंसारी के प्रयास से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका लाया गया। प्रभारी डॉक्टर दिव्य क्षितिज कुजुर ने घायल व्यक्ति को जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया। मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह, मनिका थाना एएसआई मिश्रा मांझी समेत पुलिस बल के जवान स्वास्थ्य केंद्र मनिका पहुंचे। शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया। मृत व्यक्ति का नाम सरफराज अंसारी घर सतबरवा मुक्त बताया जा रहा है। मृत व्यक्ति लातेहार के नवागढ़ के 10 + 2 विद्यालय का शिक्षक था। वह अपनी बाइक से विद्यालय जा रहा था। इसी दौरान वह दुर्घटना का शिकार हो गया।

## विधायक व झामुमो जिलाध्यक्ष ने दिवंगत सदीक के परिजनों को दिया मदद का भरोसा

### बैधनाथ राम ने कहा-घटना दुर्भाग्यपूर्ण, परिजनों को मिलेगा न्याय



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
लातेहार विधायक बैधनाथ राम व झामुमो जिला अध्यक्ष मोती लाल नाथ शाहदेव बुधवार देर शाम चंदवा थाना के चौकीदार रहे दिवंगत सदीक अंसारी के तिलैयाटांड़ स्थित घर पहुंचे और शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर घटना के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की। राम ने कहा कि घटना की जितनी निंदा की जाय कम है।

उन्होंने सरकारी प्रावधान के तहत पीड़ित परिवार को मदद दिलाने की बात कही। वहीं झामुमो जिला अध्यक्ष मोती लाल नाथ शाहदेव ने कहा कि घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। सदीक अंसारी एक मृदु भाषी व्यक्ति थे। वे लोगों की हमेशा मदद किया करते थे। उनके निधन से समाज को अपूर्णीय क्षति पहुंची है। हम लगातार पुलिस प्रशासन के संपर्क में है। जल्द ही अपराधी सलाखों के पीछे होंगे। मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, बीडीओ विजय कुमार, अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू, बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, चंदवा पूर्वी मुखिया सह झामुमो युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रंजीत उरांव, मो अब्दाल, झामुमो नेता शितमोहन मुंडा, समाजसेवी राजकुमार साहू, अंकित पांडेय, मो सरफराज, नौशाद अंसारी, बेलाल अहमद, अजमतुल्लाह अंसारी, मनोज कुमार आदि मौजूद थे।

## विकास मेले में परिसंपत्ति का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती व झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में विकास मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ विधायक वैद्यनाथ राम, उपायुक्त हिमांशु मोहन, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी आदि ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने जिले में किये जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने कहा कि इस मौके पर हम जिले के विकास में अपना योगदान देने का संकल्प लें।

उप विकास आयुक्त ने कहा सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ लाभुकों तक पहुंचाने लिए जिला प्रशासन पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया। इस दौरान 278 करोड़ रुपये की कुल 31 योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया गया। मौके पर निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार मो. परवेज, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, विधायक मनिका के प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव, राजद के जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, बीस सूत्री सदस्य आफताब आलम एवं अन्य उपस्थित थे।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर हुई बैठक में दिये गये आवश्यक निर्देश

**लातेहार।** लातेहार प्रखंड में वरीय पदाधिकारी सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी रेश्मि टोप्पो की अध्यक्षता में मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर बैठक हुई। बैठक में प्रखंड के बीएलओ और सुपरवाइजर भी उपस्थित थे।

बैठक में ब्लैक एंड व्हाइट और निम्न गुणवत्ता वाली तस्वीरों को बदलने, मृत मतदाताओं के विलोपन करने, मृत मतदाताओं का मृत्यु प्रमाणपत्र निर्गत करने और मृत मतदाताओं की मृत्यु पंजी में प्रविष्टि करने के संबंध में निर्देश दिया गया। साथ ही आगामी 1 जनवरी और 1 अक्टूबर तक 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवाओं का प्री-फील्ड फॉर्म 6 पूर्ण रूप से भरवाने को कहा गया। बैठक में पीवीटीजी हेतु आयोजित विशेष कैंप की तैयारी, इसी अनुपात में सुधार हेतु योग्य मतदाताओं के निबंधन हेतु तैयारी, लैंगिक अनुपात में सुधार हेतु योग्य महिला मतदाताओं के निबंधन के लिए तैयारी आदि की समीक्षा की गयी। बैठक में अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो के अलावा संबंधित विभाग के कर्मचारी आदि लोग मौजूद थे।

## महिला को मिली आपदा प्रबंधन से सहायता राशि



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रतिनिधि (स्वास्थ्य) विजय दुबे के प्रयास से सुमन देवी पति स्व. बीरबल गंझू ग्राम लोहरसी चंदवा को आपदा प्रबंधन विभाग से चार लाख रुपये की सहायता राशि प्राप्त हुई। इस संबंध में सुमन देवी ने बताया कि उनके पति की मृत्यु 20 सितंबर 2021 को सर्पदंश से हो गयी थी। भाजपा नेता विजय दुबे ने अंत्यपरीक्षण के साथ-साथ सभी कागजी प्रक्रिया पूरी कराने में हमारी मदद की। इनके प्रयास से आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बतौर मुआवजा की राशि बैंक खाते में आ गयी। दुबे ने कहा कि मेरा प्रयास रहता है कि ऐसी आपदा के बाद प्रशासन और सरकार की ओर से जो भी मुआवजा का प्रावधान है वो पीड़ित परिवार को मिले जिससे उनके आश्रितों की परवरिश हो सके।

**पहल** राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर कृत्रिम मेधा के युग में मीडिया विषय पर सेमिनार का आयोजन

## 'पत्रकारों की सुरक्षा के प्रति संवेदनशील है प्रशासन'




**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से गुरुवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटिलिजेंस) विषय पर सेमिनार का का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ उपायुक्त और पत्रकारों ने संयुक्त रूप से किया। उपायुक्त ने वर्तमान दौर में आर्टिफिशियल इंटिलिजेंस के बढ़ते दखल और मीडिया में कृत्रिम मेधा के प्रभाव पर चर्चा करते हुए कहा कि आज के समय में कृत्रिम मेधा मीडिया के अलावा जनसंचार के सभी क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है।

उन्होंने इसके सकारात्मक एवं नकारात्मक पक्षों के बारे में बताया। साथ ही कहा कि तकनीकी के इस बढ़ते युग में स्वच्छ एवं बिना बाहरी तत्वों के प्रभाव में आये कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने पत्रकारिता के बदलते स्वरूप के बीच प्रतिस्पर्धा पर भी प्रकाश डाला। इमरान ने जिले के पत्रकारों से कहा कि आपकी सुरक्षा के प्रति भी जिला प्रशासन संवेदनशील है। आपकी किसी भी शिकायत पर प्रशासन त्वरित संज्ञान लेता है। वहीं एसडीपीओ अविनाश कुमार ने प्रेस काउंसिल एक्ट 1968 के प्रावधानों पर चर्चा करते हुए कहा कि मीडिया में तकनीक का दखल बढ़ा है। डीएसपी मुख्यालय केदार राम ने पत्रकारिता के क्षेत्र में कृत्रिम मेधा के बढ़ते प्रभाव पर विचार रखे। जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार ने मीडिया में चर्चित घटनाओं पर अपनी बात रखी। डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का ने भी चर्चा में हिस्सा लेते हुए इस पर अपनी बातें रखी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी पत्रकारों को उपहार के तौर पर कलम, डायरी और शॉल देकर उपायुक्त के द्वारा सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन अकाशवाणी के जिला संवाददात प्रशांत जयवर्धन ने संचालन किया। कार्यक्रम में उक्त के अलावे जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, एपीआरओ शशिकांत सहाय आदि उपस्थित थे।

## जिपस रमेश राम ने किया पीसीसी पथ का उद्घाटन




**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**
प्रखंड के टोटी पंचायत अंतर्गत 15वीं वित से बैजू उरांव के घर से आंगनबाड़ी केंद्र सिमर टोली के भगत टोली तक पीसीसी पथ का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य रमेश राम, प्रमुख उर्मिला देवी, मुखिया शांति देवी, उप मुखिया जितेंद्र प्रसाद, समाजसेवी महेंद्र प्रसाद, देवनंदन प्रसाद, गोपाल यादव किशोर प्रसाद, उपेंद्र प्रसाद, स्वराज सिंह, धनेश्वर उरांव ने संयुक्त रूप से किया। राम ने कहा कि यहां के आमजनों को बरसात के मौसम में आने-जाने में काफी कठिनाई होती थी। इसको देखते हुए यहां पीसीसी पत्र योजना का लाभ दिया गया। पीसीसी पथ योजना निर्माण कार्य पूर्ण होने पर लोगों को आवागमन करने में सहूलियत होगी। मौके परगहनू भगत मुन्ना ताना भगत सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## स्कूली बच्चों को दी गई विधिक जानकारी

**मयूरहंड(चतरा)।** पीएलवी दयानंद कुमार शर्मा के नेतृत्व में मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय स्थित स्वामी विवेकानन्द प्लस 2 उच्च विद्यालय में विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता नोडल शिक्षक राजेन्द्र दास व संचालन पीएलवी श्री शर्मा ने किया। मौके पर उपस्थित छात्र एवं छात्राओं को मौलिक अधिकार, कर्तव्य, बाल विवाह, दहेज प्रथा, साइबर क्राइम, गुड टच, बैड टच आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इसके अलावा चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 एवं विधिक सहायता हेतु फोन नम्बर 15100 पर जानकारी प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया। पस अवसर पर शिक्षक रतनदेव कुमार, संत कुमार सिंह, रंजना कुमारी एवं दर्जनो छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### गरीब आदिवासी को दोष मुक्त किया जाए : सामाजिक विचार मंच

**लोहरदगा।** सामाजिक विचार मंच के संयोजक कवलजीत सिंह ने रेलवे के डीआरएम कार्यालय रांची एवं रेलवे सुरक्षा बल, कमांडेंट, रांची को मांग पत्र सौंपते हुए कहा है कि पिछले दिनों लोहरदगा रेलवे की जमीन में मुक्तिधाम के समीप संवेदक द्वारा अनधिकृत तौर पर अपने कार्य हेतु एक बड़ा सा गड्ढा खोद दिया गया था, जिस पर रेलवे पुलिस ने संज्ञान लिया था, लेकिन इस मामले में एक सोची समझी चाल के तहत नगर परिषद के जेसीबी चालक गरीब आदिवासी लालू कुजूर, कुटुमू, किस्को मोड निवासी पर मामला दर्ज करके फंसा दिया गया, जबकि कार्य करा रहे संवेदक को खुले तौर पर छोड़ दिया गया और ऐसी भी सूचना आ रही है कि इस संवेदक ने ही लालू कुजूर की जमानत भी ली है, तो कहीं ना कहीं एक गरीब आदिवासी को बलि का बकरा बना दिया गया। इस मुद्दे को लेकर सामाजिक विचार मंच ने दोनों आला अधिकारियों से मांग की है कि गरीब लालू कुजूर को इस केस से दोष मुक्त किया जाए और असली गुनहगार पर मुकदमा दर्ज किया जाए, क्योंकि लालू उरांव दैनिक भोगी, अनुबंध पर कार्य करता है, कल उसे कार्य से हटा दिया गया तो केस का खर्च भी वह लगा नहीं पाएगा। सामाजिक विचार मंच का एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही नगर परिषद के प्रशासक से भी मिलेगा और उनसे यह जानकारी हासिल करेगा कि नगर परिषद की जेसीबी इस कार्य के लिए ली गई थी। उसका भाड़ा मिला है या नहीं और जेसीबी लेने के लिए जो प्रक्रिया है वह भी पूरी की गई थी या नहीं? जो पेनल्टी लगाई गई है उस पेनल्टी का भुगतान किसने किया है? इस पूरे प्रकरण में जितने दिन जेसीबी जब्त होने तक खड़ी रही, उसका भुगतान किसी ने किया है या नहीं? क्योंकि यह राजस्व से जुड़ा मामला भी है। लालू कुजूर को न्याय नहीं मिलने की स्थिति में सामाजिक विचार मंच आंदोलन करने पर भी विचार करेगी।

### पशुधन विकास योजना के तहत किया लाभुकों के बीच बतख चूजा का वितरण




**सेन्हा।** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के माध्यम से कल्याण विभाग के द्वारा लाभुकों के बीच बतख चूजा का वितरण किया गया। विधायक प्रतिनिधि विरेंद्र उरांव, पशु चिकित्सक अमरदीप तिग्गा की मौजूदगी में प्रखंड मुख्यालय स्थित पशुपालन अस्पताल के समीप चंचला कुमारी, शारदा देवी, सुनीता उरांव, देवेंद्र लोहरा, जगदीश उरांव, सुरेश भगत, लक्ष्मण उरांव सहित 8 लाभुकों के बीच बतख चूजा का वितरण किया गया। वहीं लाभुकों को बताते हुए विधायक प्रतिनिधि विरेंद्र उरांव ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठायें और आत्मनिर्भर बनें। साथ ही कहा कि सरकार ग्रामीणों का उत्थान करने के उद्देश्य से जनता को आत्मनिर्भर बनाने के लिये विभिन्न तरह की कल्याणकारी योजनाएं चला रही है, जिसके तहत गाय, बकरी, मुर्गी, बतख, सुकर पालन कर जीविकोपार्जन कर आत्मनिर्भर हो सकते हैं। वहीं प्रत्येक लाभुकों के बीच 15 - 15 बतख चूजा का वितरण किया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि विरेंद्र उरांव, पशु चिकित्सक डॉ.अमरदीप तिग्गा, बाबुसाहेब सिंह, विजय महतो के अलावे सभी लाभुक उपस्थित थे।

### विद्वानों ने युवाओं को समाज और देश के लिए जीने का जज्बा सिखाया

**सेन्हा।** लोहरदगा सेन्हा प्रखंड बस्ती में नौजवान कमेटी के तत्वावधान में गौसूलवरा कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इसकी शुरूआत कलाम ए पाक तिलावत से की गई। शायर अब्दुल सलाम और खुर्शीद तलहा ने नात पाक सुनाया। मुख्य वक्ता मौलाना झारखंडी बाबा सिद्दीक हसन ने कहा कि नई पीढ़ी के बच्चे माता-पिता की सेवा करें, शिक्षा पर ध्यान दें। मां के कदमों तले जन्नत है। माता-पिता भी अपने बच्चों को इस्लाम की तालीम के साथ-साथ दुनिया की शिक्षा दें। बच्चों को पढ़ाकर हाफिज, मौलाना, इंजीनियर, डाक्टर, शिक्षक बनाएं। तभी समाज और देश का विकास होगा। खुद के लिए नहीं समाज और देश के लिए जीने का जज्बा रखें। मौलाना, हाफिज, विद्वान शिक्षाविद का सम्मान करें। बच्चो को मोबाइल से दूर रखने पर बल दिया। युवा मोबाइल के जरिए सकारात्मक ज्ञान की बातें सीखें-जानें, उसका सही उपयोग करें। पति-पत्नी एक दूसरे का सम्मान करें, सलाह मशवरा से काम निकालें, दहेज प्रथा से दूरी बनाएं।

# नहाय-खाय के साथ आज से शुरू होगा लोक आस्था का महापर्व छठ

## 19 को अस्तचलगामी व 20 को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न होगा छठ

**राहुल कौशल। लोहरदगा**




लोक आस्था के महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान नहाय खाय के साथ शुक्रवार से शुरू होगा। शनिवार को खरना और रविवार को भगवान भास्कर को पहला सायंकालीन अर्घ्य प्रदान किया जाएगा। सोमवार को प्रातःकालीन अर्घ्य के साथ महापर्व का समापन होगा। इस व्रत में 36 घंटे तक व्रती निर्जला रहती हैं। छठ पर्व को लेकर पूजन सामानों से बाजार पट गया है। सड़क किनारे भी दुकानें लगी हैं। बाजार में 20 से 40 रुपये प्रति कद्दू बिक रहा था। वहीं किराना दुकानों पर भी व्रतियों की भीड़ खरीदारी के लिए लगी रही। वहीं पूजन सामानों की भी खरीदारी में लोग जुटे हैं। शहर के बरवाटोली चौक, ईस्ट गोला रोड, गुदरी बाजार में जगह-जगह कद्दू से पटा रहा। खरीदारी के लिए भीड़ इतनी बढ़ी थी कि लोगों को दुकानों पर पैर रखने की भी जगह नहीं मिल रही थी। देर शाम तक नहाय-खाय की खरीदारी हुई। खरीदारी को लेकर लोगों की भीड़ के कारण बाजार की विभिन्न सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रही। लोहरदगा में इस पर्व को लेकर एक अलग ही उत्साह देखने को मिलता है। छठ पूजा मुख्य रूप से सूर्यदेव की उपासना का पर्व है। नदी घाटों व पवित्र जलाशयों में हजारों की तादाद में व्रती अर्घ्य देते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार छठ को सूर्य देवता की बहन हैं। मान्यता है कि छठ पर्व में सूयोर्पासना करने से छठ माई प्रसन्न होती हैं। घर परिवार में सुख शांति व धन धान्य से संपन्न करती हैं।

**साल में दो बार होती है छठ महापर्व :** पुरोहितों के मुताबिक सूर्य देव की आराधना का यह पर्व साल में दो बार मनाया जाता है। चैत्र शुक्ल षष्ठी व कार्तिक शुक्ल षष्ठी को यह पर्व मनाया जाता है। हालांकि कार्तिक शुक्ल षष्ठी को मनाये जाने वाला छठ पर्व मुख्य माना जाता है। चार दिनों तक चलने वाले इस पर्व को छठ पूजा, डाला छठ, छठी माई, छठ, छठ माई पूजा, सूर्य षष्ठी पूजा आदि कई नामों से जाना जाता है।

**प्रकृति को निमित है सूर्य को पहला अर्घ्य :** पहला अर्घ्य यानी अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य प्रकृति को निमित है। प्रकृति, षष्ठी माता हैं। भगवान ब्रह्मा की मानसपुत्री। निःसंतान को संतान देती हैं और संतान की रक्षा करती हैं। कार्तिक शुक्ल सप्तमी की सुबह प्रातःकालीन अर्घ्य भगवान सूर्य को प्रदान किया जाता है। वह सूर्य जिनमें तेज है और संपूर्णता भी। अर्घ्य प्रदान करने के दौरान व्रती सात बार सूर्य की परिक्रमा भी करते हैं। शास्त्रों की मानें तो सूर्य को अर्घ्य देने से व्यक्ति के इस जन्म के साथ किसी भी जन्म में किए गए पाप नष्ट हो जाते हैं।

**आरोग्य की प्राप्ति व संतान के लिए व्रत :** आचार्य आनंद पाठक, रामसेवक पाठक, रामधार पाठक, मनोज मिश्रा आदि पुरोहितों के अनुसार सूर्य षष्ठी का व्रत आरोग्य की प्राप्ति, सौभाग्य व संतान के लिए रखा जाता है। स्कंद पुराण के अनुसार राजा प्रियव्रत ने भी यह व्रत रखा था। उन्हें कुष्ठ रोग हो गया था। भगवान भास्कर से इस रोग की मुक्ति के लिए उन्होंने छठ व्रत किया था। प्रतिहार षष्ठी के तौर पर इस व्रत की चर्चा है। वर्षकृत्यम में भी छठ की चर्चा है।

**भगवान भास्कर की मानस बहन है षष्ठी देवी :** भगवान भास्कर की मानस बहन हैं षष्ठी देवी। प्रकृति के छठे अंश से षष्ठी माता उत्पन्न हुई हैं। उन्हें बालकों की रक्षा करने वाले भगवान विष्णु द्वारा रची माया भी माना जाता है। बालक के जन्म के छठे दिन भी षष्ठी मइया की पूजा की जाती है। ताकि बच्चे के ग्रह-गोचर शांत हो जाएं। एक अन्य आख्यान के अनुसार कार्तिकेय की शक्ति हैं षष्ठी देवी। षष्ठी देवी को देवसेना भी कहा जाता है।

**सूर्य को प्रिय है सप्तमी :** आचार्य रामधार पाठक के अनुसार भगवान सूर्य को सप्तमी अत्यंत प्रिय है। विष्णु पुराण के अनुसार तिथियों के बंटवारे के समय सूर्य को सप्तमी तिथि प्रदान की गई। इसलिए उन्हें सप्तमी का स्वामी कहा जाता है। सूर्य भगवान अपने इस प्रिय तिथि पर पूजा से अभिष्ठ फल प्रदान करते हैं।

# प्रश्न पत्र समिति, परीक्षा समिति का किया गठन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**




उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में गुरूवार को मनरेगा अंतर्गत संविदा आधारित नियुक्ति हेतु आवश्यक तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। इसमें दक्षता परीक्षा 3 दिसंबर को नदिया हिंदू प्लस टू सीएम उत्कृष्ट विद्यालय, लोहरदगा में आयोजित कराये जाने का निर्णय लिया गया। परीक्षा ओएमआर शीट पर होगी, जिसमें सभी प्रश्नों के उत्तर वैकल्पिक होंगे। बैठक में प्रश्न पत्र समिति, परीक्षा समिति का भी गठन किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, अपर समाहर्ता सौरभ कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक, कार्यपालक अभियंता पथ, कार्यपालक अभियंता एनआरईपी, परियोजना पदाधिकारी डीआरडीए समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला**
rdsdgumla123@gmail.com

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक 2122 दिनांक 07.11.2023 द्वारा ई0–टेंडरिंग अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– RDD/SD/GUMLA/19/2023-24 जिसका पी०आर० (PR) सं०– 311017 Rural Development (2023-24)*D है, में अपरिहार्य कारणों से निम्न संशोधन किया जाता है। ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय 24.11.2023 अपराह्न 2:00 बजे के स्थान पर 25.11.2023 अपराह्न 2:00 बजे तक पढ़ा जाय। शेष नियम यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
गुमला
PR 311424 Rural Development (23-24)_D

# नहाय-खाय के साथ सूर्योपासना का महापर्व छठ आज से होगा शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**



प्रखंड क्षेत्र में नहाय खाय के साथ सूयोर्पासना का चार दिनी छठ महापर्व शुक्रवार से शुरू हो रहा है। वहीं छठ महापर्व को लेकर व्रतियों द्वारा तैयारी प्रारंभ हो गई है। साथ ही प्रखंड मुख्यालय के अलावा गांवों में भी विभिन्न छठ घाटों की सफाई की जा रही है। शनिवार को खीर भोजन तथा रविवार शाम को अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को प्रथम अर्घ्य और सोमवार को उदयाचल भगवान सूर्य को अर्घ्य के साथ ही छठ पर्व का समापन हो जायेगा। लोग छठ महापर्व को लेकर गेहूं, सुप, दौरा, कतारी, कद्दू सहित अन्य पूजन सामग्री लेने में व्यस्त हैं।

साथ ही सेन्हा में मां अंबे व्यावसायिक संघ द्वारा गुरुवार को मेन रोड स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में बांधटोली, अरु, झलजमीरा, लोहरदगा, सेन्हा, बरवाटोली के छठव्रतियों के बीच लाल गेहूं का वितरण किया गया। वहीं व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष जोधनरायन साहु ने कहा कि प्रत्येक वर्ष छठ महापर्व के अवसर पर व्यावसायिक संघ द्वारा लाल गेंहू का वितरण किया जाता है। मौके पर संघ के सचिव विजय सोनी, केदारनाथ साहु, राजेंद्र प्रसाद, कामेश्वर महतो, जयप्रकाश साहु, नवल साहू, राजू कुमार साहू, संतोष महतो आदि मौजूद थे।

# भुजनियां में सोहराई जतरा का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**




सदर प्रखंड के ग्राम भुजनियां में सोहराई जतरा का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन समिति द्वारा अतिथियों का स्वागत आदिवासी संस्कृति परंपरा ढोल नगाड़े एवं मांदर की थाप से किया गया। सोहराई जतरा आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक सह मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष बासुदेव उरांव द्वारा सोहराई जतरा का उद्घाटन किया गया। उसके बाद सामूहिक रूप से प्रार्थना की गई। इस दौरान आदिवासी कला संस्कृति की झलक दिखलाई दी।

खोडांह नृत्य मंडली का आयोजन समिति द्वारा भी स्वागत किया गया। जतरा में भुजनियां, बेजवाली, कसपुर, हाटी, अम्बेर, फुदकी, उदरंगी, मुंदो के खोडांह ने भाग लिया। सभी खोडांह नित्य मंडली को सोहराई जतरा आयोजन समिति द्वारा पुरुस्कार दिया गया। सोहराई जतरा आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक बासुदेव उरांव, संरक्षक मुकेश साहू, संजय राम, सोमरा पहान, बिरसा उरांव, सुकरा उरांव, बिरजमणी उरांव, जेना उरांव, जबार अंसारी, बिक्रम दास, सालु भगत, रामविलास उरांव आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

**कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, गुमला।**

**अत्यावश्यक सूचना**

उपायुक्त, गुमला की अध्यक्षता में दिनांक 15.02.2023 को सम्पन्न जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक में श्री सत्यनारायण सिंह निलम्बित स0शि0 रा0मध्य विद्यालय असनी, गुमला को अनिवार्य सेवानिवृति प्रदान करने संबंधी लिए गए निर्णय के फलस्वरूप इस कार्यालय के ज्ञापांक 522 दिनांक 31.03.2023 द्वारा दिनांक 31.03.2023 के प्रभाव से अनिवार्य सेवानिवृति प्रदान की गई है, तदोपरांत श्री सिंह द्वारा प्रमण्डलीय आयुक्त दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल राँची के समक्ष अपील दायर की गई जिसमें प्रमण्डलीय आयुक्त दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल राँची द्वारा दिनांक 04.07.2023 को पारित आदेश में अपीलकर्त्ता के अपील आवेदन को अस्वीकृत करते हुए अनुशासनिक प्राधिकार के आदेश को यथावत रखा गया। उक्त के आलोक में इस कार्यालय के विभिन्न पत्रों द्वारा प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, गुमला–1 तथा श्री सिंह को पेंशन प्रपत्रादि एंव मूल सेवा पुस्तिका जमा करने हेतु निदेश दिया गया है परंतु अबतक पेंशन प्रपत्र एवं मूल सेवापुस्तिका अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को प्राप्त नही है जिसके कारण श्री सिंह के पेंशनादि का भुगतान किया जाना संभव नही हो पा रहा है।

अतः इस विज्ञापन के माध्यम से श्री सत्यनारायण सिंह को निदेश दिया जाता है कि एक सप्ताह के भीतर संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर पेंशन प्रपत्र एवं मूल सेवापुस्तिका अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें अन्यथा विलम्ब की सम्पूर्ण जिम्मेवारी आपकी होगी।

इसे अत्यावश्यक समझें।

जिला शिक्षा अधीक्षक,
गुमला।
PR 311414 (Jharkhand Education Project Council) 23-24 (D)

**कार्यालय नगर परिषद, गढवा**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गढ़वा नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत प्रायः यह देखा जा रहा है कि पालतु पशुओं को सड़कों पर खुले छोड़ दिया जा रहा है। जिसके कारण सड़कों पर गन्दगी फैलती है एवं दुर्घटना घटने की सम्भावना बनी रहती है इसके साथ–साथ सड़क जाम की भी स्थिति उत्पन्न होती है, जिससे आम जनता को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

अतः शहर के नागरीको को सूचित किया जाता है कि अपने–अपने पालतू पशुओं को बांध कर रखें सड़क पर खुला न छोड़े अन्यथा पकड़े जानें पर नगरपालिका अधिनियम 2011 के तहत विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई की जायेगी एवं पशुओं को जब्त भी कर लिया जाएगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद गढ़वा।
PR 311420 Urban Development(23-24)D

## कार्यक्रम | राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर आयोजित संगोष्ठी सह सेमिनार में उपायुक्त ने कहा

# पत्रकारिता के उच्चतम मापदंडों को अपनाने की जरूरत

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**




राष्ट्रीय प्रेस दिवस के मौके पर सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, लोहरदगा (सूचना भवन) स्थित सभागार में सेमिनार-सह-संगोष्ठी आयोजित की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण और विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने किया। मौके पर उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि आजादी के आंदोलन में पत्रकारिता की भूमिका रही। आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी, बाल गंगाधर तिलक, न्यायमूर्ति राणाडे, आगरकर ने अपने-अपने तरीके से पत्रकारिता के जरिये आंदोलन को मजबूती दी। उस समय जिस मापदंड को पत्रकारिता के जरिये पत्रकारों ने स्थापित किया था वह बहुत उच्च स्तर का था। वर्तमान में उसी मापदंड को अपनाने की जरूरत है। वर्तमान समय में पत्रकारों को पुराने पत्रकारों के द्वारा लिखे गये लेखों को पढ़ना चाहिए ताकि इससे लेखन शैली को और सुधारने में मदद मिलेगी। समाचार-पत्रों के जरिये उन्होंने पत्रकारिता को मजबूत बनाया। पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। आज निष्पक्ष पत्रकारिता की आवश्यकता है। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक, हारिश बिन जमां ने कहा कि पत्रकारिता में सही और तथ्य की पुष्टि कर समाचार जारी करना बहुत जरूरी है। आज प्रतियोगिता का जमाना है, लेकिन इस वजह से किसी समाचार को बिना सत्यापन जारी नहीं कर देना है। गलत समाचार जारी करने से उसकी विश्वसनीयता घटती है। आज चुनौतियां बहुत अधिक है। अपनी स्किल मजबूत करने के लिए पढ़ना बहुत जरूरी है। लोहरदगा जिला के पत्रकारों में बहुत प्रतिभा है जो राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना सकते हैं। साथ ही, संविधान का पालन भी करना जरूरी है। अनुच्छेद 19 में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देती है तथा 19(2) सीमाएं तय करती है।

कार्यक्रम में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो ने कहा कि सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय द्वारा जारी किये जाने वाले प्रशासनिक खबरों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य पत्रकार करते हैं। समाज को जागरूक करने में मीडिया की भूमिका बहुत अहम है। कार्यक्रम में मीडियाकर्मियों को सम्मानित किया गया। मौके पर प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संस्थानों के ब्यूरो चीफ/संवाददाता व जिला जनसम्पर्क कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

**Annexure 1**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, GUMLA**

**e-Procurement Tender Notice**

**e-Tender Reference No.MID/GUMLA-F2-26/2023-24 Date :- 16.11.2023**

| 1. | Name of the work | Estimated Cost (Rs.) | Cost of Tender Paper. | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|
| (i) | Construction of Model Block Public Health Unit at Chainpur Block- Chainpur Dist.- Gumla | 20,17,000.00 | 5000.00 | 03 Month |
| (ii) | Construction of Model Block Public Health Unit at Raidih Block- Raidih Dist.- Gumla | 14.87.700.00 | 2500.00 | 03 Month |
| 2. | Time of Completion | 3 Month | | |
| 3. | Date of Publication of E-Tender on website | 28.11.2023 (2:00 PM) | | |
| 4. | Last date/Time for Submission of E- Tender BID's | 04.12.2023(up to 5:00 PM) | | |
| 5. | Last date for Online Submission of tender fee and EMD | e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 04.12.2023 up to 5:00 PM | | |
| 6. | Date of opening of e-tender | 06.12.2023 at 2:00 PM | | |
| 7. | Name & Address of Office Inviting Tender | Executive Engineer Minor Irrigation Division-Gumla. Karamtoli Road, Gumla. | | |
| 8. (a) | Contact No. of e-Procurement officer | 8986890345 eemidgum@gmail.com | | |
| (b) | Helpline Number of e-Procurement Cell | | | |

Note:- (1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost May be Increase or Decrease
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division, Gumla.
PR 311421 (Mines and Geology) 23-24 (D)

## गागर में सागर

### शादी के मौसम में महंगा हुआ सोना चांदी में दिखी मामूली गिरावट



**नई दिल्ली।** फेस्टिव सीजन के बाद से भारत में शादियों के सीजन की शुरूआत होने जा रही है। इस दौरान लोग जमकर सोना और चांदी की खरीदारी करते हैं। अगर आप भी आज गोल्ड और सिल्वर की शॉपिंग करने के बारे में सोच रहे हैं तो जान लें कि सोना बढ़त पर और चांदी गिरावट के साथ कारोबार कर रही है। गुरुवार को मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज यानी वायदा बाजार में सोना 60,148 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला है। वहीं सुबह 11.30 मिनट तक सोना 64 रुपये यानी 0.11 फीसदी बढ़त के साथ 60, 175 रुपये पर कारोबार (कर रहा है। वहीं कल सोना 60,111 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ है। सोने के अलावा चांदी की बात करें तो इसमें आज उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। वायदा बाजार में चांदी 72,174 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर खुली है। इसके बाद इसकी कीमत में कुछ बढ़त दर्ज की गई है और यह सुबह 11.30 बजे तक कल के मुकाबले 37 रुपये यानी 0.05 फीसदी सस्ती होकर 72,335 रुपये किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है। वहीं बुधवार को यह 70,372 रुपये के स्तर पर बंद हुई है। घरेलू बाजार के अलावा इंटरनेशनल मार्केट में भी सोने की कीमतों में बढ़त देखी जा रही है। मेटल रिपोर्ट के अनुसार आज सोने के दाम में 0.1 फीसदी की तेजी देखी जा रही है और यह 1,960 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा है। वहीं चांदी में आज गिरावट देखी जा रही है और यह कल के मुकाबले 0.4 फीसदी सस्ती होकर 23.36 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर बनी हुई है।

### वुडन फर्नीचर से करें अंधाधुंध कमाई



**नई दिल्ली।** अगर आपका नौकरी से खर्च नहीं चल रहा है। कुछ अतिरिक्त कमाई करना चाहते हैं तो हम आपको एक बिजनेस आइडिया दे रहे हैं। इस बिजनेस को आप अपनी नौकरी के साथ शुरू कर सकते हैं। इससे आपकी आमदनी बढ़ जाएगी। हम बात कर रहे हैं वुडन फर्नीचर के बिजनेस के बारे में। इस बिजनेस को शुरू करने के लिए केंद्र सरकार से लोन भी मिल जाएगा। ऐसे में आप इसे आसानी से शुरू कर सकते हैं। आज के समय में वुडन फर्नीचर की बढ़ती मांग ने इसके बिजनेस को काफी बढ़ावा दिया है। आपको बता दें घरों को सजाने और रेनोवेट करने के लिए लोग आज कल वुडन आइटम्स को ज्यादा पसंद कर रहे हैं। यह बेहद मुनाफे वाला कारोबार है। इस बिजनेस के लिए मोदी सरकार आपकी मदद के लिए भी तैयार है। वुडन फर्नीचर के बिजनेस को शुरू करने के लिए आपके पास करीब 1.85 लाख रुपये होना चाहिए। मुद्रा स्कीम के तहत आपको बैंक से कंपोजिट लोन के तहत लगभग 7.48 लाख रुपये का लोन मिल सकता है।

### देश के वस्तुओं का निर्यात अक्टूबर में 6.21% बढ़कर 33.57 अरब डॉलर पर



**नई दिल्ली।** देश का वस्तुओं का निर्यात इस साल अक्टूबर में 6.21 प्रतिशत बढ़कर 33.57 अरब डॉलर रहा है। हालांकि, इस दौरान व्यापार घाटा बढ़कर 31.46 अरब डॉलर पर पहुंच गया। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य महीने में आयात बढ़कर 65.03 अरब डॉलर रहा, जो अक्टूबर, 2022 में 57.91 अरब डॉलर था। देश का व्यापार घाटा अक्टूबर में 31.46 अरब डॉलर रहा। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अक्टूबर के दौरान निर्यात सात प्रतिशत घटकर 244.89 अरब डॉलर रहा। वहीं आयात इस दौरान 8.95 प्रतिशत घटकर 391.96 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि व्यापार के आंकड़ें निर्यात क्षेत्र में पुनरुद्धार का संकेत है।

### चीनी कोयला कंपनी की इमारत में लगी भीषण आग

# 26 लोगों की हुई मौत व 60 से ज्यादा हुए घायल



**एजेंसी। बीजिंग**

उत्तरी चीन के शांक्सी प्रांत में एक कोयला खदान कंपनी की इमारत में बृहस्पतिवार को आग लगने से कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई और 60 से अधिक लोग घायल हो गए। चीन के सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। मीडिया की खबरों के मुताबिक, ल्युलियांग सिटी के लिशी जिले में स्थित पांच मंजिला इमारत की दूसरी मंजिल पर आग सुबह करीब छह बजकर 50 मिनट पर लगी। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि आग लगने से 26 लोगों की मौत हो गई और 60 से अधिक लोग घायल हो गए जिनको इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल भेजा गया। ग्लोबल टाइम्स अखबार ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है और बचाव प्रयास जारी हैं। यह इमारत एक निजी कोयला खदान कंपनी की है। चीन में कमजोर सुरक्षा मानकों के कारण औद्योगिक दुर्घटनाएं आम हैं।

# चीन की अर्थव्यवस्था में अक्टूबर में सुधार के संकेत

**एजेंसी। बीजिंग**



चीन की अर्थव्यवस्था में अक्टूबर में सुधार के संकेत दिखे। खुदरा बिक्री और विनिर्माण में तेजी आई है, हालांकि संपत्ति क्षेत्र सुस्त बना हुआ है। सरकार ने बुधवार को यह जानकारी दी। अक्टूबर में फैक्टरी उत्पादन एक साल पहले की तुलना में 4.6 प्रतिशत बढ़ा, जबकि खुदरा बिक्री में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। हालांकि, रियल एस्टेट निवेश में 9.3 प्रतिशत की गिरावट आई। अधिकारियों ने स्वीकार किया कि उद्योग अब भी समायोजन स्थापित करने की कोशिश कर रहा है। दो साल पहले डेवलपर्स द्वारा अत्यधिक उधार लेने और फिर वैश्विक महामारी की मार के कारण उद्योग संकट में आ गया। निर्यात की वैश्विक मांग के लड़खड़ाने और संपत्ति क्षेत्र की हालत और खराब होने से चीन की अर्थव्यवस्था गर्मियों में धीमी पड़ गई थी। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जुलाई-सितंबर में अर्थव्यवस्था 4.9 प्रतिशत की वार्षिक गति से बढ़ी, जो विश्लेषकों के करीब 4.5 प्रतिशत के पूवानुमान से बेहतर है। हालांकि यह पिछली तिमाही की 6.3 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर से बहुत कम है। दुनिया की नंबर दो अर्थव्यवस्था फिर से गति पकड़ रही है। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग कैलिफोर्निया में पैसिफिक रिम शिखर सम्मेलन के मौके पर बुधवार को अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से मुलाकात करेंगे। इससे भी लोगों को काफी उम्मीद हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के प्रवक्ता लियू एहुआ ने बीजिंग में पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान चीन द्वारा वृद्धि के नए मॉडल को अपनाने पर बार-बार जोर दिया। उन्होंने कहा, प्रभावी नीतियों के तहत अर्थव्यवस्था में सुधार जारी है, हालांकि इसकी वृद्धि में प्रगति कठिनाई भरी है।

# इजराइली हमलों से तंग आए फिलीस्तीन ने भारत से मांगी मदद

**एजेंसी। नई दिल्ली**



इजराइल और हमास के बीच बीते डेढ़ माह से जारी जंग में अब तक 11 हजार लोगों की मौत हो चुकी है और लाखों लोग बेघर और विस्थापित हो चुके हैं। गाजा में इजराइली सेना के कहर से सहमे फिलीस्तीन बचाव के लिए भारत से मदद की गुहार लगाई है। भारत में फिलीस्तीनी राजदूत अदनान अबू अलहैजा ने कहा कि भारत शक्तिशाली है और अपनी ताकत दिखाकर हमें इजरायल से बचाने में मदद कर सकता है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के बाद से भारत ने शुरू से ही फिलीस्तीनी मुद्दे को समझा है। यूरोपीय, अमेरिकियों और अरबों को शांति के लिए इजराइल पर दबाव डालने की जरूरत है और यह काम भारत बाखूबी कर सकता है। फिलीस्तीनी राजदूत ने कहा, हम शांति चाहते हैं और दुनिया के किसी भी शांति प्रेमी की तरह रहना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे अपनी मातृभूमि में स्वतंत्र रूप से खेलें। इस जंग को समाप्त करने में दुनिया हमारी मदद करें। हमें आत्मनिर्णय और शांति का अधिकार है। अलहैजा ने बताया, इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू दुनिया के सबसे बड़े झूठे इंसान हैं। वह 'ईरान, ईरान' कहते रहते हैं। यहां तक कि अमेरिकियों ने भी स्पष्ट किया कि उन्हें इस संघर्ष में कोई ईरानी संलिप्तता नहीं मिली है। फिलीस्तीनी प्राधिकरण को ईरान से कोई समर्थन नहीं मिलता है। गौरतलब है कि इजराइल ने बुधवार तड़के गाजा के सबसे बड़े अस्पताल अल-शिफा पर धावा बोल दिया। इजराइली सेना को संदेह है कि यहां सुरंगों का इस्तेमाल हमास कमांडरों द्वारा ठिकाने के रूप में किया जा रहा था। हालांकि हमास ने अस्पताल के भीतर उभर रहे मानवीय संकट पर जोर देते हुए इन आरोपों का जोरदार खंडन किया। रिपोर्टों के अनुसार अस्पताल हजारों फिलीस्तीनी मरीजों और हिंसा से बचने के लिए शरण लेने वाले व्यक्तियों से भरा हुआ है।

# सहारा के विरुद्ध धोखाधड़ी का मामला रूकेगा नहीं

**-आरएनएम**

**नई दिल्ली।** मुंबई में उद्योग मंडल फिक्की के एक कार्यक्रम से इतर सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच ने संवाददाताओं से कहा कि सेबी के लिए यह मामला (सहारा चिटफंड कंपनीज )एक इकाई के आचरण से जुड़ा है और यह जारी रहेगा, भले ही कोई व्यक्ति जीवित हो या नहीं। पत्रकारों के सवाल के जवाब में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की प्रमुख माधवी पुरी बुच ने कहा कि सहारा समूह के संस्थापक सुब्रत राय के निधन के बाद भी सहारा का मामला पूंजी बाजार नियामक के समक्ष जारी रहेगा।समूह के चर्चित व विवादास्पद संस्थापक सुब्रत रॉय का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार को निधन हो गया था। सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच से जब सहारा समूह के अवितरित धन को निवेशकों को लौटाने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, ₹उच्चतम न्यायालय के तहत एक समिति है ,और हम सभी कार्रवाई उसी समिति के तहत करते हैं। विज्ञापनों के कई दौर के बाद जिसके पास (सहारा में) निवेश के सबूत थे, उन्हें अपना पैसा मिल गया।

**सेबी के पास पड़ी है 25 हजार करोड़ की धनराशि :** दूसरी ओर, सहारा समूह के प्रमुख सुब्रत रॉय के निधन के बाद पूंजी बाजार नियामक सेबी के खाते में पड़ी 25,000 करोड़ रुपये से अधिक की गैर वितरण धनराशि भी एक बार फिर से चर्चा में है। रॉय समूह की कंपनियों के संबंध में कई विनियामक तथा कानूनी लड़ाइयों का सामना कर रहे थे। उन पर पोंजी योजनाओं में नियमों को दरकिनार करने का भी आरोप था। हालांकि सहारा समूह ने अपने ऊपर लगे आरोपों को हमेशा खारिज किया। पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 2011 में सहारा समूह की दो कंपनियों सहारा इंडिया रियल एस्टेट कारपोरेशन लिमिटेड (एसआईआरईएल) और सहारा हाउसिंग इन्वेस्टमेंट कारपोरेशन लिमिटेड (एसएचआईसीएल) को वैकल्पिक रूप से पूर्ण परिवर्तनीय बांड (ओएफसीडी) के रूप में पहचाने जाने वाले कुछ बांडों के जरिए करीब तीन करोड़ निवेशकों से जुटाए गए धन को वापस करने का आदेश दिया था।नियामक ने आदेश में कहा था कि दोनों कंपनियों ने उसके नियमों और विनियमों का उल्लंघन करके धन जुटाया था। लंबी कानूनी लड़ाई के बाद उच्चतम न्यायालय ने 31 अगस्त 2012 को सेबी के निर्देशों को बरकरार रखा और दोनों कंपनियों को निवेशकों से एकत्र धन 15 प्रतिशत ब्याज के साथ वापस करने को कहा था। इसके बाद सहारा को निवेशकों को धन लौटाने के लिए सेबी के पास अनुमानित 24,000 करोड़ रुपये जमा करने को कहा गया। हालांकि समूह लगातार यह कहता रहा कि उसने पहले ही 95 प्रतिशत से अधिक निवेशकों को प्रत्यक्ष रूप से भुगतान कर दिया है।पूंजी बाजार नियामक की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सहारा समूह की दो कंपनियों के निवेशकों को 11 वर्षों में 138.07 करोड़ रुपये वापस किए। इस बीच पुनर्भुगतान के लिए विशेष रूप से खोले गए बैंक खातों में जमा राशि बढ़कर 25,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। सहारा की दो कंपनियों के अधिकतर बांड धारकों ने इसको लेकर कोई दावा नहीं किया और कुल राशि पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में करीब सात लाख रुपये बढ़ गई, जबकि सेबी-सहारा पुनर्भुगतान खातों में इस दौरान शेष राशि 1,087 करोड़ रुपये बढ़ गई। वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, सेबी को 31 मार्च, 2023 तक 53,687 खातों से जुड़े 19,650 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 48,326 खातों से जुड़े 17,526 आवेदनों के लिए 138.07 करोड़ रुपये की कुल राशि लौटाई गई।


## समाहरणालय, लातेहार

(भू–अर्जन शाखा)

समाहर्ता या समुचित सरकार

प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

संख्या– 571 /भू0 अ0 — दिनांक–14.11.2023

चूंकि झारखण्ड सरकार /समाहर्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–मेढारी थाना–महुआडांड़ थाना संख्या–112 अंचल–महुआडांड़ जिला–लातेहार में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना–**हामी से ओरसा (कुसमी) छत्तीसगढ़ सीमा तक पथ (कुल लंबाई–13.466 कि0मी0) निर्माण** अपेक्षित है पथ निर्माण के दौरान ज्यादातर लोगों की जमीन का अंश भाग अधिग्रहित किया जायेगा। परियोजना हेतु भू–अर्जन किये जाने की सहमति दी जाती है। भू–अर्जन के कारण कुल शून्य परिवारों के विस्थापित होने की संभावना है। इस बाध्यकारी विस्थापन का कारण नीचे दिया गया है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्ता अथवा नियम 2 (1)(ख) के तहत् नियुक्ति पदाधिकारी को प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–मेढारी थाना–महुआडांड़ थाना संख्या–112 अंचल–महुआडांड़ जिला–लातेहार में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–**2.950** एकड़ मानक माप का भूखंड, प्रारंभिक अधिसूचना किया जाता है। जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है। (हाल सर्वे के अनुसार)

| क्र0 सं0 | ग्राम का नाम | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | भूमि का स्वामित्व | भूमि का प्रकार | कुल खतियानी क्षेत्र (रकबा) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | खतियानी रैयत का नाम | पूरा पता सहित वर्तमान रैयत का नाम | अर्जन की जाने वाली भूमि की चौहददी | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | मेढारी | 162 | 129 | रैयती | झाड़ी | 1.01 | 0.040 | श्यामपति देवी पिता चौठा चमार | श्यामपति देवी पिता चौठा चमार | सड़क | 129 अंश | 128 | 130 |
| 2 | मेढारी | 114 | 134 | रैयती | टाड़ तीन | 0.33 | 0.030 | रामजीत खेरवार पिता कान्दू खेरवार | रामजीत खेरवार पिता कान्दू खेरवार | सड़क | 135 | सड़क | 134 अंश |
| 2 | मेढारी | 41 | 136 | रैयती | टाड़ तीन | 0.50 | 0.010 | छासी महतो पिता देवचन्द महतो वैगरह | छासी महतो पिता देवचन्द महतो वैगरह | सड़क | 135 | 134 | 136 अंश |
| 4 | मेढारी | 6 | 137 | रैयती | टाड़ तीन | 0.44 | 0.020 | अमीन किसान पिता सुखु किसान वैगरह | अमीन किसान पिता सुखु किसान वैगरह | 136 | 139 | 137 अंश | सड़क |
| 5 | मेढारी | 6 | 40 | रैयती | टाड़ तीन | 0.40 | 0.010 | अमीन किसान पिता सुखु किसान वैगरह | अमीन किसान पिता सुखु किसान वैगरह | 39 | 41 | सियाना | रास्ता |
| 6 | मेढारी | 6 | 46 | रैयती | टाड़ तीन | 0.13 | 0.035 | अमीन किसान पिता सुखु किसान वैगरह | अमीन किसान पिता सुखु किसान वैगरह | 46 अंश | सड़क | 49 | सड़क |
| 7 | मेढारी | 6 | 703 | रैयती | टाड़ तीन | 0.41 | 0.070 | अमीन किसान पिता सुखु किसान वैगरह | अमीन किसान पिता सुखु किसान वैगरह | सड़क | 714 अंश | 702 | 704 |
| 8 | मेढारी | 6 | 702 | रैयती | टाड़ तीन | 0.10 | 0..015 | अमीन किसान पिता सुखु किसान वैगरह | अमीन किसान पिता सुखु किसान वैगरह | सड़क | 702 अंश | 699 | 703 |
| 9 | मेढारी | 6 | 699 | रैयती | टाड़ तीन | 0.08 | 0.020 | अमीन किसान पिता सुखु किसान वैगरह | अमीन किसान पिता सुखु किसान वैगरह | सड़क | 699 अंश | 671 | 701 |
| 10 | मेढारी | 6 | 653 | रैयती | टाड़ तीन | 0.39 | 0.065 | अमीन किसान पिता सुखु किसान वैगरह | अमीन किसान पिता सुखु किसान वैगरह | 659 | 651 | रास्ता | 653 अंश |
| 11 | मेढारी | 6 | 791 | रैयती | टाड़ तीन | 0.03 | 0.020 | अमीन किसान पिता सुखु किसान वैगरह | अमीन किसान पिता सुखु किसान वैगरह | 791 अंश | सड़क | 790 | 792 |
| 12 | मेढारी | 6 | 793 | रैयती | टाड़ तीन | 0.10 | 0.015 | अमीन किसान पिता सुकु किसान वैगरह | अमीन किसान पिता सुकु किसान वैगरह | 793 अंश | सड़क | 793 | 794 |
| 13 | मेढारी | 6 | 760 | रैयती | टाड़ तीन | 0.38 | 0.100 | अमीन किसान पिता सुखु किसान वैगरह | अमीन किसान पिता सुखु किसान वैगरह | 761 | सीमान | 760 अंश | रास्ता |
| 14 | मेढारी | 6 | 794 | रैयती | टाड़ तीन | 0.04 | 0.035 | अमीन किसान पिता सुकु किसान वैगरह | अमीन किसान पिता सुकु किसान वैगरह | 794 | सड़क | 793 | 821 |
| 15 | मेढारी | 68 | 93 | रैयती | मकान | 0.03 | 0.030 | नारायण मिस्त्री पिता अकलू मिस्त्री | नारायण मिस्त्री पिता अकलू मिस्त्री | 94 | 96 | सड़क | 93 अंश |
| 16 | मेढारी | 68 | 94 | रैयती | टाड़ दो | 0.14 | 0.010 | नारायण मिस्त्री पिता अकलू मिस्त्री | नारायण मिस्त्री पिता अकलू मिस्त्री | 89 | 93 | सड़क | 94 अंश |
| 17 | मेढारी | 68 | 57 | रैयती | टाड़ दो | 0.39 | 0.015 | नरायण मिस्त्री पिता अवलू मिस्त्री | नरायण मिस्त्री पिता अवलू मिस्त्री | 60 | 54 | 57 अंश | सड़क |
| 18 | मेढारी | 68 | 56 | रैयती | मकान तीन | 0.03 | 0.020 | नरायण मिस्त्री पिता अवलू मिस्त्री | नरायण मिस्त्री पिता अवलू मिस्त्री | 57 | 57 | 56 अंश | सड़क |
| 19 | मेढारी | 152 | 89 | रैयती | मकान दो | 0.04 | 0.010 | रेणु मिस्त्री पिता तेतरा मिस्त्री | रेणु मिस्त्री पिता तेतरा मिस्त्री | 90 | 94 | सड़क | 89 अंश |
| 20 | मेढारी | 152 | 90 | रैयती | टाड़ तीन | 0.27 | 0.020 | रेणु मिस्त्री पिता तेतरा मिस्त्री | रेणु मिस्त्री पिता तेतरा मिस्त्री | 88 | 89 | सड़क | 90 अंश |
| 21 | मेढारी | 152 | 88 | रैयती | टाड़ तीन | 0.23 | 0.045 | रेणु मिस्त्री पिता तेतरा मिस्त्री | रेणु मिस्त्री पिता तेतरा मिस्त्री | 87 | 90 | सड़क | 88 अंश |
| 22 | मेढारी | 152 | 75 | रैयती | टाड़ तीन | 0.12 | 0.040 | रेणु मिस्त्री पिता तेतरा मिस्त्री | रेणु मिस्त्री पिता तेतरा मिस्त्री | 76 | 58 | 75 अंश | सड़क |
| 23 | मेढारी | 166 | 76 | रैयती | टाड़ तीन | 0.12 | 0.020 | शंकर वड़ाईक पिता भूलन वड़ाईक | शंकर वड़ाईक पिता भूलन वड़ाईक | 24 | 75 | 76 अंश | सड़क |
| 24 | मेढारी | 115 | 54 | रैयती | टाड़ तीन | 0.52 | 0.040 | भागूड़ मिस्त्री पिता नान्हु मिस्त्री | भागूड़ मिस्त्री पिता नान्हु मिस्त्री | 57 | 51 | 54 अंश | सड़क |
| 25 | मेढारी | 115 | 53 | रैयती | मकान | 0.01 | 0.010 | भागूड़ मिस्त्री पिता नान्हु मिस्त्री | भागूड़ मिस्त्री पिता नान्हु मिस्त्री | 57 | 54 | 53 अंश | सड़क |
| 26 | मेढारी | 33 | 43 | रैयती | टाड़ तीन | 0.53 | 0.050 | गणपत मिस्त्री पिता सुखपाल मिस्त्री | गणपत मिस्त्री पिता सुखपाल मिस्त्री | 65 | सड़क | सड़क | 43 अंश |
| 27 | मेढारी | 11 | 892 | रैयती | टाड़ दो | 0.32 | 0.045 | रोवट उराँव पिता शनिचर उराँव वैगरह | रोवट उराँव पिता शनिचर उराँव वैगरह | 991 | 893 | सड़क | 892 अंश |
| 28 | मेढारी | 69 | 894 | रैयती | टाड़ तीन | 0.65 | 0.035 | निकोलस उराँव पिता अलवीरा उराँव | निकोलस उराँव पिता अलवीरा उराँव | 893 | 895 | सड़क | 894 अंश |
| 29 | मेढारी | 69 | 913 | रैयती | टाड़ तीन | 1.34 | 0.050 | निकोलस उराँव पिता अलवीरा उराँव | निकोलस उराँव पिता अलवीरा उराँव | 911 | 914 | सड़क | 913 अंश |
| 30 | मेढारी | 69 | 758 | रैयती | टाड़ तीन | 1.30 | 0.105 | निकोलस उराँव पिता अलवीरा उराँव | निकोलस उराँव पिता अलवीरा उराँव | 914 | 744 | सड़क | 758 अंश |
| 31 | मेढारी | 69 | 885 | रैयती | टाड़ तीन | 1.54 | 0.125 | निकोलस उराँव पिता अलवीरा उराँव | निकोलस उराँव पिता अलवीरा उराँव | 885 अंश | सड़क | 889 | 884 |
| 32 | मेढारी | 123 | 898 | रैयती | टाड़ तीन | 1.36 | 0.040 | मतियस उराँव पिता ग्रडियल उराँव | मतियस उराँव पिता ग्रडियल उराँव | 894 | 899 | सड़क | 998 अंश |
| 33 | मेढारी | 123 | 914 | रैयती | टाड़ तीन | 1.43 | 0.095 | मतियस उराँव पिता ग्रडियल उराँव | मतियस उराँव पिता ग्रडियल उराँव | 613 | 758 | सड़क | 714 अंश |
| 34 | मेढारी | 123 | 874 | रैयती | टाड़ तीन | 0.50 | 0.045 | मतियस उराँव पिता गब्रियल उराँव वैगरह | मतियस उराँव पिता गब्रियल उराँव वैगरह | 875 | 872 | 874 | सड़क |
| 35 | मेढारी | 98 | 742 | रैयती | टाड़ तीन | 1.11 | 0.115 | बन्धु उराँव पिता सुखु– उराँव वैगरह | बन्धु उराँव पिता सुखु– उराँव वैगरह | 744 | 732 | सड़क | 742 अंश |
| 36 | मेढारी | 98 | 884 | रैयती | टाड़ तीन | 0.69 | 0.005 | बन्धु उराँव पिता सुखु– उराँव वैगरह | बन्धु उराँव पिता सुखु– उराँव वैगरह | 883 | 876 | 884 | सड़क |
| 37 | मेढारी | 98 | 722 | रैयती | टाड़ तीन | 0.20 | 0.030 | बन्धु उराँव पिता सुखु– उराँव वैगरह | बन्धु उराँव पिता सुखु– उराँव वैगरह | 725 | 776 | सड़क | 722 अंश |
| 38 | मेढारी | 110 | 728 | रैयती | टाड़ तीन | 0.36 | 0.035 | बेनेदिकला उराँव पति जुतियस उराँव | बेनेदिकला उराँव पति जुतियस उराँव | 732 | 725 | सड़क | 728 अंश |
| 39 | मेढारी | 110 | 725 | रैयती | टाड़ तीन | 0.82 | 0.060 | बेनेदिकला उराँव पति जुतियस उराँव | बेनेदिकला उराँव पति जुतियस उराँव | 728 | 723 | सड़क | 725 अंश |
| 40 | मेढारी | 4 | 671 | रैयती | टाड़ दो | 0.44 | 0.070 | अन्धरीथस उराँव पिता लोथरो उराँव | अन्धरीथस उराँव पिता लोथरो उराँव | सड़क | 671 अंश | 661 | 671 |
| 41 | मेढारी | 3 | 670 | रैयती | टाड़ तीन | 0.79 | 0.060 | अन्धरीथस उराँव पिता लोथरो उराँव | अन्धरीथस उराँव पिता लोथरो उराँव | सड़क | 670 अंश | 661 | 671 |
| 42 | मेढारी | 3 | 789 | रैयती | टाड़ तीन | 1.23 | 0.030 | अन्धरीय उराँव पिता लोथरो उराँव | अन्धरीय उराँव पिता लोथरो उराँव | 789 | सड़क | 787 | 790 |
| 43 | मेढारी | 89 | 661 | रैयती | टाड़ दो | 0.49 | 0.110 | पौलुस उराँव पिता डहरू उराँव वैगरह | पौलुस उराँव पिता डहरू उराँव वैगरह | सड़क | 661 अंश | 660 | 670 |
| 44 | मेढारी | 89 | 701 | रैयती | टाड़ तीन | 0.69 | 0.040 | पौलुस उराँव पिता डहरू उराँव वैगरह | पौलुस उराँव पिता डहरू उराँव वैगरह | सड़क | 701 अंश | 699 | 702 |
| 45 | मेढारी | 89 | 787 | रैयती | टाड़ तीन | 0.96 | 0.110 | पौलुस उराँव पिता डहरू उराँव वैगरह | पौलुस उराँव पिता डहरू उराँव वैगरह | 787 अंश | सड़क | 786 | 789 |
| 46 | मेढारी | 89 | 830 | रैयती | टाड़ तीन | 1.55 | 0.075 | पौलुस उराँव पिता डहरू उराँव वैगरह | पौलुस उराँव पिता डहरू उराँव वैगरह | 832 | 828 | 830 अंश | सड़क |
| 47 | मेढारी | 89 | 792 | रैयती | टाड़ तीन | 0.29 | 0.045 | पौलुस उराँव पिता डहरू उराँव वैगरह | पौलुस उराँव पिता डहरू उराँव वैगरह | 792 अंश | सड़क | 791 | 793 |
| 48 | मेढारी | 144 | 660 | रैयती | टाड़ तीन | 0.08 | 0.040 | रामजीत खेरवार पिता कान्दु खेरवार वैगरह | रामजीत खेरवार पिता कान्दु खेरवार वैगरह | सड़क | 660 अंश | 659 | 661 |
| 49 | मेढारी | 144 | 134 | रैयती | टाड़ तीन | 0.33 | 0.030 | रामजीत खेरवार पिता कान्दु खेरवार वैगरह | रामजीत खेरवार पिता कान्दु खेरवार वैगरह | सड़क | 135 | सड़क | 134 अंश |
| 50 | मेढारी | 140 | 659 | रैयती | टाड़ दो | 2.60 | 0.120 | राधामोहननाथ साह पिता छठु साह वैगरह | राधामोहननाथ साह पिता छठु साह वैगरह | सड़क | 659 अंश | सड़क | 662 |
| 51 | मेढारी | 140 | 761 | रैयती | टाड़ दो | 1.09 | 0.100 | राधामोहननाथ साह पिता छठु साह वैगरह | राधामोहननाथ साह पिता छठु साह वैगरह | 761 अंश | सड़क | 762 | 786 |
| 52 | मेढारी | 113 | 889 | रैयती | टाड़ तीन | 0.72 | 0.050 | वोडरा खेरवार पिता बिगुआ खेरवार | वोडरा खेरवार पिता बिगुआ खेरवार | 991 | 888 | 889 अंश | रास्ता |
| 53 | मेढारी | 151 | 876 | रैयती | धान दो | 2.64 | 0.050 | रूचेन उराँव पिता दानियल उराँव | रूचेन उराँव पिता दानियल उराँव | 884 | 875 | 876 अंश | सड़क |
| 54 | मेढारी | 151 | 875 | रैयती | धान दो | 1.05 | 0.040 | रूचेन उराँव पिता दानियल उराँव | रूचेन उराँव पिता दानियल उराँव | 876 | 874 | 875 अंश | सड़क |
| 55 | मेढारी | 151 | 706 | रैयती | टाड़ तीन | 0.92 | 0.100 | रूचेन उराँव पिता दानियल उराँव | रूचेन उराँव पिता दानियल उराँव | सड़क | 706 अंश | 705 | 722 |
| 56 | मेढारी | 151 | 822 | रैयती | टाड़ तीन | 0.20 | 0.040 | रूचेन उराँव पिता दानियल उराँव | रूचेन उराँव पिता दानियल उराँव | 823 | सड़क | 822 | सड़क |
| 57 | मेढारी | 46 | 833 | रैयती | टाड़ तीन | 2.83 | 0.110 | जूलूयस उराँव पिता दुखा उराँव वैगरह | जूलूयस उराँव पिता दुखा उराँव वैगरह | 872 | सड़क | 833 अंश | सड़क |
| 58 | मेढारी | 46 | 828 | रैयती | टाड़ तीन | 0.92 | 0.040 | जूलूयस उराँव पिता दुखा उराँव वैगरह | जूलूयस उराँव पिता दुखा उराँव वैगरह | 829 | 823 | 828 अंश | सड़क |
| 59 | मेढारी | 46 | 823 | रैयती | टाड़ तीन | 2.12 | 0.085 | जूलूयस उराँव पिता दुखा उराँव वैगरह | जूलूयस उराँव पिता दुखा उराँव वैगरह | 889 | 822 | 823 अंश | सड़क |
| 60 | मेढारी | 67 | 790 | रैयती | टाड़ तीन | 1.00 | 0.040 | दीमनिक उयईन पिता महरू उराँव | दीमनिक उयईन पिता महरू उराँव | 790 अंश | सड़क | 789 | 791 |
| कुल– | | | | | | | 2.950 | | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013) की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है। भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लातेहार के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा।

झारखण्ड सरकार /समाहर्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निश्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लातेहार और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्ता के पूर्व अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा कय / विकय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लातेहार के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/–

उपायुक्त,लातेहार

PR 311383 Land Reforms(23-24).D

ज्ञान की बात

अच्छी सोच, अच्छे विचार और अच्छी भावना मन को हल्का करती है, इसलिए हंसते रहिए, हंसाते रहिए और मुस्कुराते रहिये।

– अज्ञात



# स्थापना व 2024 का आगाज

***झारखंड*** अपनी स्थापना की 23वीं वर्षगांठ मना रहा है। विज्ञापन और आलेख से अखबार के पन्ने भरे रहे। लेकिन जब तक सड़क और इलाज के अभाव में मौतें होगीं,विकास की बात बेमानी होगी। जिस वक्त राज्य में स्थापना दिवस की धूम थी,उसी वक्त इलाज के अभाव में झारखंड के डुमरी प्रखंड के एक गांव में महिला ने दम तोड़ दिया। कारण इलाज के लिए उस महिला को अस्पताल नसीब नहीं हो सका। पहाड़ की तराई में बसे इस आदिवासी गांव में एंबुलेस के लिए रास्ता नहीं था। महिला की मौत आवागमन नहीं होने की वजह से हो गयी। उसकी मौत तालियों की आवाज में दफन हो गयी। ऐसे में हम कह सकते हैं कि राज्य के विकास का पैटर्न बहुत विषम है। इन चुनौतियों को सामूहिक भागीदारी से निपटाना होगा। बहरहाल यह मौका है राज्य को विकसित राज्य की श्रेणी में खड़ा करने का। ऐसे समय में यह कहा जा सकता है कि युवा झारखंड को चमकाने के लिए भविष्य के आकाश को समझना होगा। आशावादी दृष्टिकोण रखने की जरूरत है,हताशा किसी भी चीज के लिए अच्छी नहीं होती है। लेकिन यह दिल है कि मानता ही नहीं है। इसे मनाने और समझाने की जरूरत है। नकारात्मक बातें यहां अच्छी नहीं लगती हैं। सकारात्मक सोच से झारखंड को आगे ले जाने की जरूरत है। कुछ अच्छी बातें यह कि आज के युवाओं की जिद का ही नतीजा है कि हम सभी क्षेत्रों में सफलता के झंडे गाड़ रहे हैं। चाहे खेल का मैदान हो या अध्यन - अध्यापन का या और क्षेत्रों में इनकी बदौलत राज्य का नाम दुनिया में है। वहीं सामाजिक और राजनीतिक स्तर के अलावा रोजगार शिक्षा स्वास्थ्य आदि के स्तर पर अब भी बहुत कुछ किये जाने की आवश्यता है। राज्य की प्रति व्यक्ति आमदनी राष्ट्रीय औसत से कम से कम 11 प्रतिशत की दर से ग्रोथ कराना होगा। राज्य में कृषि क्षेत्र में में पचास प्रतिशत से अधिक लोग काम करते हैं,लेकिन इसे मुश्किल से 14-15 प्रतिशत ही जीडीपी में योगदान मिल पाता है। ऐसे में कहा जा सकता है कि इन चुनौतियों को सामूहिक भागीदारी से निपटाना होगा। यह चुनौती संकल्पों से बड़ी नहीं है। बस जरूरत है पुरानी गलतियों से सबक लेते हुए आगे बढ़ते रहने की। राज्य स्थापना के बाद क्या होना चाहिए,क्या नहीं हुआ। इन तमाम बातों को खारिज करते हुए अब समय है विराम दिया जाना चाहिए। अच्छा होगा आगे की सुधि ली जाये। हमारे दरवाजे के आंगन में बहुत जल्द 2024 आने को बेताब है। ऐसी स्थिति में आने वाला साल राज्य के लिए सुनहला हो,इस बात पर फोकस करने की जरूरत है। देश के प्रधानमंत्री और राज्य के मुख्यमंत्री ने स्थापना दिवस के मौके पर बहुत अच्छी बातों के अलावे कई प्रकार के सौगातों की बौछार की है। अच्छा होगा कि हम उसे आत्मसात करें,और झारखंड के सपनों को आकार दें। यही स्थापना दिवस और भगवान बिरसा मुंडा के प्रति सच्ची श्रद्वांजलि होगी।समस्याओं के मकड़जाल में उलझने के बजाये निकलने की युक्ति सार्थक हो,यह प्रयास सरकार के साथ-साथ सबको करने की जरूरत है। कारण हमारे आंगन के दरख्त में पूर्वजों की आत्मा बसती है। उन महान आत्मा को सच्ची श्रद्वांजलि देने का वक्त आ गया है। इसके पीछे की साफ वजह यह है कि हम अब बच्चे नहीं रह गये हैं। 23 साल का समय कोई कम नहीं होता है। ऐसे में साल 24 में हमारी गलतियों को माफ नहीं किया जायेगा।

**राज्य की प्रति व्यक्ति आमदनी राष्ट्रीय औसत से कम से कम 11 प्रतिशत की दर से ग्रोथ कराना होगा। राज्य में कृषि क्षेत्र में में पचास प्रतिशत से अधिक लोग काम करते हैं,लेकिन इसे मुश्किल से 14-15 प्रतिशत ही जीडीपी में योगदान मिल पाता है। ऐसे में कहा जा सकता है कि इन चुनौतियों को सामूहिक भागीदारी से निपटाना होगा।**

# दिल्ली समेत उत्तर भारत में प्रदूषण से लाखों की जान खतरे में



राय तपन भारती



***रजनीश*** साहनी अपने परिवार में अकेले कमाने वाले एकमात्र सदस्य हैं और उनके ऊपर पांच लोगों का पेट भरने की जिम्मेदारी है। वह बड़ी इमारत के निर्माण स्थान पर ईंट, रेत और सीमेंट की बोरियों ढोने का काम करते हैं, लेकिन नोएडा, दिल्ली में निर्माण कार्य पर प्रतिबंध लगने के कारण उन्हें 10 दिन से कोई काम नहीं मिल रहा है। रजनीश जैसा हाल बिहार, बंगाल, मध्य प्रदेश, ओडिशा से एनसीआर में आये अन्य मजदूरों का भी है। सरकार फिलहाल उनके लिए कुछ नहीं कर रही है कोर्ट की भी उन पर नजर अभी नहीं है। यमुनापार लक्ष्मीनगर के पास अपनी झुग्गी के पास बैठे साहनी कहते हैं, 'अगर मैं वायु प्रदूषण से बीमार हो जाऊं और मर जाऊं, तो मैं काम करते हुए मरना पसंद करूंगा, क्योंकि मेरे पास परिवार का पेट भरने के लिए कुछ होगा। राजधानी दिल्ली समेत देश के कई भाग इन दिनों वायु प्रदूषण की चपेट में है।' हालत सुधरने के बजाय बिगड़ती जा रही है। दिल्ली में ऑड-इवेन फॉर्मूला लागू नहीं है पर यहाँ पटाखे जलाने पर रोक लगा दी गई है। साथ ही बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण स्कूल बंद कर दिये गये हैं। धुंध के आगोश में देश की राजधानी दिल्ली में बीएस-4 की सभी गाड़ियां बंद हैं और कॉमर्शियल ट्रक की इंट्री पर पाबंदी लगा दी गई है। 'इन सबके बीच झारखंड से सुखद समाचार यह है कि यहां का एक्यूआई लेवल करीब-करीब सभी शहरों में भी 50-100 के बीच है। जिस वजह से यहां दम घुटने या आंख में जलन की समस्या नहीं देखी जा रही है। धनबाद में प्रदूषण की जबरदस्त शिकायत है जिसको लेकर रांची हाईकोर्ट में एक याचिका भी दायर है। साल 2022 में दुनिया का 8वां सबसे प्रदूषित देश भारत रहा। साल 2021 में भारत 5वें स्थान पर था। चिंता की बात यह भी है कि भारत के लोग विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों से सात गुना जहरीली हवा में सांस ले रहे हैं। मंगलवार को सामने आई स्विस संस्था IQAir की 'वर्ल्ड एयर क्वॉलिटी' रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट में 2022 के प्रदूषण के आधार पर 131 देशों का आकलन किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित 20 शहरों में 19 एशिया के हैं, जिनमें 14 भारतीय शहर हैं। टॉप 50 प्रदूषित शहरों में 39 भारत के हैं। भारत का सबसे प्रदूषित शहर राजस्थान का भिवाड़ी रहा। महानगरों में सबसे प्रदूषित दिल्ली रही है। प्रदूषित राजधानियों में नई दिल्ली दूसरे पायदान पर है। साल 2021 में यह सबसे प्रदूषित थी। दो करोड़ की आबादी वाला दिल्ली और आसपास के सारे एनसीआर शहर साल भर चरम मौसम का सामना करते हैं। यही हाल कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, पटना और मुंबई के हैं। उत्तर भारत में चिलचिलाती गर्मी से लेकर मूसलाधार बारिश और सर्दी शुरू होने से पहले शहर के लोग जहरीली धुंध का सामना करते हैं।

**हर साल एक ही समस्या :** दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानियों में से एक है। हर साल अक्टूबर-नवंबर की शुरूआत से ही शहर खराब वायु गुणवत्ता की चपेट में आ जाता है। समस्या से निपटने के सरकार के वादों के बावजूद हर साल दिल्ली इस दौरान खराब एयर क्वालिटी से जूझती है। प्रदूषण के कारण यहाँ लोगों की आंखों में हर वक्त पानी रहता है। धूल और वाहनों के धुएं को कम करने की उम्मीद में पहले भी निर्माण कार्य पर प्रतिबंध लगाये गये हैं। इससे शहर को भले कुछ राहत मिले, लेकिन साहनी जैसे हजारों मजदूर बेरोजगार हो जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट के डर से कुछ विभागों के अफसर हवा में सूक्ष्म कणों को साफ करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ऐसा नहीं करने पर यह कण विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की सुरक्षित सीमा से लगभग 20 गुना अधिक स्तर तक बढ़ सकते हैं! 45 वर्षीय साहनी को एक दिन के काम के लिए महज 500 रुपये मिलते हैं। उनके लिए भी सर्दियों में जहरीली हवा के बीच काम करना मुश्किल होता है। वह कहते हैं, 'खासकर ऐसे समय में भारी सामान उठाना कठिन है, जब प्रदूषण हो। जब धुआं फेफड़ों में जाता है और आंखें जलने लगती हैं तो मुझे बहुत खांसी होती है।' रजनीश मौर्य के मुताबिक बचाव का एकमात्र उपाय चेहरे पर रूमाल डालना है! ग्रीनपीस इंडिया के कैंपेन मैनेजर अविनाश चंचल का कहना है कि वायु प्रदूषण भारत के लिए बड़ा खतरा है। सरकार को इसे कम करने के लिए तुरंत ठोस कदम उठाने की जरूरत है। उद्योगों, गाड़ियों से होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए सख्त नियमों की जरूरत है। इसके साथ ही सरकार को पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम में निवेश करने की जरूरत है।

**यमुनापार लक्ष्मीनगर के पास अपनी झुग्गी के पास बैठे साहनी कहते हैं, 'अगर मैं वायु प्रदूषण से बीमार हो जाऊं और मर जाऊं, तो मैं काम करते हुए मरना पसंद करूंगा, क्योंकि मेरे पास परिवार का पेट भरने के लिए कुछ होगा।**

**इन दिनों**

**दिल्ली और आसपास के एनसीआर शहरों को चाहिए साफ हवा :** हर साल इस समय ठंडी हवा धुंध, धुएं और धूल से मिल कर भारी हो जाती है और आसमान पर स्मॉग छा जाताहै। फैक्टरियों के धुएं, निर्माण के कारण उड़ने वाली धूल, गाड़ियों से निकला धुआं और खेतों में पराली जलने से उठा धुआं इस स्मॉग की चादर को बनाते हैं। हवा में मौजूद पीएम 2.5 और पीएम 10 कणों (पार्टिकुलेट मैटर) को प्रदूषण का एक बड़ा पैमाना माना जाता है। पीएम 2.5 बेहद छोटे कण होते हैं और ये इंसान के शरीर में जाकर बहुत नुकसान पहुंचाते हैं। सुप्रीम कोर्ट के डर और समाधान की तलाश में शहर के अधिकारियों ने निर्माण कार्यों पर प्रतिबंध लगा दिया है, शहर में आने वाले भारी वाहनों की एंट्री पर रोक लगा दी और स्कूल भी बंद कर दिये गये। एंटी स्मॉग गन से आसमान में फैले धूल के कणों को हटाया जा रहा है पर ये कोशिशें नाकाफी हैं। पिछले हफ्ते हुई बारिश से एनसीआर के शहरों के लोगों को थोड़ी राहत मिली। लेकिन बैन के बावजूद कुछ लोगों ने रविवार को दिवाली पर खूब पटाखे चलाये। इससे दिल्ली में सोमवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 420 तक पहुंच गया। स्विस समूह आईक्यूएयर द्वारा यह स्तर 'खतरनाक' श्रेणी में आता है!

**लाखों लोगों की जान लेता प्रदूषण :** हवा की गुणवत्ता को 0 से 500 के स्केल पर नापा जाता है। 0 से 50 के बीच एयर क्वॉलिटी को बहुत अच्छा माना जाता है, जबकि 300 से ऊपर यह बेहद खतरनाक होती है। दिल्ली में हर साल एक्यूआई 300 से ऊपर दर्ज किया जाता है और लोगों के लिए यह आम बात हो गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि वायु प्रदूषण से हर साल दुनिया भर में 42 लाख लोगों की मौत हो जाती है इनमें एक चौथाई केवल भारत में मरते हैं। दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद में सरकारी अधिकारी हवा खराब होने पर लोगों को बाहरी गतिविधियां सीमित करने की सलाह देते हैं। लेकिन मौर्य जैसे मजदूरों का कहना है कि वे घर पर बैठने या बीमार होने का जोखिम नहीं उठा सकते! 23 साल के एक और मजदूर प्रमोद कुमार कहते हैं, 'अगर मैं बीमार पड़ गया, तो सब कुछ बिखर जायेगा। कुमार भी शिकायत करते हैं कि उन्होंने कई दिनों से काम नहीं किया है!

**(नोएडा- गाजियाबाद में बसे लेखक आर्थिक मामलों के पत्रकार हैं)**

## बोधि वृक्ष

***आइये सुने ऋषि वशिष्ठ की कहानी***

***तब*** महर्षि वशिष्ठ ने विशेष यज्ञ किया और यज्ञ के संपन्न होते ही सरयू नदी आश्रम के कुएँ से बहने लगी। आज के समय में सरयू नदी को वाशिष्ठी और इक्श्वाकी के नाम से भी जाना जाता है। ऐसा कहा जाता है की आश्रम के अन्दर का कुआँ नदी से जुड़ा हुआ है। जो यात्री तीर्थ यात्रा के लिए जाते है वे यहाँ पर इस कुएँ को देखने के लिए भी आते है। महर्षि वशिष्ठ के इस आश्रम को एक संपन्न तीर्थ स्थल माना जाता है।

**(समाप्त)**

**आईये सुने कथा ऋषि विश्वामित्र की**

***कथाओ*** में कई महान ऋषियों का उल्लेख मिलता है। इनमें से एक हैं महर्षि विश्वामित्र। कहते हैं कि विश्वामित्र जन्म से ब्राह्मण नहीं, बल्कि क्षत्रिय थे। उन्हें राजा कौशिक के नाम से जाना जाता था। एक बार उनकी मुलाकात महर्षि वशिष्ठ से हुई और फिर कुछ ऐसा हुआ कि उन्होंने तप शुरू कर दिया और वेद-पुराण का ज्ञान लेकर महान ऋषि बन गये।

**कौन थे राजा कौशिक :** राजा कौशिक कुशनाभ के पौत्र और राजा गाधि के पुत्र थे। वे बहुत ही सहज और सौम्य शासक थे। राजा कौशिक अपनी प्रजा का बहुत ध्यान रखते थे। अक्सर वे प्रजा की हालात को जानने के लिए महल से बाहर निकल पड़ते थे। एक बार राजा कौशिक अपनी विशाल सेना के साथ जंगल की ओर निकले। बीच में महर्षि वशिष्ठ का आश्रम पड़ा। राजा कौशिक महर्षि वशिष्ठ से मिलने के लिए अपनी सेना के साथ वहीं ठहर गये। महर्षि वशिष्ठ ने राजा कौशिक और उनकी सेना की खूब आवभगत की। सभी सैनिकों को अच्छे से अच्छे व्यंजन परोसे गये। ये देखकर राजा अत्यंत प्रसन्न हुए।

**(क्रमशः)**

# टॉर्चर सेंटर में क्यों बदल रहे हैं नशा मुक्ति केंद्र



डॉ. रमेश ठाकुर

***मध्य*** प्रदेश के रीवा में संचालित 'संकल्प नशा मुक्ति' नाम के एक सेंटर के भीतर से दिल दहला देनी वाली घटना ने बेलगाम नशा मुक्ति केंद्रों की हकीकत को सामने ला दिया है। वहां भर्ती नशे के आदी युवक के साथ केंद्र के कर्मचारियों ने सभी हदों को पार कर दिया। कर्मचारियों ने युवक के निजी पार्ट में गैस चूल्हा जलाने वाला लाइटर डाल दिया, जिससे युवक की आंत फट गई, हालत इतनी बिगड़ी कि अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा। इलाज के एकाध दिन बाद जब उसने घटना की जानकारी परिजनों को दी तो सभी के होश उड़ गये। देशभर में फैले नशा मुक्ति केंद्रों के भीतर नशेड़ियों के साथ कैसी-कैसी बर्बरतायें की जाती है, रीवा की ये ताजा घटना बानगी मात्र है। इससे भी कहीं ज्यादा यातनाएं सेंटरों में दी जाती हैं। महिलाओं के साथ कैसा सलूक होता है, उसकी कल्पना तक नहीं कर सकते। नशा मुक्ति केंद्र केंद्रीय व राज्य सरकारों के समाज कल्याण विभाग द्वारा तय नियमों से संचालित किये जाते हैं। पर हकीकत ये है कि नशा मुक्ति केंद्रों में सरकारी नियमों को खूंटियों पर टांग दिया जाता है। सेंटर वाले न तो समाज कल्याण विभाग की कोई गाइडलाइन फॉलो करते हैं और न ही सरकार की ओर से कोई निगरानी करने जाता है। शिकायतों पर थोड़ी बहुत खलबली मचती है, वरना कुछ नहीं होता। जबकि, कागजों में देखरेख की व्यवस्थाएं बहुतेरी हैं। ऐसा लगता है कि जैसे सरकारी महकमे के लोग भी नशे के आदी मरीजों को उनकी किस्मत पर ही छोड़ देते हैं। नशा मुक्ति केंद्र ज्यादातर एनजीओ की आड़ लेकर संचालित होते हैं जिनका मकसद सिर्फ और सिर्फ पैसा कमाना होता है। भारत में आज नशा जिस तेजी से फैला है, उसका फायदा नशा मुक्ति केंद्र वालु ही उठा रहे हैं। कोई एक राज्य नहीं, बल्कि समूचे देश में 'नशा मुक्ति' के नाम पर संगठित धन वसूली का धंधा जोरों पर है। लोगों के लिए ये एक ऐसा व्यवसाय क्षेत्र बन गया है जिसमें आमदनी मनचाही है। क्या शहर, क्या गांव, देहात, कस्बे आदि जगहों पर नशा मुक्ति केंद्र खुले हैं। पंजाब के किसी भी शहर या गांव में जाइये, वहां शिक्षा सेंटरों से ज्यादा आपको नशा मुक्ति सेंटर दिखाई देंगे। पंजाब को ऐसे ही थोड़ी 'उड़ता पंजाब' कहा जाता है। वहां अभी हाल में एक बड़ा सफेदपोश नेता नशा तस्करी के आरोप में अंदर गया है। ये धंधा ज्यादातर समाजसेवा को बहाना बनाकर खोला जाता है। असल में 'नशा मुक्ति-पुर्नवास' की जगह 'यातना केंद्र' में ज्यादा तब्दील हो गये हैं। केंद्रों में नशेड़ियों के साथ कर्मचारी थर्ड डिग्री टॉर्चर, बिजली का शॉक्ड, भूखे रखना और बेहताशा काम करवाते हैं। सेंटर वाले प्रत्येक नशे के मरीज से नशा छुड़ाने का झूठा वादा करते हैं। इसके बदले वो उनके परिजनों से प्रति माह मोटी फीस वसूलते हैं। परिजन इस उम्मीद में अपनों को छोड़ जाते हैं कि लत छूट जायेगी। गौरतलब है कि इस गोरखधंधे की एक और काली सच्चाई है। सेंटरों में शराब छुड़ाने वाले विशेषज्ञ नहीं होते, वहां तकरीबन नौसिखियों की भरमार होती है। जबकि, बाहर लगे बोर्ड पर न्यूरो, मानसिक, ड्रग्स आदि के स्पेशलिस्ट चिकित्सकों व विशेषज्ञों के होने का दावा किया जाता है। वहां, अप्रशिक्षित, अनैतिक व्यवहार करने वाले ही ज्यादातर होते हैं। कई केंद्रों पर तो ये खुद रात के अंधेरे में शराब की बोतलों में घुस कर गोता लगाते हैं, पकड़े भी गये हैं। पंजाब के मानसा जिले में अभी कुछ दिन पहले ही स्थानीय एसडीएम ने एक शिकायत पर देर रात एक नशा मुक्ति केंद्र का औचक निरीक्षक किया, जहां सेंटर का संचालक कर्ता खुद नशे में धुत्त मिला। एक वक्त था जब नशा मुक्ति केंद्र के संबंध में सुनने में ऐसा हुआ करता था कि इन केंद्रों में पहुंचने वाले प्रत्येक नशे के आदी नशे से मुक्ति पा जाते होंगे। पर, सच्चाई इसके बिल्कुल विपरीत होती है। ज्यादातर केंद्रो में नशे के शौकीनों को जेल से भी बदतर खाना परोसा जाता है। जब उन्हें भूख लगती है, खाना मांगते हैं तो सेंटर वाले मानसिक प्रताड़ना, मारपीट, गालियां देने के अलावा मुंह पर थूकना और सरेआम उनके शरीर पर पेशाब भी कर देते हैं।

**देशभर में फैले नशा मुक्ति केंद्रों के भीतर नशेड़ियों के साथ कैसी-कैसी बर्बरतायें की जाती है, रीवा की ये ताजा घटना बानगी मात्र है। इससे भी कहीं ज्यादा यातनाएं सेंटरों में दी जाती हैं।**

**नशा मुक्ति केंद्र**

## फोटो की दुनिया




फेसबुक वॉल से




# मध्य प्रदेश में नहीं दिखा चुनावी माहौल



ऋतुपर्ण दवे

***पहले*** नवरात्रि फिर दशहरा अब धनतेरस, दिवाली, गोवर्धनपूजा, भाई दूज और तुरंत बाद थमता प्रचार। मध्यप्रदेश में इस बार लगभग आधी से ज्यादा सीटों पर विधानसभा चुनाव जैसा कुछ लगा नहीं। बीच में खामोशी को चीरते एकाध प्रचार वाहन में लगे लाउडस्पीकर से प्रत्याशी के समर्थन में रिकॉर्डेड गीत व अपील क्या पता कितना असर डाल पाये? इस बार वाकई में विधानसभा चुनाव बिल्कुल कोलाहल विहीन रहा। नामांकन भरने से लेकर नाम वापसी तक जरूर थोड़ी सक्रियता दिखी लेकिन बाद में यह सक्रियता सिवाय बड़े नगरों के गांव-गांव, डगर-डगर नहीं दिखी। इसका मतलब यह नहीं कि मतदाता खामोश है। हवा का रुख भांपने वाले राजनीतिक पण्डित भी इस बार अलग ही दिखे। बावजूद इसके न तो भाजपा और न ही कांग्रेस यह मानने को तैयार नहीं कि सत्ता के सिंहासन में वह पीछे है। कौन जीतेगा, कौन हारेगा इसे लेकर प्रत्याशी चयन का सर्वे कहां हुआ किसने किया, किससे पूछा गया कुछ नहीं पता। बस पता है तो इतना कि चंद घण्टों बाद ईवीएम की बीप के साथ मत मशीन में दर्ज जायेगा। चुनाव बिना किसी लहर के होते दिख रहे हैं। इस बार कुछ इस तरह का माहौल शुरू-शुरू में बना कि लगा चुनाव में एन्टी इन्कम्बेन्सी दिखेगी लेकिन त्योहारों के दौरान जिस तरह की शांति और उदासीनता खासकर कांग्रेस में दिखी उससे सत्ता के समीकरण का गणित हल करने वाले भी अब थोड़ा सशंकित हैं। मध्यप्रदेश की 230 विधानसभा सीटों को लेकर अलग-अलग कयास हैं। प्रदेश की राजधानी और भोपाल-नर्मदापुरम संभाग का सियासी पारा मिला जुला सा लग रहा है। यहां 36 सीटें है जिस पर सीधी लड़ाई भाजपा और कांग्रेस के बीच है। इनमें भाजपा 12 तो कांग्रेस 10 विधानसभा में पूरे दमखम से लगी है जबकि 14 सीटों पर बहुत ही संघर्षपूर्ण स्थिति है। ग्वालियर-चंबल क्षेत्र का अपना अलग राजनीतिक रसूख है। यहां विधानसभा की 34 सीटों में 19 पर कांग्रेस तो 6 पर भाजपा और 2 पर बसपा चुनौती देती दिख रही है जबकि बाकी 7 पर कांटे का मुकाबला है। यहां बसपा में बढ़ोत्तरी के साथ सीटें 2018 जैसी आएं तो हैरानी नहीं होगी। इन्दौर संभाग की 37 सीटों पर काफी रोचक स्थिति दिख रही है। यहां 24 सीटों पर फिफ्टी-फिफ्टी वाली स्थिति है तो 8 सीटों पर संघर्षपूर्ण स्थिति और 4 सीटों पर भाजपा-कांग्रेस दोनों को भितरघातियों से डर है। जबकि 1 सीट पर बागी प्रत्याशी कांग्रेस के लिए मुश्किल बना है। उज्जैन संभाग की 29 विधानसभा सीटों पर भी स्थिति काफी कुछ साफ सी दिख रही है। यहां पर भाजपा 16 कांग्रेस 10 और 3 पर कांटे की स्थिति बनी हुई है। इस तरह मालवा-निमाड़, ग्वालियर चंबल, उज्जैन और भोपाल-नर्मदापुरम की 136 सीटों पर ऊंट किस करवट बैठेगा समझ आ रहा है। इस बार महाकौशल यानी जबलपुर संभाग की 38 सीटों को लेकर भाजपा-कांग्रेस दोनों ही आशान्वित हैं। लेकिन जनता का रुख और बागियों व भितर घातियों का खेला अलग ही कर दिखाने पर आमादा हैं। शहरी क्षेत्रों में कांग्रेस-भाजपा दोनों ने ही उम्मीदें पाल रखीं हैं। यहां कांग्रेस 16 भाजपा 11 और 1 पर निर्दलीय जबकि 10 पर स्थिति अस्पष्ट है। इसी को लेकर तेज गुफ्तगू सुनाई दे रही है। सागर संभाग में 26 विधानसभा सीटें हैं। यहां पर भाजपा 16 कांग्रेस 8 तो सपा-बसपा 1-1 पर चुनौती देती दिख रही है। आप पार्टी भी एक या दो सीटों पर कांग्रेस-भाजपा का समीकरण बिगाड़ सकती है। विन्ध्य अंचल जिसमें रीवा और शहडोल संभाग आते हैं यहां पर विधानसभा की 30 सीटें हैं। जिसमें 22 रीवा संभाग में तो 8 शहडोल संभाग में आती हैं। यदि रीवा पर नजर डालें तो वहां भाजपा 6 कांग्रेस 10 और 1 पर आप मजबूत दिख रही है। जबकि 5 पर कांटे की टक्कर झलक रही है। वहीं शहडोल संभाग में 3 पर कांग्रेस 2 पर भाजपा तो 3 में संघर्षपूर्ण नजारा बना हुआ है। जहां तक राजनीतिक तापमान की बात है, ठण्ड के मौसम के बावजूद दिन में गर्मी के अहसास के बीच राजनीतिक तपन वैसी नहीं है जैसा अब तक के विधानसभा चुनावों के दौरान दिखा।

**नामांकन भरने से लेकर नाम वापसी तक जरूर थोड़ी सक्रियता दिखी लेकिन बाद में यह सक्रियता सिवाय बड़े नगरों के गांव-गांव, डगर-डगर नहीं दिखी। इसका मतलब यह नहीं कि मतदाता खामोश है।**

**चुनाव**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सूनिल सिंह बादल, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# युवा दिलों की धड़कन पर हावी हो रहा हार्ट अटैक; सिर्फ एक नहीं, कारण अनेक

■ **'यार उसे हार्ट अटैक कैसे आ सकता है? वह तो हट्टाकट्टा जवान और एकदम फिट था!'**

पिछले दो-चार सालों में हार्ट अटैक के कुछ आश्चर्यजनक मामले देखने के बाद आपके भी जहन में यह सवाल जरूर उठा होगा। जहां हार्ट अटैक को कभी बुजुर्गों को होने वाली बीमारी समझा जाता था, वह आज 25 से 40 आयु वर्ग के युवाओं के दिलों को भी अपनी चपेट में लेने लगा है। कोई क्रिकेट खेलते हुए अचानक हार्ट अटैक का शिकार हो जाता है, तो कोई डांस करते-करते दिल पकड़कर भगवान को प्यारा हो रहा है, कोई जिम में एक्सरसाइज करते हुए, तो कोई योग-ध्यान में बैठे-बैठे ही अपने दिल की धड़कनों को थमते हुए देख रहा है। ऐसे मामले सोशल मीडिया पर वायरल वीडियोज में काफी देखने को मिल रहे हैं। लेकिन हार्ट अटैक के मामले में कुछ ऐसे नाम भी सामने आए हैं, जिनकी लाइफस्टाइल देखकर कोई अंदाजा भी नहीं लगा सकता कि उन्हें दिल का दौरा पड़ सकता है, जैसे बिग बॉस विनर और यूथ आइकॉन सिद्धार्थ शुक्ला, मशहूर प्लेबैक सिंगर केके और महज 25 साल के तमिल व हिंदी टीवी एक्टर पवन सिंह...

जब अपनी हेल्थ और फिटनेस को लेकर बेहद एलर्ट रहने वाले ये सेलिब्रिटीज भी हार्ट अटैक का शिकार हो सकते हैं, तो जाहिर तौर पर मामला गंभीर और डराने वाला है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन की एक रिपोर्ट बताती है कि भारत में 40-69 साल के आयु वर्ग में होने वाली मौतों में से 45% मामले दिल की बीमारियों के होते हैं। तो अब सवाल यह है कि भारत में खासकर युवाओं में दिल की बीमारियां आखिर इतनी तेजी से घर क्यों कर रही हैं? क्या स्ट्रेस इसका प्रमुख कारण है? जवाब हां या न जो भी हो, लेकिन इससे निजात पाने के लिए हम सामूहिक और व्यक्तिगत रूप से क्या प्रयास कर रहे हैं, यह गौर करने वाली बात है। मेडिकल एक्सपर्ट्स की मानें, तो भारतीय युवाओं की



लाइफस्टाइल में हो रहे अंधाधुंध बदलाव, इसका एक प्रमुख कारण हो सकते हैं, जो उनके शरीर में डायबिटीज, मोटापा, बीपी या बैड कोलेस्ट्रॉल जैसी बीमारियों को बढ़ावा दे रहे हैं, और ये बीमारियां सीधे तौर पर हार्ट अटैक के खतरे को दिन-प्रतिदिन बढ़ावा दे रही हैं। हालांकि लाइफस्टाइल के साथ-साथ रिलेशनशिप से जुड़े भावुक मामले, घर से अधिक बाहरी खाने पर निर्भरता, ऑफिस के काम का जरुरत से अधिक प्रेशर व स्ट्रेस, डेली रूटीन पर न के बराबर ध्यान, सोने का लगातार कम होता समय और शौक के चक्कर में अत्यधिक शराब व सिगरेट का सेवन, जैसी आदतें भी युवा दिलों को बीमार करने का कारण बन रही हैं।

ऐसे में हम सीधे तौर पर स्ट्रेस को युवाओं में हार्ट अटैक से जोड़कर नहीं देख सकते, बल्कि उपरोक्त कारणों के आधार पर खुद की दिनचर्या में झांकने और उसे सुधारने की जरुरत के हिसाब से भी समझ सकते हैं। स्ट्रेस एक कारण जरूर हो सकता है, लेकिन वह है क्यों, उसे समझने की क्षमता विकसित करना बहुत जरुरी है। डॉक्टर्स या हेल्थ एक्सपर्ट्स आपको आपका दिल तंदरुस्त रखने के कई उपाय, जैसे आपकी डाइट में ओमेगा फैटी एसिड से भरपूर चीजें और हरी सब्जियां शामिल करने का सुझाव दे सकते हैं, लेकिन आप खुद को और अपने दिल को कितना समझते हैं, इसका रास्ता आपको खुद ही निकालना होता है। कॉम्पिटिशन के इस दौर में चीजें तेजी से भाग रही हैं, लेकिन युवा ठहरे हुए हैं। घंटों कुर्सी पर बैठे काम करना हो, या मार्केटिंग के लिए दिन-रात भटकना हो, लग्जरी लाइफस्टाइल के चक्कर में लाखों रुपए के लोन का बोझ सिर पर ढोना हो या फिर दुनिया क्या कहेगी के फेर में फंसना हो, इन सब के बीच यदि युवा पीढ़ी खुद से खुद को डिसिप्लिन रखने का फैसला करती है तो निश्चित ही, तमाम उलझनों और तनाव के बाद भी दिल को मजबूत रख सकता है। डिसिप्लिन से अर्थ खुद से किए गए कुछ नेक वादे हैं, जो आपको सूरज के उगने से पहले उठने और सूरज की तरह चमकने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। जाहिर तौर पर खान-पान और व्यायाम में अनुशासन आपको मानसिक रूप से विपरीत परिस्थितियों से लड़ने की शक्ति देगा।

अंत में, बस इतना ही कह सकता हूं कि जिसे तूफान से उलझने की हो आदत 'मोहसिन', ऐसी कश्ती को समंदर भी दुआ देता है।

❖ **अतुल मलिकराम**

# स्लीप एपनिया के लक्षणों को ना करें नजरअंदाज...

स्लीप एपनिया एक तरह का स्लीपिंग डिसऑर्डर है। जिसकी वजह से व्यक्ति की सांस नली के ऊपरी मार्ग में रुकावट आने लगती है। लेकिन अगर आप समस्या को लंबे समय तक इलाज के बिना छोड़ देते हैं, तो यह खतरनाक बन सकती है। आपको बता दें कि स्लीप एपनिया एक ऐसी स्थिति होती है। जिसमें सोते समय आपकी सांस कुछ देर के लिए रुक जाती है। सांस रुकने पर शरीर को पूरा ऑक्सीजन नहीं मिल पाता है। ऐसे में सांस टूटने से आंख खुल जाती है और तेजी से हंफनी आने लगती है। लेकिन अगर आप समस्या को लंबे समय तक इलाज के बिना छोड़ देते हैं, तो यह खतरनाक बन सकती है। हांलाकि ज्यादातर मामलों में लोग इस बात से बेखबर होते हैं कि उन्होंने सांस लेना बंद कर दिया है। ऐसे में आप स्लीप एपनिया के लक्षणों को सुधारने के लिए कुछ घरेलू इलाज कर सकते हैं।

## स्लीप एपनिया के रिस्क फैक्टर

स्लीप एपनिया के रिस्क फैक्टर की बात करें तो इसमें 40 वर्ष पार का होना, पुरुषों में 17 इंच या ज्यादा और महिलाओं में 16 इंच या ज्यादा गर्दन की आकार का होना, पुरुष होना, ज्यादा वजनी होना, लंबी जुबान, जबड़े की छोटी हड्डी, परिवार में किसी का स्लीप एपनिया की हिस्ट्री या साइनस होना शामिल है।



## स्लीप एपनिया का प्रभाव

अगर स्लीप एपनिया को लंबे समय तक बिना इलाज के छोड़ दिया जाए तो आपको कई खतरनाक स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। जिनमें हार्ट फेल्योर, डायबिटीज, डिप्रेशन, स्ट्रोक, हाइपरटेंशन और सिर दर्द का जोखिम बढ़ सकता है।

## लाइफस्टाइल

हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो स्लीप एपनिया से पीड़ित लोगों को नियमित व्यायाम का हेल्दी डाइट लेने की सलाह दी जाती है। क्योंकि इसमें मोटापा वायुमार्ग में रुकावट और नाक की तंग नली का जोखिम बढ़ना, वजन कम होना, जोर से खर्राटें लेना, सोते समय सांस फूलना, सुबह उठने पर मुंह सूखना और दिन में अधिक नींद आना आदि शामिल हैं। यह एक तरह का स्लीपिंग डिसऑर्डर है। जिसकी वजह से व्यक्ति की सांस नली के ऊपरी मार्ग में रुकावट आने लगती है।

## सोने का तरीका

स्लीप एपनिया के लक्षणों को कम करने के लिए सोने के तरीके में मामूली बदलाव कर सकती हैं। सबसे ज्यादा स्लीप एपनिया के लक्षण उन लोगों में देखने को मिलती हैं, जो पीठ के बल सोते हैं। इसके बजाय आप पेट के बल लेटकर सोएं।

स्लीप एपनिया की समस्या से राहत पाने के लिए आपको अपनी डाइट में अंगूर, चेरी, अनार और खीरे आदि का सेवन करें। इसके अलावा आप डाइट में मेलाटोनिन शामिल करें। इसके अलावा आप रोजाना अपने डेली रुटीन में योग को शामिल कर सकते हैं। इससे आपका एनर्जी लेवल बढ़ सकता है। योग आपके दिल को मजबूत करने के साथ ही स्लीप एपनिया को सुधार सकता है। स्लीप एपनिया के लक्षणों को कम करने के लिए कम वसा वाले प्रोडक्ट का सेवन करना भी लाभकारी होगा। आप घी की जगह सूरजमुखी, जैतून का तेल या फिर फ्लेक्स सीड्स के तेल का इस्तेमाल कर सकती हैं।

❖ **अनन्या मिश्रा**

# कान से ईयर वैक्स ना निकालने पर हो सकता है संक्रमण का खतरा

हमारे कानों में विकसित होने वाले चिपचिपे पदार्थ को ईयर वैक्स कहा जाता है। इसकी भूमिका हमारे कानों को फंगल, बैक्टीरिया और पानी से बचाने की होती है। लेकिन कानों में इसकी ज्यादा मात्रा संक्रमण या सुनने की क्षमता को प्रभावित करती है। हमारे कानों में एक चिपचिपा पदार्थ विकसित होता है। जिसको ईयर वैक्स कहा जाता है। बता दें कि ईयर वैक्स हमारे कानों के अंदर विकसित होता है। इसकी भूमिका हमारे कानों को फंगल, बैक्टीरिया और पानी से बचाने की होती है। साथ ही यह चिकनाई व सफाई में भी मददगार होता है। लेकिन कई बार हमारे कानों में ईयर वैक्स काफी ज्यादा मात्रा में जमा हो जाता है। जिसके कारण संक्रमण आदि का खतरा हो सकता है। या फिर सुनने की क्षमता में कमी हो सकती है।

हांलाकि कुछ लोग ईयर वैक्स को साफ करने के लिए ईयरबड्स का उपयोग करते हैं, लेकिन इससे कान के पर्दे पर जोर पड़ता है, साथ ही व्यक्ति के बहरे होने का भी खतरा होता है। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ईयर वैक्स निकालने के कुछ आसान उपायों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिससे हमारे कानों को किसी तरह का नुकसान नहीं होता है।

**ईयर वैक्स निकालने के कुछ आसान तरीके**

**तेल :** कान को साफ करने के लिए ड्रॉपर या कॉटन बॉल के इस्तेमाल से अपने कान में थोड़ा सा तेल डाल लें। बता दें कि कान के वैक्स को नरम करने में तेल मदद करता है। जिसके बाद आप ईयरबड्स की मदद से आप कान को बिना बहुत ज्यादा पुश किए साफ कर सकते हैं। बेबी ऑयल, ऑलिव ऑयल या नारियल तेल को हल्का गुनगुना कर कान में डालना चाहिए।

**ग्लिसरीन :** तेल की तरह ही ग्लिसरीन भी काम करती है। अगर आप कानों में तेल नहीं डालना चाहते हैं, तो तेल की जगह आप ग्लिसरीन की कुछ बूंदे कान में डाल सकती हैं। ग्लिसरीन की कुछ बूंदे कान के मैल को हटाने में सहायता करेंगी। इसके अलावा यह आपके कान की स्किन को भी मुलायम कर सकती है।

**गर्म पानी :** गर्म पानी से भी आप अपने कानों को साफ कर सकते हैं। गर्म पानी से कान को साफ करने के लिए एक सिरिंज या ड्रॉपर के इस्तेमाल से आप गर्म पानी या नमकीन घोल से अपने कान को सींच सकते हैं। ऐसा करने से कान का मैल तुरंत साफ हो सकता है।

**हाइड्रोजन पेरोक्साइड :** अपने सिर को झुकाकर कान में ड्रॉपर की मदद से पतली हाइड्रोजन पेरोक्साइड की कुछ बूंदों को डालें। फिर एक या दो मिनट उसी स्थिति में रहें। इसके बाद सिर को दूसरी तरफ झुकाएं। ऐसा करने से लिक्विड के साथ ही ईयर वैक्स भी कान के बाहर आ सकता है।

# बीमारी पुरानी इलाज नया



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त', मो. नं. 73 8657 8657 (हिंदी अकादमी, मुंबई से सम्मानित नवयुवा व्यंग्यकार)**

मनोहर बाबू नहा-धोकर तैयार हुए ही थे कि उनकी पत्नी ने उन्हें 'गुड मॉर्निंग' कहा। उन्होंने आश्चर्यचकित होकर देखा तो उनकी अर्धांगिनी भी मुस्कुराने लगी। उन्होंने पत्नी की नब्ज टटोली। एनओसी मिल गई तो उन्होंने खुद को संभाला और पूछा- 'क्या बात है देवी! कुछ चाहिए क्या? मुँह फुलाकर रहने वाली तुम न एजी कहा न ओजी...सीधे अंग्रेजी में गुड मार्निंग। तबियत तो ठीक है न। कहीं मेरी जेब पर डाका मारने का इरादा तो नहीं है न?'

'अब मुझसे खाली जेबों पर डाका नहीं डाला जाता। जब तक आप शाम को दोस्तों के साथ बैठने की आदत छोड़ नहीं देते, तब तक आपकी जेब की ओर देखने की जरूरत नहीं है।' पत्नी ने तंज कसते हुए कहा।

'मैं बाहर जरूर रहता हूं लेकिन शराब पीने के लिए नहीं... अपनी कविताएं सुनाने के लिए। वह क्या है न कि हमारे मित्र कविता के कद्रदान हैं। उनके पास कविता सुनाने वालों की भीड़ लगी रहती है। वे एक बार बढ़िया, शानदार, वाह-वाह शब्दों का ठप्पा लगा दें तो समझो कविता लिखना सफल हुआ। रद्दी-भद्दी-चिंदी कविताएं सुन-सुनकर उन्हें 'पोएमेरिया' की बीमारी हो गई है। इसके लिए शराब के सिवाय कोई दूसरी दवा नहीं है। और यह दवा फोकट में मिलती तो है नहीं! इसीलिए भुगतान करना पड़ता है। वैसे इस बीमारी में मेरा योगदान भी रेखांकित करने योग्य है। मुझे सुबह, दोपहर, शाम और रात की तर्ज पर चार-चार कविताएं लिखने की आदत हो गई हैं। जब से मुझे कुछ इस तरह से कविता लिखने की खुजली हुई है तब से मेरे सहकर्मी और जान-पहचान के लोग बीमाकर्मी से अधिक खतरनाक मानने लगे हैं। उन्हें मुझे छूना तो दूर देखने से भी छुआछूत की मानिंद बीमारी फैलने का डर सता रहा है। अब वे मेरे साथ उठते-बैठते नहीं हैं। इसीलिए शाम को अपने 'भुगतान करो कविता सुनाओ' वाले मित्रों की शरण में चला जाता हूं। उन्हें भुगतान कर अपनी कविता सुनाकर अपनी चुल मिटाता हूं। उन्हें शराब पीते समय कविताएं सुनने और मुझे सुनाने की आदत हो गई है। तुम जानती ही हो कि आजकल कविता सुनने वाले लोग कहां मिलते हैं।' पति ने किसी दार्शनिक की तरह अपना दुखड़ा रोया।

'क्यों! आपके वो एक मित्र हैं न फुर्सतचंद, जो फोकट में सुनते हैं। उनके रहते आपको यहां-वहां मुंह मारने की क्या जरूरत है?' पत्नी ने पति की बातों में मजे लेते हुए पूछा। 'पता चला है किसी जलककुड़े ने उनके कान भर दिए कि आप फोकट में किसी की बेफिजूल क्यों सुनते हैं? इसीलिए आजकल वे हारे हुए उम्मीदवारों का दुखड़ा सुनते हैं। हारे हुए उम्मीदवार कार भेजकर उन्हें अपने घर बुलाते हैं। आवभगत अलग से। एसी में बैठकर छप्पन भोग वाली थाली छकते हुए हूं...हूं करते हुए पूरा किस्सा सुनते हैं। बीच में पॉवर नैप भी मिलता है। ऊपर से मोटी रकम अलग से!!'

तभी दरवाजे पर किसी ने आहट दी। उन्होंने अपना परिचय प्रचार कुमार के रूप में बताया। उन्होंने कहा - 'हमारे गली साहित्य की दुनिया में आपका नाम बड़ा है। लोगों को भले ही पता न हो लेकिन ह्यआग जला' समाचार पत्र में आप चंदा देकर नियमित छपते हैं। वह भी पहले पन्ने पर। मजबूरी में ही सही आपकी कविता हमें पसंद करनी पड़ती है। सुना है आपके पास खानदानी संपत्ति की कोई कमी नहीं है। दरअसल मैं सरकार के खासे करीब हूं। चाहता हूं कि आपकी कोई कविता स्कूली पाठ्यक्रम में लगाया जाए।'

'अरे आप खड़े क्यों हैं? बैठिए न। चाय-नमकीन मंगाता हूं। बैठकर बात करते हैं। इतने दिनों तक मैं फुटकर समाचार में छपने को ही अपना भाग्य मानता रहा। एक बार मेरी एक कविता पाठ्यक्रम में लग जाए मैं फिर कभी इन समाचार पत्रों के लिए नहीं लिखूंगा।"

'अरे ऐसा न कहें। यहीं तो वे समाचार पत्र होते हैं जहां हमें छपासखोर के साथ-साथ मालदार लोग मिल जाते हैं। नामचीन समाचार पत्रों में छपने वाले बड़े घमंडी और नकचढ़ऊ होते हैं। भला हो इन फुटकर समाचार पत्रों का जो हम जैसे कद्रदानों से भेंट करवा देता है।' इतना कहते हुए दोनों ठहाके मारकर हंसने लगे।

## सूडोकु नवताल- 6886

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

■ *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
■ *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
■ *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
■ *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**सूडोकु नवताल -6885 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

## दैनिक पंचांग

**17 नवम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | वृश्चिक | 06.18 ब.से |
| चंद्र | धनु में | धनु | 08.34 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | मकर | 10.39 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | कुंभ | 12.25 बजे से |
| गुरु | मेष में | मीन | 13.58 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | मेष | 15.29 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृष | 17.09 बजे से |
| राहु | मीन में | मिथुन | 19.07 बजे से |
| केतु | कन्या में | कर्क | 21.20 बजे से |
| राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक | | सिंह | 23.36 बजे से |
| | | कन्या | 01.48 बजे से |
| | | तुला | 03.59 बजे से |

**शुक्रवार** 2023 वर्ष का 321 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** कार्तिक **पक्ष** शुक्ल **तिथि** चतुर्थी 11.04 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाषाढ़ा 01.17 बजे रात्र को समाप्त। **योग** धृति 07.36 बजे तदनन्तर शूल 05.01 बजे को प्रात: समाप्त। **करण** विष्टि 11.04 बजे तदनन्तर बव 22.13 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 03.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 18° 52' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871800 **जूलियन दिन** 2460265.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** जमादि उलावल **तारीख** 02 **विशेष** वृश्चिक संक्रांति, विनायक चतुर्थी, मंडलकला प्रारंभ, लाला लाजपत राय बलिदान दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7948

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ |
| 5 | | ■ | | ■ | | ■ | 6 | 7 |
| | ■ | 8 | | 9 | | ■ | ■ | |
| 10 | | 11 | ■ | | ■ | 12 | | |
| ■ | ■ | 13 | | ■ | 14 | | ■ | ■ |
| 15 | | | ■ | 16 | ■ | 17 | | 18 |
| | ■ | ■ | 19 | | 20 | | ■ | |
| 21 | 22 | ■ | | ■ | | ■ | 23 | |
| ■ | 24 | | | ■ | 25 | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**

1. तरंग, हिलोर-3
3. झगड़ा, द्वेष, कहासुनी-3
5. पार्थिव देह-2
6. जरा, थोड़ा-2
8. रहस्य जानने वाला-4
10. दरवेश, औलिया, पीर-3
12. बहुतांश-3
13. राजनीतिक पार्टी-2
14. हिरासत-2
15. साजन, प्रेमी-3
17. देवर्षि-3
19. भगवान, रब, करतार -4
21. श्रवणेंद्रिय-2
23. प्राण, जीवन तत्व-2
24. द्रव पदार्थ-3
25. डोली उठाने वाले-4

**ऊपर से नीचे**

1. भगवान राम का एक पुत्र-2
2. दया, करुणा-3
3. शर्ट, बुशर्ट-3
4. अधिकार-2
5. भद्र, कुलीन-3
7. बड़ा भवन, कोठी-3
8. हमेशा, हर पल-4
9. यात्री, पथिक, राहगीर-2
12. कुख्यात-2,2
15. तमीज, तहजीब-3
16. रात्रि, रजनी-2
18. शोषण करना, दबाना-3
19. आसान, सीधा-3
20. नाव चलाने वाला-3
22. झुका हुआ-2
23. मर्तबान, रूस का राजा-2

**शब्द पहेली -7947 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | न | ■ | श | री | र | ■ | ज | ला |
| त | ■ | ह | र | म | ■ | न | हा | ना |
| ■ | आ | रा | म | ■ | रा | ज | न | ■ |
| क | स | म | ■ | ल | ह | र | ■ | त |
| र | न | ■ | ग | ल | त | ■ | भ | ला |
| म | ■ | स | ब | क | ■ | का | र | क |
| ■ | आ | ब | रु | ■ | ह | र | ना | ■ |
| म | ह | ल | ■ | का | र | ण | ■ | त |
| न | ट | ■ | क | ल | म | ■ | शा | न |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।

**वृष राशि :** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है।

**मिथुन राशि :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा।

**कर्क राशि :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा।

**सिंह राशि :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**कन्या राशि :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**तुला राशि :** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ।

**वृश्चिक राशि :** आय के अच्छे योग बनेगें। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**धनु राशि :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**मकर राशि :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**कुंभ राशि :** अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**मीन राशि :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।




## गागर में सागर

### भारत-पाक सीमा पर रिट्रीट सेरेमनी का समय बदला



**चंडीगढ़।** मौसम में आए बदलाव के चलते भारत-पाकिस्तान सीमा पर होने वाली रिट्रीट सेरेमनी का समय बदल दिया गया है। अब यह आयोजन शाम पांच बजे की जगह 4.30 बजे होगा। बीएसएफ ने पंजाब से लगते तीनों क्षेत्रों में समय बदलाव का ऐलान कर दिया है। दोनों देशों के मध्य तीन जगह पर रिट्रीट सेरेमनी होती है, जिसमें भारत की सीमा सुरक्षा बल के जवान पाकिस्तान रेंजर्स के साथ मिलकर भाग लेते हैं। यह रिट्रीट सेरेमनी अमृतसर में अटारी बार्डर, फाज्लिका में सैदेके चौकी और फिरोजपुर में हुसैनीवाला बार्डर पर होती है। इस रिट्रीट सेरेमनी को देखने के लिए बड़ी संख्या में देश-विदेश के पर्यटक पहुंचते हैं। लगभग 40 मिनट तक होने वाली इस रिट्रीट सेरेमनी के दौरान पूरा माहौल देशभक्ति से सराबोर हो जाता है।

### भारत-पाकिस्तान सीमा से लगातार तीसरे दिन ड्रोन बरामद



**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस व बीएसएफ ने गुरुवार को सीमावर्ती क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चलाकर लगातार तीसरे दिन एक पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किया है। बीएसएफ प्रवक्ता के अनुसार पंजाब पुलिस के साथ मिलकर तरनतारन जिले के गांव कलाश हवेलियां में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। यहां से डीजेआई माविका-श्री क्लासिक ड्रोन बरामद किया गया। यह ड्रोन चाइना में बनाया गया था। पिछले कुछ समय से भारतीय सेना सीमावर्ती क्षेत्र से चीन में बने ड्रोन बरामद कर रही है। बीएसएफ ने ड्रोन को जांच के लिए एफएसएल के हवाले कर दिया है।

### ईडी ने न्यूजक्लिक मामले में नेविल रॉय सिंघम को नया समन जारी



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मीडिया पोर्टल न्यूजक्लिक को कथित तौर पर धन मुहैया कराने के मामले में शंघाई स्थित करोड़पति नेविल रॉय सिंघम को नया समन जारी किया है। एक सूत्र ने बताया कि वर्तमान में शंघाई में रह रहे अमेरिकी नागरिक सिंघम को विदेश मंत्रालय के माध्यम से चीनी अधिकारियों के साथ पिछले महीने केंद्रीय एजेंसी के साथ अपना बयान दर्ज करने के लिए नया समन जारी किया गया था। पिछले साल की शुरूआत में, चीनी अधिकारियों ने कथित तौर पर सिंघम को समन देने से इनकार कर दिया था। ईडी इस बात की जांच कर रही है कि सिंघम की मीडिया कंपनी भारत में कैसे चीनी प्रोपेगेंडा को बढ़ावा दे रही थी। गौरतलब है कि दिल्ली पुलिस ने पिछले महीने न्यूजक्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और कंपनी के एचआर हेड अमित चक्रवर्ती को भारत विरोधी गतिविधियों के आरोप में गिरफ्तार किया था।

# ऑडिटर को आलोचक नहीं, सुशासन का मार्गदर्शक समझा जाए : राष्ट्रपति

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कहा कि ऑडिटर को आलोचक नहीं बल्कि सुशासन का मार्गदर्शक समझा जाए। ऐसा मार्गदर्शक, जिसकी स्क्रूटनी से सही राह पर चलने की सीख मिलती है। राष्ट्रपति ने नई दिल्ली में सीएजी मुख्यालय में ऑडिट दिवस समारोह में अपने संबोधन में कहा कि नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के नेतृत्व में सरकार की ऑडिटर बॉडी ने अखंडता, शासन और प्रणाली निर्माण को मजबूत करने में योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि आज सीएजी की पूरी टीम से अपेक्षा की जाती है कि वे ऐसे नियंत्रक और परीक्षक के रूप में योगदान दें, जो देश की विकास यात्रा में सहयात्री भी हो तथा मार्गदर्शक भी हो।



निकट भविष्य में भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनाने में आप सब की विशेष भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि वित्तीय औचित्य तथा वैधानिकता सुनिश्चित करते हुए त्वरित वृद्धि और विकास के राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में आने वाले अवरोधों को दूर करना, सीएजी सहित, सुशासन के लिए जिम्मेदार प्रत्येक संस्था एवं व्यक्ति के प्रभावी योगदान की कसौटी है। राष्ट्रपति ने कहा, ऑडिटर को आलोचक नहीं बल्कि सुशासन का सूत्रधार समझा जाए; ऐसा मार्गदर्शक समझा जाए जिसकी स्क्रूटनी से सही राह पर चलने की सीख मिलती है। राष्ट्रपति ने कहा कि बाह्य लेखा परीक्षक के रूप में भारत के सीएजी द्वारा संयुक्त राष्ट्र से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण संस्थानों का ऑडिट किया गया है। अन्य अनेक प्रतिष्ठित अंतर-राष्ट्रीय संस्थान ऑडिट के लिए भारत की सीएजी की टीम की सेवाएं प्राप्त करते हैं। यह सीएजी टीम की विश्व-स्तरीय दक्षता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इस दौर में औपनिवेशिक मानसिकता से बाहर आकर समता-मूलक और लोकतान्त्रिक सोच के साथ आगे बढ़ने को एक राष्ट्रीय प्राथमिकता का दर्जा दिया गया है। परंपराओं और व्यवस्थाओं में जो कुछ उपयोगी है, उसे हम जारी रखें तथा जो कुछ समता, लोकतन्त्र तथा त्वरित विकास के अनुरूप नहीं है, उसे छोड़ दें या सुधारें। राष्ट्रपति ने कहा कि आज हमारे देशवासी वर्ष 2047 तक एक विकसित भारत के निर्माण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ना चाहते हैं। सीएजी सहित, देश के सभी महत्वपूर्ण संस्थानों और समुदायों को इस लक्ष्य को प्राप्त करने में अपना योगदान देना है।

# चंद्रयान-3 रॉकेट का हिस्सा अंतरिक्ष से समुद्र में गिरा



**एजेंसी। चेन्नई**

भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा है कि चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान को कक्षा में भेजने वाले भारतीय रॉकेट का ऊपरी चरण पृथ्वी पर वापस आया और उत्तरी प्रशांत महासागर से टकराया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अनुसार, चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान को ले जाने वाले एलवीएम-3 रॉकेट के क्रायोजेनिक ऊपरी चरण ने बुधवार को दोपहर करीब 2.42 बजे पृथ्वी के वायुमंडल में अनियंत्रित रूप से पुनः प्रवेश किया। इसरो ने कहा, संभावित प्रभाव बिंदु की भविष्यवाणी उत्तरी प्रशांत महासागर के ऊपर की गई थी। अंतिम ग्राउंड ट्रैक भारत के ऊपर से नहीं गुजरा। रॉकेट बॉडी (नोराड आईडी 57321) उस वाहन (रॉकेट) का हिस्सा था, जिसने चंद्रयान -3 अंतरिक्ष यान को 14 जुलाई को इच्छित स्थान पर सफलतापूर्वक इंजेक्ट किया था। रॉकेट बॉडी का पुनः प्रवेश इसके प्रक्षेपण के 124 दिनों के भीतर हुआ। इस प्रकार, एलवीएम-3 एम-4 क्रायोजेनिक ऊपरी चरण का मिशन के बाद का कक्षीय जीवनकाल, आईएडीसी द्वारा अनुशंसित एलईओ (लो अर्थ ऑर्बिट वस्तुओं के लिए 25-वर्षीय नियम के पूरी तरह से अनुपालन में है।

# राबड़ी देवी को नहीं तो क्या तुम्हारी बीवी को मुख्यमंत्री बना देते : लालू

**आरएनएम। नई दिल्ली**

पटना के इस्कॉन मंदिर में श्री कृष्ण चेतना समिति द्वारा आयोजित गोवर्धन पूजा समारोह में राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने नित्यानंद राय व रामकृपाल यादव के बारे में जो कहा वह नेताओं -पत्रकारों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।भाजपाई विशेष रूप से आपस में चुहल करते हुए मजा ले रहे हैं। मामला यह है कि लालू ने नित्यानंद राय पर हमला करते हुए कहा -केंद्रीय राज्य मंत्री हमारे यहां आने के लिए पहले संपर्क करते थे। नित्यानंद राय ठेकेदार थे, पहले ठेकेदारी करते थे। बीजेपी यादवों में इन्हें मुख्यमंत्री बनाना चाहती थी। रामकृपाल क्या थे, ये तो जानते ही होंगे आप लोग। पटना बस स्टेशन पर टेंपो चलवाना और लोगों का नोट दूना करना और होटल कब्जा करके उसमें रहना। बाद में मालूम हुआ हमको, ये सब तो टोटली हम सबको बदनाम कर रहा है। यही एक यादव है, जो सब यादवों को खंडित करता है और ये हाजीपुर का जो केन्द्रीय राज्य मंत्री बना है, वह पहले हमारे यहां आने को एप्रोच करता था।बीजेपी को इसको यादवों में मुख्यमंत्री बनाना है। कहता है- राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बना दिया। राबड़ी देवी को नहीं तो क्या तुम्हारी बीवी को मुख्यमंत्री बना देते? राबड़ी देवी नहीं होती, तो आज राष्ट्रीय जनता दल नहीं होता, हमारी सरकार नीतीश की तेजस्वी यादव की हमारी सरकार नहीं होती। हाजीपुर में मेला लगता है। वहां से बैल को, गाय को ले जाकर..। अपने बगल में खड़े राजद के एक विधायक की तरफ इशारा करते हुए लालू ने कहा -यह वहां से विधायक है बोल नहीं रहा है, खड़ा है हमारे बगल में। ये सच्चाई है। तुम्हारा(नित्यानंद) हैसियत ये है अभी कि तेजप्रताप को खड़ा कर दें, तो तुम्हारा जमानत जब्त हो जाएगा। यदुवंशी के नाम पर सब जुटे हुए थे कोई चंद लोग कोई कंस लोग। उनको कोई नहीं सुनता था। लालू यादव नहीं होते तो तुम कहां होता।इस तरह से यदुवंशियों को खंडित किया जा रहा है। जहां-जहां भाजपा का राज है वहां-वहां यदुवंशियों को खंडित किया जा रहा है, प्रताड़ित किया जा रहा है। कृष्ण भगवान ने जैसे कमजोर लोगों को, प्राणियों को रक्षा किया, वैसे ही आज जो हम लोगों की सरकार है 75 प्रतिशत रिजर्वेशन किया गया है। जो कभी लोग सोचा भी नहीं था। रिजर्वेशन के अलावा आप देखे होंगे कि लाखों लोगों को शिक्षक बनाया गया। गांव-गांव में लड़कियां व लोग शिक्षक बन रहे हैं और लाखों बहाली होने वाली है, विज्ञापन निकल गया है।

# आतंकवाद से निपटने के लिए भारत ने रखा ईडब्ल्यूजी की सह-अध्यक्षता का प्रस्ताव

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत का मानना है कि आतंकवाद आसियान क्षेत्र सहित अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा है। इसको देखते हुए भारत ने आतंकवाद से निपटने पर ईडब्ल्यूजी की सह-अध्यक्षता करने का प्रस्ताव रखा। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इस प्रस्ताव का आसियान रक्षा मंत्रियों की 10वीं मीटिंग - प्लस (एडीएमएम-प्लस) ने समर्थन किया क्योंकि आतंकवाद इस क्षेत्र के देशों के लिए एक गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 16 नवंबर, 2023 को जकार्ता, इंडोनेशिया में आसियान रक्षा मंत्रियों की 10वीं मीटिंग - प्लस में भाग लिया। अपने संबोधन में उन्होंने आसियान की महत्वपूर्ण स्थिति को स्वीकार किया और क्षेत्र में बातचीत एवं सर्वसम्मति को बढ़ावा देने में इसकी भूमिका की



सराहना की। उन्होंने समुद्री कानून पर संयुक्त राष्ट्र समझौता (यूएनसीएलओएस) 1982 सहित अंतरराष्ट्रीय कानूनों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय जल में नौवहन, हवाई उड़ान और निर्बाध वैध व्यापार की स्वतंत्रता के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराई।

रक्षा मंत्री ने क्षेत्रीय सुरक्षा पहलों का आह्वान किया जो विभिन्न हितधारकों के बीच व्यापक सहमति को प्रतिबिंबित करने के लिए परामर्शी और विकासोन्मुख हों। उन्होंने क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा बढ़ाने के लिए एडीएमएम-प्लस के साथ व्यावहारिक, दूरदर्शी और परिणामोन्मुखी सहयोग को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संघर्षों से मानव जीवन की हानि होती है और आजीविका नष्ट होती है। क्षेत्रीय एवं वैश्विक स्तर पर स्थिरता में बाधा आती है और इसका खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा आदि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। राजनाथ सिंह ने आसियान और प्लस देशों के साथ काम करने की भारत की प्रतिबद्धता दोहराई, ताकि शांति, समृद्धि और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। जो इस वर्ष के एडीएमएम प्लस के लिए एक उपयुक्त विषय है। उन्होंने शांति पर महात्मा गांधी के प्रसिद्ध उद्धरण शांति का कोई रास्ता नहीं है, केवल शांति है का हवाला दिया।

रक्षा मंत्री ने स्थायी शांति और वैश्विक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए बातचीत और कूटनीति भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने दुनिया भर में भारत के संदेश की पुष्टि की, कि 'यह युद्ध का युग नहीं है', और 'हम बनाम वे' मानसिकता को छोड़ने की अनिवार्यता के बारे में बात की। राजनाथ सिंह ने भारत-आसियान गतिविधियों, विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में महिलाओं के लिए पहल और समुद्री प्लास्टिक प्रदूषण नियंत्रण में आसियान सदस्य देशों की उत्साहपूर्ण भागीदारी की सराहना की।

# केजरीवाल सरकार ने दिल्ली जमीन घोटाला मामला सीबीआई को भेजा

### मुख्य सचिव पर बेटे को 850 करोड़ लाभ पहुंचाने का आरोप

**-ब्यूरो। दिल्ली**

दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने द्वारका एक्सप्रेसवे परियोजना में भूमि अधिग्रहण घोटाले का मामला सीबीआई को जांच के लिए भेजा है। इस मामले में दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव नरेश कुमार पर भूमि के मूल्यांकन में 22 गुना मूल्य बढ़ाने का आरोप लगा है, जिससे उनके बेटे करण चौहान से जुड़ी कंपनी को लाभ हो। इससे पहले अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को बामनोली भूमि अधिग्रहण मामले से जुड़ी जांच रिपोर्ट उपराज्यपाल वीके सक्सेना को भेजी थी। मालूम हो कि मुख्य सचिव नरेश कुमार को केन्द्र का गृह मंत्रालय नियुक्त करता है। उपराज्यपाल को भी गृह मंत्रालय ही नियुक्त करता है। कई नियम बदल कर इन दोनों के मार्फत दिल्ली पर केन्द्र सरकार शासन कर रही है। दिल्ली सरकार में विजिलेंस मंत्री आतिशी ने मुख्यमंत्री को यह रिपोर्ट सौंपी थी। इसमें बामनोली गांव में 19 एकड़ जमीन के अधिग्रहण में कथित भ्रष्टाचार के लिए नरेश कुमार को पद से हटाने की सिफारिश की गई। जिसके बाद अब दिल्ली सरकार ने रिपोर्ट सीबीआई को भेजी है। दिल्ली मंत्री ने 650 पन्नों की रिपोर्ट केजरीवाल को सौंपी। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस मामले में 850 करोड़ रुपये का नाजायज फायदा पहुंचाया गया है। यह जमीन 2015 में द्वारका एक्सप्रेसवे के पास केवल 75 लाख रुपये में खरीदी गई थी। हालांकि, इस मामले में मुख्य सचिव कार्यालय ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। कार्यालय का कहना है कि कुछ दिनों पहले ही मंडलायुक्त ने स्पष्ट कर दिया था कि इस मामले में दोषी कौन है। साथ ही, जांच की बात भी की थी।




## अरविंद अकेला कल्लू का मार्मिक छठ गीत 'गोदी में ललनवा' रिलीज



**चार दिनों** तक चलने वाला सूर्य उपासना का महापर्व छठ नहाए खाए के साथ शुरू होने वाला है। इसी बीच भोजपुरी सुपरस्टार अरविंद अकेला कल्लू का छठ गीत 'गोदी में ललनवा' रिलीज हुआ है। कल्लू का यह छठ गीत बेहद मार्मिक है, जो उस मां की वेदना और मर्म को प्रदर्शित करता है, जिसके घर कोई बच्चा नहीं हुआ है। कल्लू ने इस छठ गीत के माध्यम से एक ब्याही मां की पीड़ा को हरने के लिए इस पर्व के महत्व को बताया है। कल्लू का यह गाना यू-ट्यूब चैनल कल्लू म्यूजिक वर्ल्ड पर रिलीज होकर वायरल हो रहा है। छठ गीत 'गोदी में ललनवा' को लेकर कल्लू ने कहा कि यह गीत बेहद भावनात्मक और छठ मां की महिमा को दर्शाने वाला है। इस गीत से कोई भी दिल से जुड़ जाएगा। यह गाना मेरे लिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह मेरे भी दिल के करीब है। उन्होंने कहा कि छठ गीत 'गोदी में ललनवा' को गाते वक्त कई बार मेरा गला रूंध गया। छठी मां की भक्ति में इतनी शक्ति है कि वे सबों का दुख हरती हैं। कल से ये पर्व शुरू हो रहा है, लेकिन इस पर्व में संगीत का बेहद महत्व होता है। इसलिए हमने लोगों के मनोरंजन और उनको छठ पूजा के महत्व को समझाने के लिए इस गाने को लेकर आए हैं।

## करीना ने कहा, तैमूर के जन्म के बाद सैफ को पिता के रूप में एक मुकाम मिला



**चैट शो** 'कॉफी विद करण' सीजन 8 में बॉलीवुड दिवा करीना कपूर खान ने अपने पति सैफ अली खान और बड़े बेटे तैमूर अली खान के बीच कनेक्शन के बारे में बात की। चैट शो में फिल्म निमार्ता करण जौहर ने कहा कि सैफ की पूर्व पत्नी अमृता सिंह से दो बच्चे सारा अली खान और इब्राहिम अली खान हैं और अभिनेता वास्तव में उनके साथ बड़े हुए हैं। करण ने पूछा, सैफ वास्तव में अपने बच्चों के साथ बड़े हुए हैं, उनके पास सारा और इब्राहिम हैं। क्या आपको लगता है कि जब उनके पास तैमूर था तब उन्होंने एक पिता के रूप में अपनी पहचान बनाई? इस पर करीना ने जवाब दिया, जाहिर है अभी उनके पास काफी समय है! जब वह पिता बने थे तब वह भी काम करते थे, उनकी उम्र बीस के आसपास थी।"

## कोहली के 50वें शतक के बाद अनुष्का का खास पोस्ट

**भारत** और न्यूजीलैंड के बीच विश्व कप 2023 सेमीफाइनल का पहला मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया। इस मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को 70 रनों से हराकर फाइनल का टिकट पक्का कर लिया। इस मैच में विराट कोहली ने मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ते हुए वनडे शतकों का अर्धशतक पूरा किया। विराट की परफॉर्मेंस के बाद अनुष्का ने उनके लिए खास पोस्ट किया। अनुष्का ने विराट की एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, आप वास्तव में भगवान का एक उपहार हैं। भगवान सर्वश्रेष्ठ लेखक हैं! मैं भगवान की बहुत आभारी हूं कि मुझे आपका प्यार मिला, मैंने आपको दिन-ब-दिन मजबूत होते देखा और आपकी सभी इच्छाएं पूरी हुईं। आप हमेशा अपने और खेल के प्रति ईमानदार



रहे हैं। इतना ही नहीं, अनुष्का ने इस मैच में 7 विकेट लेने वाले मोहम्मद शमी के लिए भी एक स्टोरी लिखी है। उन्होंने 'प्लेयर ऑफ द मैच' फोटो शेयर करते हुए ताली बजाने वाली इमोजी पोस्ट की। भारतीय बल्लेबाजों और गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन की बदौलत भारतीय टीम विश्व कप 2023 के फाइनल में पहुंच गई है।

**धर्मसंकट** छठ तुड़वाने का पाप लेंगे सीएम नीतीश व उनके पसंदीदा आइएएस अफसर!

# जिस नौकरी के लिए व्रत की मन्नत थी उसी पर संकट

**आरएनएम, पटना**

छठ बिहार सहित पूरे पूर्वांचल का सबसे बड़ा त्योहार है और बड़े से बड़े अधिकारी, नेता से लेकर बाहुबली तक न सिर्फ छठ का कठिन व्रत करते हैं बल्कि अपने पावर, पोजिशन से लेकर दबंग स्वभाव तक भूलकर जिस भक्तिभाव और विनम्रता से रास्ते की सफाई और सहयोग करते हैं उसका उदाहरण दिया जाता है ।

बिहार के शिक्षकों के सामने धर्म संकट है कल नहाय खाय है, परसों खरना और फिर अगले दिन शाम वाला अर्घ्य। जब अर्घ्य देने का समय होगा, उस समय दूसरे जिले में रहने का सरकारी ऑर्डर है। जो छठ में अर्घ्य देती हैं, वह तो यहां-वहां कहीं भी कर लेंगी। लेकिन, जो व्रती हैं? क्या करें? लिखना तो दूर, मुंह खोलने की जानकारी भर मिलने पर सरकार नौकरी से बर्खास्त कर देगी। अध्यापक संघ बनाने वाली महिला शिक्षिका को चयन-मुक्त कर से शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक पर भेदभाव के आरोप लग रहे हैं ।



एक तरफ छठी मइया का व्रत टूटने का और दूसरी तरफ नौकरी छूटने का। व्रती महिलाओं और पुरुषों ने कहा कि छठ से रोकने वाली सरकार खुद आज नहीं तो कल इसका खामियाजा भुगतेगी, लेकिन फिलहाल घर में छठ के पहले द्वंद्व मचा है।

बताया जाता है कि शिक्षा विभाग ने नव नियुक्त हुए सभी शिक्षकों की ट्रेनिंग छठ पूजा के समय ही रख दिया। नहाय खाय और खरना के दिन भी ट्रेनिंग का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। कई नव नियुक्त शिक्षिकाएं ऐसी हैं जो छठ महापर्व करती हैं। इनमें कई पुरुष भी शामिल हैं। ऐसे में पर्व के दौरान शिक्षकों का ट्रेनिंग शिड्यूल जारी करने वाले फैसले पर सवाल उठने लगे हैं।

छात्र नेताओं का कहना है कि नवनियुक्त शिक्षकों की ट्रेनिंग 4 नवंबर से 18 नवंबर तक शिड्यूल की गई थी। 17 से 20 नवंबर तक चार दिनों का छठ महापर्व भी इसी के बीच है। ऐसे में नवनियुक्त शिक्षकों को की ट्रेनिंग जारी रहेगी। कई पुरुष और महिला ऐसे भी हैं जिन्होंने शिक्षक बनने के बाद छठ महापर्व करने की मन्नत मांगी थी। ऐसे में पर्व के दौरान ट्रेनिंग से यह दुविधा में पड़ गए हैं। इनकी मांग है कि बिहार सरकार इस मामले को गंभीरता से ले और छठ महापर्व की छुट्टी दे। बिहार सरकार ने सितंबर से दिसंबर तक की सरकारी स्कूलों की छुट्टियों में कटौती कर दी थी। बिहार के स्कूलों में सितंबर से दिसंबर तक पहले 23 छुट्टियां थीं, जो कम करके 11 कर दी गईं।

बिहार राज विद्यालय अध्यापक संघ की ओर से शिक्षा विभाग और बिहार सरकार को पत्र लिखकर यह मांग की गई है कि छठ पूजा के बीच किसी भी प्रकार की ट्रेनिंग नहीं करवाई जाए। अध्यापक संघ का कहना है कि ट्रेनिंग की वजह से नव नियुक्त शिक्षक अपने पूर्व के आजीविका के साधन को छोड़कर आ गए हैं। दुख की बात यह है कि सरकार इस ट्रेनिंग के दौरान किसी प्रकार का कोई भत्ता या वेतन नहीं दे रही है। इस कारण परिवार के भरण पोषण की समस्या उत्पन्न हो गई है। अध्यापक संघ ने सरकार से यह मांग है कि जिस दिन से नवनियुक्त शिक्षकों ने औपबंधिक नियुक्ति पत्र लिया है। उसी दिन से उन्हें वेतन का भुगतान किया जाए।

## गागर में सागर

### मुख्यमंत्री को विधानसभा समारोह में शामिल होने का दिया गया न्योता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव, सैयद जावेद हैदर ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उन्होंने 22 नवंबर को आयोजित होने वाले झारखंड विधान सभा के 23वीं वर्षगांठ समारोह में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया।

### बुंडू में माकपा की उलगुलान रैली 17 को

**रांची।** माकपा की रांची जिला कमेटी 17 नवम्बर को बुंडू में उलगुलान रैली और जनसभा आयोजित करेगी। इसमें पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य डॉ अशोक ढावले और राज्य सचिव प्रकाश विप्लव के अलावा राज्य कमेटी सदस्य सुरेश मुंडा, सुफल महतो, रंगोवती देवी मुख्य वक्ता होगें। माकपा के जिला सचिव सुखनाथ लोहरा ने गुरुवार को कहा कि रैली की सारी तैयारियां पूरी हो चुकी है। पंचपरगना क्षेत्र के राहे, बुंडू, सोनाहातू, अनगड़ा और तमाड़ प्रखंड के विभिन्न गांवों में रैली की सफलता के लिए पार्टी कार्यकर्ता सघन अभियान चला रहे हैं। रैली की मुख्य मांगों में खाद्य सुरक्षा में भारी अनियमितता, मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप वन पट्टा के लिए ग्राम सभा आयोजित कर वन समितियों के गठन काम में तेजी लाने, जमीन के डिजिटल रिकार्ड में हुई अनियमितताओं के चलते रैयतों की परेशानियों को दूर करने के लिए पंचायत स्तर पर शिविर लगाए जाने और वर्षा के बाद मनरेगा के तहत नया कार्य शुरू करने, मनरेगा मजदूरों का बकाये का भुगतान किए जाने और पंचपरगना क्षेत्र के ज्वलंत मुद्दे शामिल हैं।

### थिंक- 2024 कार्यक्रम 17 को, शशि थरूर होंगे शामिल

**रांची।** रांची के होटल बीएनआर चाणक्या में शुक्रवार को थिंक- 2024 का आयोजन किया गया है। झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल ने गुरुवार को बताया कि 17 नवम्बर को शाम 6 बजे होटल बीएनआर चाणक्य में थिंक-2024 कार्यक्रम शुरू होगा। मुख्य अतिथि के रूप में आल इंडिया प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष सह सांसद डा. शशि थरूर और शिवसेना महाराष्ट्र के विधायक पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे सहित अन्य लोग उपस्थित होंगे।

### पीएम के कारकेड के सामने महिला के आने का मामला, एसपीजी ने मांगी रिपोर्ट

**रांची।** पीएम मोदी के रांची आगमन के दौरान उनके कारकेड के सामने एक महिला आ गई है। इसको लेकर एसपीजी के द्वारा रांची पुलिस से रिपोर्ट मांगी गई थी। जिसके बाद इस मामले में कार्रवाई करते हुए पीएम के वाहन के आगे जानबूझ कर आने वाली महिला के खिलाफ रांची के कोतवाली थाना में एफआईआर दर्ज करवाई गई है। पीएम नरेंद्र मोदी का काफिला बुधवार की सुबह करीब नौ बजे राजभवन से निकलकर रांची एसएसपी आवास से होकर रेडियम रोड से गुजर रहा था, इस दौरान गार्डन फ्रेश नामक दुकान के ठीक सामने पीएम की लैंड क्रूजर कार वहां पहुंची तो उसी समय संगीता झा नामक महिला सुरक्षा घेरे को तोड़कर पीएम की गाड़ी के सामने पहुंच गई। इस दौरान मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने आनन-फानन में महिला को पीएम के कारकेड से बाहर निकाला। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपीजी के द्वारा रांची पुलिस से रिपोर्ट मांगी गई थी। इस मामले में कार्रवाई करते हुए बुधवार रात ही मौके पर तैनात तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया था।

### झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर बिफरे समीर उरांव

**रांची।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद समीर उरांव ने गुरुवार को झामुमो नेता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान की कड़ी भर्त्सना करते हुए आक्रोश व्यक्त किया। उरांव ने कहा कि पर सुप्रियो भट्टाचार्य विक्षिप्त मानसिकता से ग्रस्त हो चुके हैं। इसलिए उनका इलाज मानसिक आरोग्य शाला कांके में कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, हैं जिन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु में जाकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया लेकिन झारखंड मुक्ति मोर्चा को इससे दिक्कत है। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजाति गौरव दिवस घोषित किया गया। इस पर झामुमो को दिक्कत है। आजादी के 75 वर्षों के बाद भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरसते जनजाति समाज के लिए पीएम जनमन योजना के माध्यम से 24 हजार करोड़ रुपये की योजनाओं की शुरूआत हुई। यह झामुमो को पसंद नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री संवैधानिक रूप से राज्य के किसी हिस्से में कार्यक्रम में शामिल होने जा सकते हैं।

## छठ महापर्व पर पूजा सामग्री से सजे राजधानी रांची के बाजार

# फलों की बिक्री पर महंगाई पड़ा भारी : फल विक्रेता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोक आस्था के महापर्व छठ पर राजधानी रांची के जिला स्कूल परिसर में छठ उपयोगी सामानों की दुकानें सज गई हैं। गागल, नारियल, सूप, दौरा, मिट्टी के कलश, फल, आम का लकड़ी सहित अन्य पूजा के समान बिक रहे हैं। छोटू कुमार गागल बेच रहे हैं। दो पीस गागल की कीमत 60 रुपये है। वह समस्तीपुर से जिला स्कूल परिसर में दुकान लगाने आए हैं। सभी गागल को मुजफ्फरपुर से लेकर पहुंचे हैं। बिक्री आज से ही शुरू हो गई है। भोला साव सुखदेव नगर चूना भट्ठा निवासी नारियल बेच रहे हैं। दो नारियल 50 रुपये में बेंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि 30 साल से यह काम कर रहा हूं। छठ को लेकर बाहर से बाहर से नारियल मंगवाता हूं और बेचने का काम करता हूं। बिक्री शुरू हो गई है। संतोष कुमार अपर बाजार के गाड़ी खाना के रहने वाले हैं। पिछले पांच साल से पूजा के सामग्री का दुकान जिला स्कूल परिसर में लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूजा के सभी सामान हमारे यहां उपलब्ध हैं। अखरोट एक पीस तीन रुपये, जाफर एक पीस तीन रुपये, सुपारी एक पीस एक रुपये, कमल गट्टा एक पीस एक रुपये, पिस्ता बादाम एक रुपए एक पीस, किशमिश 200 रुपये एक किलो, काजू 600 रुपये एक किलो, छुहारा 350 रुपये एक किलो, एक बंडल अलता पत्ता पांच रुपये, मखाना 700 रुपये किलो, बड़ी इलायची एक पीस एक रुपये में बेंच रहे है। कैलाश सिंह किशोरगंज निवासी सूप और दौरा बेच रहे है। उन्होंने कहा कि स्पेशल सूप एक पीस 180 रुपये, नॉर्मल सूप एक पीस 120 रुपये, लकड़ी का पंखा एक पीस 40 रुपये, सुपली एक पीस 70 रुपये, मजबूत दौरा एक पीस 650 रुपये, छोटा दौरा एक पीस 350 रुपये, डाला बड़ा एक पीस 350 पीस, डाला छोटा एक पीस 250 रुपये, डाला चौड़ा एक पीस 170 रुपये में बेच रहे हैं। नुदरत रेन डेली मार्केट निवासी ने कहा कि जिला स्कूल परिसर में पिछले पांच वर्षों से फल का दुकान लगा रहा हूं। बिक्री शुरू हो गयी है लेकिन ज्यादा नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि संतरा एक किलो 60- 80 रुपये, बड़ा सेव एक किलो 70 - 80 रुपये, छोटा सेव 90- 100 रुपये एक किलो में बेच रहे हैं जबकि होलसेल दाम में भी हमारे पास सभी फल उपलब्ध है। संतरा एक पेटी का पेटी 800-1200 रुपये , सेव बड़ा एक पेटी 800 रुपये, छोटा सेव 700- 800 रुपये बेच रहे हैं। पप्पू कुमार गुप्ता ने कहा कि उनके पिता राम अवतार गुप्ता भी आम का लकड़ी बेचा करते थे। वह भी छठ पर्व पर आम का लकड़ी बेचने का काम करते हैं। एक किलो आम का लकड़ी 30 रुपये में बेच रहे हैं। 20 रुपये में कलश और 10 रुपये में ढक्कन बेच रहे हैं। दीया एक रुपये और बड़ा पांच रुपये में बिक रहा है।




### सूप से लेकर दौरा के दाम आसमान पर

छठमहापर्व के मौके पर पूजा सामग्री के दाम काफी महंगे दिखाई दे रहे हैं। एक सूप का दाम 120 रुपये और बड़ा डाला एक पीस 350 रुपये में बिक रहे हैं। छठव्रतियों का कहना है कि इतनी महंगाई में महपर्व को भी फीका कर दिया है। संतरे का पेटी भी काफी महंगे बिक रहे हैं। बिक्रेताओं का कहना है हमलोग महंगे दाम पर खरीदकर ला रहे हैं, जिसके कारण हमें महंगा बेचना पड़ रहा है। इधर छठव्रतियों का कहना है कि अब कुछ भी हो लेकिन पर्व तो मनाना ही है। चाहे जितना भी दाम रहे।

### प्रधानमंत्री के काफिले में घुसने वाली महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कारकेड में प्रवेश करने वाली महिला के खिलाफ गुरुवार को एफआईआर दर्ज की गई। इसको लेकर एसपीजी ने रांची पुलिस से रिपोर्ट मांगी थी। इसके बाद प्रधानमंत्री की ड्यूटी पर तैनात इंस्पेक्टर विनोद पासवान ने रांची के कोतवाली थाना में महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई। प्रधानमंत्री का काफिला बुधवार की सुबह करीब नौ बजे राजभवन से निकलकर रांची एसएसपी आवास से होकर रेडियम रोड से गुजर रहा था। इस बीच गार्डन फ्रेश नाम की दुकान के ठीक सामने महिला संगीता झा सुरक्षा घेरे को तोड़ते हुए पीएम की लैंड क्रूजर कार के सामने आ गई। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने आनन-फानन में महिला को कारकेड के सामने से हटाया। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपीजी ने रांची पुलिस से रिपोर्ट मांगी थी। इस मामले में कार्रवाई करते हुए बुधवार रात ही मौके पर तैनात एक एएसआई अबु जफर, एक हवलदार छोटेलाल टुडू और एक सिपाही रंजन कुमार को रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने निलंबित कर दिया।

## रांची नगर निगम प्रशासक ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

# घाटों की साफ-सफाई व सड़कों की मरम्मति को लेकर दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

छठ महापर्व के मद्देनजर रांची नगर निगम के प्रशासक अमित कुमार ने गुरुवार को विभिन्न छठ घाटों में चल रहे विशेष सफाई अभियान का निरीक्षण किया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को कई दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने बताया कि छठ महापर्व के दौरान सम्पूर्ण निगम क्षेत्र कूड़ा मुक्त रहे, यह प्राथमिकता है। इसके लिए निगम अपने स्तर से कई महत्वपूर्ण तैयारियां कर रहा है। साफ-सफाई की दृष्टिकोण से सभी चिन्हित 72 छठ घाटों तथा उसके सभी संपर्क पथों पर विशेष सफाई अभियान दीपावली के पूर्व से ही चलाई जा रही है, जिसमे अतिरिक्त सफाई कर्मी भी लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि निगम क्षेत्र के विभिन्न जलाशयों के छठ घाटों पर निगम की ओर से किए जा रहे विभिन्न व्यवस्थाओं का मैंने निरीक्षण किया। इस क्रम में मुख्य रूप से अरगोड़ा तालाब, बड़ा तालाब, जेल तालाब, करमटोली तालाब, बनस तालाब, हटनिया तालाब, चडरी तालाब, तेतर टोली तालाब, करमटोली तालाब, स्वर्णरेखा घाट सहित अन्य तालाब का निरीक्षण किया। छठ घाटों के निरीक्षण क्रम में उन्होंने कहा कि विभिन्न तालाबों में काली पूजा विसर्जन किया गया है। इसलिए स्वच्छता शाखा की टीम को पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। मूर्तियों के अवशेषों को जल्द से जल्द निकालते हुए सभी घाटों में फैली गंदगी की सफाई, ग्रास कटिंग, तालाबों में खतरनाक स्थलों की पहचान के लिए बैरिकेटिंग, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव (तालाब के चारों तरफ) एवं तालाबों के संपर्क पथों पर सफाई सुनिश्चित करें। इसके अलावा सभी जलाशयों में गहरे पानी के क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए रेड रिबन-बास-बल्ली से बैरिकेडिंग करने के कार्यों को जल्द पूरा करने का भी निर्देश दिया गया ताकि लोग गहराई की तरफ न जाएं और किसी भी तरह की अनहोनी नहीं हो। उन्होंने कुछ छठ घाटों में शेष बचे सिविल कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने तथा सभी छठ घाटों में पर्याप्त लाइट्स की व्यवस्था यथाशीघ्र सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।



### नर्सिंग कॉलेज के छात्र ने की खुदकुशी की कोशिश

## शुभम को अस्पताल में किया गया भर्ती



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के साइन नर्सिंग कॉलेज के कमरे में छात्र शुभम कुमा ने बुधवार देर रात फांसी लगाकर खुदकुशी करने की कोशिश की। आनन-फानन में शुभम के साथियों ने उसे ओरमांझी के इरबा स्थित मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती कराया है, जहां उसे वेंटिलेटर पर रखा गया है और उसकी स्थिति काफी गंभीर बनी हुई है। घटना के विरोध में गुरुवार को शुभम के साथ पढ़ने वाले अन्य छात्राओं ने कॉलेज प्रबंधन पर छात्र को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। छात्रों ने घटना की सूचना हुटूप टीओपी पुलिस को दी। दोपहर घटना के बाद कॉलेज के अन्य छात्र-छात्रा आक्रोशित हो गये। सभी छात्र-छात्रा मेंदाता पहुंचे जहां गेट में छात्रों को रोक दिया गया। छात्रों ने कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। छात्रों ने प्रबंधन से मिलने की कोशिश की। लेकिन प्रबंधन ने मिलने से इंकार कर दिया। इसके बाद छात्रों ने अपनी फरियाद मुख्यमंत्री के समक्ष रखने का निर्णय लिया। नेवरी के समीप ओरमांझी वीडीओ विजय कुमार, सीओ नितीन शिवम गुप्ता, आरेमांझी थाना प्रभारी आलोक कुमार, हुटूप टीओपी रघविंद्र चौधरी, मेसरा ओपी प्रभारी छात्रों को समझाबुझाकर रोकने का प्रयास किया।

## ‘प्रधानमंत्री को भी ढंग से सुरक्षा नहीं दे सकी हेमंत सरकार, दूसरों को क्या देगी’

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पीएम मोदी की सुरक्षा में चूक मामले पर झारखंड बीजेपी के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। बाबूलाल ने कहा है कि जो राज्य प्रधानमंत्री को ढंग से सुरक्षा नहीं दे सकता वो आम आदमी को क्या सुरक्षा देगा। उन्होंने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की भी मांग हेमंत सोरेन से की है। बीजेपी नेता बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि भारत के प्रधानमंत्री की गाड़ी के ठीक सामने किसी व्यक्ति का अचानक से आ जाना सुरक्षा की भारी चूक है। हमारा देश पहले भी कई बड़े हादसे देख चुका है। ऐसे भी यह चूक नजरंदाज के योग्य बिलकुल भी नहीं है। हेमंत जी... इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की जाये क्योंकि जो राज्य अपने प्रधानमंत्री को ढंग से सुरक्षा नहीं दे सकता वो आम आदमी को क्या सुरक्षा देगा?

**क्या है पूरा मामलाः** झारखंड दौरे पर आए पीएम मोदी बुधवार को जब राजभवन से निकलकर बिरसा मुंडा पुराने जेल की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में प्रधानमंत्री के काफिले में एक महिला घुस आई। महिला के अचानक कारकेड में घुसने की वजह से इमरजेंसी ब्रेक लगाना पड़ा। पीएम का काफिला जैसी ही रुका तुरंत एनएसजी और झारखंड पुलिस के अधिकारी अलर्ट हो गए। सुरक्षा टीम और पुलिस ने तुरंत महिला को सड़क से किनारे किया और उसे हिरासत में ले लिया।



**क्या हुई कार्रवाईः** पीएम की सुरक्षा में चूक मामले में आरोपी महिला के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं एनएसजी ने भी रांची पुलिस से रिपोर्ट मांगी थी। इस मामले तत्काल तीन पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया था।

## अविनाश पांडे किस हैसियत से सरकारी कार्यक्रम में शामिल होते हैं : भाजपा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा ने कांग्रेस के उस बयान पर जवाब दिया है, जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को प्रधानमंत्री संग मंच पर उपस्थिति को लेकर सवाल उठाये गये हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का आरोप है कि सरकारी कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष को जगह दी गई। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता कुणाल षाडंगी ने गुरुवार को कहा कि कांग्रेस को तो बस शोर मचाने की लत है वरना यहां तो सब खैरियत है। कांग्रेस के आरोपों पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के साथ मंच पर बाबूलाल मरांडी की उपस्थिति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के नाते नहीं थी, बल्कि राज्य के प्रथम आदिवासी मुख्यमंत्री होने के कारण उनके प्रति प्रधानमंत्री का सम्मान और आदर भाव है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी का ओहदा क्या है यह प्रधानमंत्री के संबोधन के उस अंश से जाहिर हो जायेगा जब उन्होंने मंच से पूर्व सीएम बाबूलाल को परम मित्र कहा। कुणाल ने कहा कि जहां तक हैसियत का सवाल है तो कांग्रेस के नेता यह बताएं कि विशाल चौधरी के घर में विभागीय संचिका किस हैसियत से गई थी। दलाल प्रेम प्रकाश के घर में मुख्यमंत्री सुरक्षा में लगे जवानों की एके-47 की बंदूक कैसे पाई गई थी? मुख्यमंत्री के हस्ताक्षर की हुई चेक बुक माफियाओं के घर पर कैसे मिली थी। कांग्रेस के राज्य के प्रभारी अविनाश पांडे किस हैसियत से सरकारी कार्यक्रम में मंच पर आसीन होते हैं।




## पृष्ठ एक के शेष

**रेस्क्यू में देरी से झारखंड में श्रमिकों के...**

मां पार्वती देवी भी दिव्यांग हैं। वह मंदिर में मत्था टेक रही हैं।

झारखंड सरकार की ओर से उत्तरकाशी भेजे गए अफसरों की टीम ने वहां के जिला मजिस्ट्रेट अभिषेक रोहिला से मुलाकात कर उनसे रेस्क्यू ऑपरेशन की पूरी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि मंगलवार रात से जो रेस्क्यू की प्रक्रिया चल रही थी, उसमें रुकावट आई है. मशीन खराब हो गई है। साथ ही पत्थर आ जाने के कारण रेस्क्यू में रुकावट आई है। झारखंड की टीम ने घटनास्थल से 7-8 किलोमीटर की दूरी पर एक प्रवासी नियंत्रण कक्ष -होटल अनंतम ब्रह्मखाल, उत्तरकाशी में खोल दिया गया है ताकि श्रमिकों या उनके शुभचिंतकों को कोई भी जानकारी तुरंत उपलब्ध कराई जा सके।

**नहाय-खाय के साथ आज से शुरु...**

परिवार के समस्त सदस्यों को वितरित करेंगी। इसके साथ छठ का व्रत शुरू हो जाएगा। 18 नवंबर को सायंकाल खरना की पूजा होगी। छठव्रती खीर, पिट्ठा, सादी रोटी, दूध, गुड़ आदि का प्रसाद स्वयं ग्रहण कर परिवार के सदस्यों एवं सभी परिचितजनों को देंगे। खरना के साथ छठव्रतियों का 36 घन्टे का निर्जला व्रत शुरू हो जायेगा। 19 नवंबर, कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी सायंकाल अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा। 20 नवंबर, कार्तिक शुक्ल पक्ष सप्तमी को प्रातःकाल उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा। इसके साथ ही छठव्रतियों का 36 घन्टे का निर्जला व्रत समाप्त हो जायेगा तथा चार दिवसीय छठ पर्व का समापन हो जायेगा।

**सरकार लुगू पहाड़ को संरक्षित करने का...**

उपलक्ष्य में आगामी 15 नवंबर से 29 दिसंबर 2023 तक राज्यव्यापी अभियान ‘आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार’ कार्यक्रम में जन-प्रतिनिधिगण एवं प्रभारी मंत्री को अपनी महती भूमिका निर्वहन करने का निर्देश दिया गया। ‘आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार’ के अंतर्गत आयोजित होने वाले शिविरों में बिरसा आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, जाति/आय/जन्म/मृत्यु/ दिव्यांगता प्रमाण पत्र सहित सर्वजन पेंशन, सावित्रीबाई फुले बालिका समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना आदि का लाभ शत प्रतिशत लाभुकों को सुनिश्चित कराया जा सके इस निमित्त गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री-सह-टीएसी के उपाध्यक्ष चम्पई सोरेन, विधायक-सह-टीएसी सदस्य प्रो. स्टीफन मरांडी, सीता सोरेन, दीपक बिरुआ, भूषण तिर्की, सुखराम उरांव, दशरथ गगराई, विकास कुमार मुंडा, राजेश कच्छप, सोनाराम सिंकू, शिल्पी नेहा तिर्की, मनोनीत सदस्य विश्वनाथ सिंह सरदार, जमल मुंडा, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे सहित अन्य उपस्थित थे।

**कार्यक्रम पीएम का महफिल ले गये...**

नीतिगत बैठकों में भी गैर भाजपा शासित राज्यों के सीएम खुद की जगह अपने प्रतिनिधियों को भेंजकर महज औपचारिकताओं का निर्वहन करने लगे। और तो और पीएम नरेंद्र मोदी के ऐसे राज्यों के दौरे पर जाने पर उनकी अगवानी में भी नजर न आयें। पश्चिम बंगाल, बिहार, पंजाब, तेलंगाना आदि राज्य इसके उदाहरण हैं। किंतु जनजातीय गौरव दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी के झारखंड दौरे पर सीएम हेमंत सोरेन ने अपने आचरण से प्रदेश ही नहीं देशवासियों का भी दिल जीत लिया है। वह भी तब जब सीएम राज्य में गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं तथा ईडी सहित अन्य केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई से भाजपा व झामुमो के बीच कटुता चरम पर है। राजनीतिक विश्लेषक इसे भारतीय लोकतंत्र का सुखद एहसास बता रहे हैं।

## राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस

# आधुनिक पत्रकारिता और विश्वसनीयता का संकट

**सुनील बादल**



पारंपरिक पत्रकारिता में समाचार, भेजने वाले से लेकर संपादक तक समाचार सामग्री अनेक स्तरों पर पढ़ी और परखी जाती थी जिसे आज की तरह हड़बड़ी नहीं थी। इसके विपरीत सोशल मीडिया के आने के बाद डिजिटल माध्यम में आने के कारण, प्रिंट माध्यम के कुछ स्तंभ भी इलेक्ट्रॉनिक माध्यम की तरह ब्रेकिंग न्यूज की दौड़ में शामिल होते दिख रहे हैं । बाजार में टिके रहने के लिए टीआरपी या सकुर्लेशन की दौड़ में शामिल होने का दबाव भी है और हड़बड़ी या आधुनिक बाजारवाद के कारण विश्वसनीयता खोने का खतरा भी। दूसरी ओर सोशल मीडिया ने पत्रकार और पत्रकारिता को कहीं ज्यादा जवाबदेह बनाया है। अब पत्रकारिता पहले से ज्यादा जीवंत हुई है। दूसरे सिरे पर बैठा पाठक केवल पढ़कर चुपचाप बैठे रहना वाला नहीं रहा। वो न केवल कहीं अधिक प्रतिक्रियावादी हुआ है बल्कि किसी समाचार में अगर जरूरी लगे तो बदलाव की वजह तक बनने की हिम्मत रखता है। वो अपनी मर्जी से अपने स्रोत को चुन सकता है और उस पर प्रतिक्रिया देने की आजादी रखता है। पत्रकारों के सामने तथ्यों, तस्वीरों की विश्वसनीयता परखने की चुनौतियां तकनीक के इस युग में पहले से कहीं अधिक बढ़ गई हैं। कृत्रिम मेधा (एआइ ) के चलन में आने के बाद अब वो जमाना नहीं रहा जब हम पत्रकारिता को केवल कलम और स्याही के लिए जानते थे या किसी क्षेत्र या भाषा विशेष में हमारी धाक थी । सत्ता और व्यवसायी समुदाय हमारी सच्चाई के तीखेपन से परेशान रहते थे । अब प्रयास यह हो रहा है कि मुद्दों और सेवाओं की गुणवत्ता के आधार पर अपनी छवि सुधारने के लिए मीडिया की शरण में जाने के बजाय सोशल मीडिया और यूट्यूब जैसे बेलगाम माध्यम से धमाकेदार बातें फैलाई जाएं । जिस मामूली से व्यक्ति या प्रोडक्ट या उसकी सेवाओं को उसके मुहल्ले के लोग भले न जानते हों पर शगूफा छोडकर वह रातों रात वायरल हो सकता है कोई अनजान सा उत्पाद या कोई मामूली सा मनीष कश्यप झूठी सूचनाओं के आधार पर दो राज्यों में तनातनी करा सकता है । संभ्रांत लोग भले इन्हें पत्रकार न मानें पर ऐसे दर्जनों तथाकथित स्वयंभू पत्रकार लगातार गलत, भ्रामक और सनसनीखेज सामग्री परोस रहे हैं जो लाखों लोगों तक तक पहुँच कर दंगे फसाद तक करा रहे हैं। केंद्र सरकार कई बार आचार संहिता बनाने की चर्चा करती है पर वरिष्ठ पत्रकार या उनके संगठन इसे अपनी स्वतंत्रता पर अंकुश मानकर स्वयं आचार संहिता बनाने की बात करते रहे हैं। कुछ दिनों पूर्व यूपी के अतीक अहमद हत्याकांड में फर्जी पत्रकार बनकर गए हत्यारों ने पत्रकार संगठनों से लेकर सरकारों को चौकन्ना कर दिया है।

### मोबाइल से वैश्विक हो रही है पत्रकारिता

ग्रामीण,मुफस्सिल,स्थानीय न होकर पत्रकारिता अब ग्लोबल हो चुकी है। भारत के एक दूर दराज के कस्बे की खबरें अब अमेरिका में बैठा भारतवंशी भी पढ़ रहा है। ना केवल पढ़ रहा है बल्कि उस पर अपनी प्रतिक्रया भी दे रहा है। अखबारों और चैनलों की अपनी वेबसाइट हैं, जहां लाखों लोग हर रोज किसी भी समाचार को पढ़ने-जानने के लिए आते हैं।अखबारों की भीड़ में संभव नहीं कि हम हर रोज कम से कम 40-50 रुपए खर्च कर अच्छे अखबार खरीद सकें और पहले की तरह पढ़ सकें । दूसरी तरफ पत्रकारिता ने खुद को बेहतर करने के लिए तकनीक का बेहतर उपयोग किया है। पहले हम किसी भी समाचार को पूरी तरह से जानने के लिए अगले दिन का इंतजार करते थे, लेकिन अब हमें महत्वपूर्ण खबरें तत्काल मिल जाती हैं। रेडियो के आने के बाद भी एक बार ऐसी स्थिति बनी थी जब 1950 तक लगभग हर देश के पास उसका अपना ब्रॉडकास्टिंग सिस्टम मौजूद था, जिसके माध्यम से खबरे ब्रॉडकास्ट होती थी। कहा जाने लगा कि अब अखबारों का क्या होगा ? इसी तरह टीवी के बढ़ते प्रभाव के बाद भी कहा जा रहा था पर प्रिंट मीडिया ने अपनी इच्छा से पढ़ने की सुविधा के साथ विश्वसनीयता के कारण अपना अस्तित्व बनाए रखा । आज यूट्यूब और मोबाइल पत्रकारिता की तेज गति की पत्रकारिता के बीच भी उसका कवच विश्वसनीयता ही है जिसका घोर अभाव आधुनिक पत्रकारिता यानी डिजिटल में देखने को मिल रही है । इसलिए अब समय आ गया है कि सभी मिलकर एक आचार संहिता या मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी ) बनाएं ताकि कोई भी अपने को पत्रकार बताकर यूपी जैसी घटना को अंजाम न दे सके या दुष्प्रचार को भी पत्रकारिता न मान लिया जाए ।

# ऑस्ट्रेलिया ने 8वीं बार फाइनल में, फिर 'चोकर्स' साबित हुआ दक्षिण अफ्रीका



**एजेंसी। कोलकाता**

ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को आईसीसी मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 के दूसरे सेमीफाइनल में 3 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बना ली है, जहां उसका सामना भारतीय टीम से होगा। भारत ने बुधवार को न्यूजीलैंड को 70 रन से हराकर फाइनल में जगह पक्की की थी। ऑस्ट्रेलिया ने 8वीं बार विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई है। वहीं दूसरी तरफ दक्षिण अफ्रीका की टीम एक बार फिर नॉक आउट मुकाबले से बाहर हो गई है और पहली बार फाइनल में जगह बनाने से चूक गई है। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए मैच में साउथ अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए डेविड मिलर के शतक की बदौलत 49.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 212 रन बनाए। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया को डेविड वॉर्नर और ट्रेविस हेड ने धमाकेदार शुरूआत दिलाई। दोनों के बीच 60 रन की साझेदारी हुई। इसके बाद मिचेल मार्श भी जल्दी आउट हुए। स्मिथ और हेड ने पारी को संभाला लेकिन हेड का विकेट गिरते ही ऑस्ट्रेलिया ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए, जिससे मैच रोमांचक स्थिति में पहुंच गया। अफ्रीका के गेंदबाजों ने आखिरी ओवरों तक ऑस्ट्रेलिया को कड़ी टक्कर दी।ऑस्ट्रेलिया की टीम ने 47.2 ओवर में 7 विकेट पर 215 रन बनाकर मैच जीता। दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए दूसरे सेमीफाइनल में डेविड मिलर के शतक की बदौलत 49.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 212 रन बनाए। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने अच्छी शुरूआत की। सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर 18 गेंद में 29 रन बनाकर आउट हुए। मिचेल मार्श का डुसेन ने बेहतरीन कैच पकड़ा। हेड 62 रन बनाकर आउट हुए। लाबुशेन ने 18 और मैक्सवेल ने एक रन बनाया। स्टीव स्मिथ 62 गेंद में 30 रन बनाकर आउट हुए। जोश इंग्लिश ने 28 रन बनाए। इसके बाद कमिंस और स्टार्क ने आठवें विकेट के लिए 22 रन जोड़े और टीम को जीत दिलाई। दक्षिण अफ्रीका के लिए डेविड मिलर ने सर्वाधिक 101 रन बनाए। हेनरिक क्लासेन और डेविड मिलर के बीच पांचवें विकेट के लिए 95 रन की साझेदारी हुई, जिससे पारी लड़खड़ाने के बाद भी अफ्रीका की टीम 200 के पार पहुंच सकी। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल स्टार्क और पैट कमिंस ने 3-3, जोश हेलजवुड और ट्रेविस हेड ने 2-2 विकेट लिए। पहले बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरूआत बेहद खराब रही है। मिचेल स्टार्क ने दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा को शून्य पर आउट किया। फिर फॉर्म में चल रहे क्विंटन डि कॉक को हेजलवुड ने पवेलियन भेजा। स्टार्क ने ऐडन मार्कराम और हेजलवुड ने रासी वान डर डुसेन के रूप में अपना दूसरा विकेट हासिल किया। इसके बाद क्लासेन और मिलर ने पारी को संभाला। दोनों के बीच 95 रन की साझेदारी हुई। क्लासेन 48 गेंद में 47 रन बनाकर आउट हुए। मार्को यानसेन भी अगली गेंद पर पवेलियन लौट गए। गेराल्ड काइट्जे और मिलर के बीच अर्धशतकीय साझेदारी हुई। गेराल्ड 19 रन बनाकर पवेलियन लौटे। डेविड मिलर ने 116 गेंद में 101 रन बनाए। रबाडा और शम्सी ने आखिरी विकेट के लिए सात रन की साझेदारी की।

## स्कोर बोर्ड

| ऑस्ट्रेलिया | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ट्रैविस हेड | 62 | 48 | 9 | 2 |
| डेविड वॉर्नर | 29 | 18 | 1 | 4 |
| मिचेल मार्श | 0 | 6 | 0 | 0 |
| स्टीव स्मिथ | 30 | 62 | 2 | 0 |
| मार्नस लाबुशेन | 18 | 31 | 2 | 0 |
| ग्लेन मैक्सवेल | 1 | 5 | 0 | 0 |
| जॉश इंग्लस | 28 | 49 | 3 | 0 |
| मिचेल स्टार्क | 16 | 38 | 2 | 0 |
| पैट कमिंस | 14 | 29 | 2 | 0 |

**अतिरिक्त :** 17, **कुल :** 215/7 (47.2 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-60, 2-61, 3-106, 4-133, 5-137, 6-174, 7-193. डीआरएस
**गेंदबाजी :** मार्को यानसन 4.2-0-35-0, कगिसो रबाडा 6-0-41-1, एडन मारक्रम 8-1-23-1, जेराल्ड कट्जी 9-0-47-2, तबरेज शम्सी 10-0-42-2, केशव महाराज 10-0-24-1

| साउथ अफ्रीका | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| क्विंटन डिकॉक | 3 | 14 | 0 | 0 |
| तेम्बा बवूमा | 0 | 4 | 0 | 0 |
| रासी वान दर दुसें | 6 | 31 | 0 | 0 |
| एडन मारक्रम | 10 | 20 | 2 | 0 |
| हाइनरिक क्लासन | 47 | 48 | 4 | 2 |
| डेविड मिलर | 101 | 116 | 8 | 5 |
| मार्को यानसन | 0 | 1 | 0 | 0 |
| जेराल्ड कट्जी | 19 | 39 | 2 | 0 |
| केशव महाराज | 4 | 8 | 0 | 0 |
| कगिसो रबाडा | 10 | 12 | 0 | 1 |
| तबरेज शम्सी | 1 | 5 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 11, **कुल :** 212/10 (49.4 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-1, 2-8, 3-22, 4-24, 5-119, 6-119, 7-172, 8-191, 9-203, 10-212 . डीआरएस
**गेंदबाजी :** मिचेल स्टार्क 10-1-34-3, जॉश हेजलवुड 8-3-12-2, पैट कमिंस 9.4-0-51-3, ऐडम जैम्पा 7-0-55-0, ग्लेन मैक्सवेल 10-0-35-0, ट्रैविस हेड 5-0-21-2

## सचिन के 100 शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी कर सकते हैं विराट : शास्त्री



**एजेंसी। मुंबई**

न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में भारत की 70 रनों की जीत में 117 रनों की शानदार पारी खेलकर विराट कोहली ने सचिन तेंदुलकर के 49 एकदिवसीय शतकों की लंबे समय से चली आ रही संख्या को पीछे छोड़ दिया, जिसके बाद पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि इस करिश्माई बल्लेबाज में महान बल्लेबाज सचिन के सौ शतकों के आंकड़े की बराबरी करने की क्षमता है। किसने सोचा होगा कि जब सचिन तेंदुलकर ने 100 शतक बनाए थे तो कोई भी उनके करीब आ जाएगा और उन्होंने 80 अंतर्राष्ट्रीय शतक बनाए हैं, उनमें से 50 एक दिवसीय खेल में हैं और जो उन्हें सर्वोच्च बनाता है। अवास्तविक।्व शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू पॉडकास्ट पर कहा, कुछ भी असंभव नहीं है क्योंकि ऐसे खिलाड़ी, जब शतक बनाने की फिराक में रहते हैं, तो वे बहुत तेजी से शतक बना लेते हैं। उनकी अगली 10 पारियों में आपको पांच और शतक देखने को मिल सकते हैं। आपके पास खेल के तीन प्रारूप हैं और वह उन सभी प्रारूपों का हिस्सा है। यह सोचना कि उसके पास अभी भी तीन या चार साल का क्रिकेट बाकी है, दिमाग चकराने वाला है। कोहली अब विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं और शास्त्री का मानना है कि कोहली ने अच्छी तैयारी की है और पूरे टूर्नामेंट में नियंत्रण में दिखे। मुझे लगता है कि उनका संयम, उनकी शारीरिक भाषा, उनका संयम, क्रीज पर उनकी शांति (बता रही थी)। मैंने उसे पिछले विश्व कप में देखा है जहां वह कुछ घबराए हुए दिखते थे।" वह तुरंत इस पर काम करना चाहता है। यहाँ ऐसा कुछ भी नहीं है। उन्होंने अपना समय लिया है, अपने बचाव पर ध्यान दिया है, दबाव झेला है, खुद को समय दिया है और पारी में गहरी बल्लेबाजी की अपनी भूमिका को समझा है। और वह बहुत ही अद्भुत रहा है। भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य शास्त्री बताते हैं कि कोहली को हर मैच से पहले अपनी सावधानीपूर्वक तैयारी का लाभ मिल रहा है, खासकर विकेटों के बीच दौड़ने में कुशल होने का। यह तीनों (मानसिक बदलाव, तकनीकी बदलाव और फिटनेस पर जोर) का मिश्रण है। (यह) उसे पारी की शुरूआत में शांत रहने के लिए कुछ समय देता है। पहले 10, 15 रनों में उनके शॉट चयन के कारण वह अतिरिक्त जोखिम नहीं लेते। वह गेंद को छोड़ने, गेंद को चारों ओर से घुमाने के लिए काफी तैयार है।

## डब्ल्यूपीजीटी के 15वें चरण में नेहा त्रिपाठी ने चार शॉट की बढ़त बनायी




**एजेंसी। कोलकाता**

रॉयल कलकत्ता गोल्फ क्लब में हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के 15वें चरण में नेहा त्रिपाठी ने शुरूआती डबल बोगी से उबरकर 1-ओवर 73 का सम्मानजनक स्कोर हासिल किया और अपनी बढ़त को दो से चार शॉट तक बढ़ा दिया। इस सीजन में दो बार विजेता रहीं नेहा (72-73) हीरो ऑर्डर ऑफ मेरिट सम्मान का पीछा करते हुए और अधिक की तलाश में हैं। वह अब 1-ओवर 145 पर हैं जबकि एक राउंड और बाकी है।

नेहा रिधिमा दिलावरी से चार शॉट आगे हैं, जो इस सीजन में अभी भी जीत से महरूम हैं। रिधिमा के लिए दिन का सर्वश्रेष्ठ दौर था क्योंकि कोई भी खिलाड़ी प्रतिष्ठित लेकिन चुनौतीपूर्ण आरसीजीसी को तोड़ने में सक्षम नहीं था। त्वेसा मलिक (74-77) पहले तीन होल में तीन बोगी के साथ भयानक शुरूआत के बाद तीसरे स्थान पर खिसक गईं और 151 पर वह नेहा से छह शॉट पीछे और रिधिमा से दो शॉट पीछे हैं। त्वेसा और रिधिमा को अगले महीने अल मदान गोल्फ माराकेच और रॉयल गोल्फ डी माराकेच में एलईटी क्यू-स्कूल के अंतिम चरण में भी खेलना है। पांच बर्डी के साथ श्वेता मानसिंह का दिन का एक बेहतर राउंड 73 पर था और वह 8-ओवर 152 पर चौथे स्थान पर पहुंच गईं। सहर अटवाल (79-74) और खुशी खानिजाऊ (79-74) संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं।

एमेच्योर अनहत बिंद्रा (75-80) सातवें स्थान पर हैं जबकि चार खिलाड़ी 12-ओवर 156 के स्कोर के साथ आठवें स्थान पर हैं और उनमें यालिसाई वर्मा (82-74), स्नेहा सिंह (79-77), कृति चौहान (77-79) और अनीशा अग्रवाल (76-80) शामिल हैं। 20 खिलाड़ियों के अंतिम दौर में पहुंचने पर कट 163 पर लगाया गया।

## प्रणय की हार के साथ भारत की चुनौती समाप्त



**एजेंसी। कुमामोटो**

कुमामोटो मास्टर्स जापान बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की दौड़ प्री-क्वार्टर फाइनल में एचएस प्रणय की हार के साथ समाप्त हो गई। प्रणय ने पहला गेम जीतने के बाद अपनी बढ़त खो दी और अंततः एक घंटे और 13 मिनट तक चले मैच में 21-19, 16-21, 19-21 के स्कोर के साथ चीनी ताइपे के 12वीं रैंकिंग वाले चोउ तिएन चेन से हार गए। दुनिया के सातवें नंबर के भारतीय खिलाड़ी पिछले महीने हांगझोऊ में एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने के बाद पहली बार खेल रहे थे, वह पीठ की चोट के कारण डेनमार्क और फ्रेंच ओपन से हटने के बाद कोर्ट पर लौटे। लक्ष्य सेन, प्रियांशु राजावत और पुरुष युगल के शीर्ष वरीय सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी अपने-अपने शुरूआती दौर में ही बाहर हो गए। कुमामोटो मास्टर्स जापान, एक बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट के परिणाम, पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए खिलाड़ियों की क्वालीफाइंग रैंकिंग में योगदान देंगे। योग्यता विंडो मई 2023 में शुरू हुई और अप्रैल 2024 में समाप्त होगी। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी 21 नवंबर से शेनझेन में शुरू होने वाले सुपर 750 टूर्नामेंट चाइना मास्टर्स में भाग लेंगे।

## 13वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप आज से चेन्नई में होगी शुरू




**एजेंसी। नई दिल्ली।**

13वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 17 नवंबर को चेन्नई, तमिलनाडु में शुरू होगी। टूर्नामेंट में आठ पूलों में विभाजित 29 टीमें 28 नवंबर को फाइनल में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। विशेष रूप से, राष्ट्रीय चैंपियनशिप उसी स्थान पर आयोजित की जाएगी जहां भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने इस साल की शुरूआत में हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 जीती थी। पूल ए में मौजूदा चैंपियन हॉकी हरियाणा, छत्तीसगढ़ हॉकी और हॉकी गुजरात शामिल होंगे। हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु, हॉकी हिमाचल और असम हॉकी को पूल बी में रखा गया है। पूल सी में हॉकी कर्नाटक, हॉकी बिहार, दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव हॉकी शामिल होंगी। पूल डी में हॉकी महाराष्ट्र, हॉकी पंजाब, हॉकी उत्तराखंड और त्रिपुरा हॉकी शामिल हैं। पूल ई में हॉकी बंगाल, हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी जम्मू और कश्मीर और मणिपुर हॉकी के बीच मुकाबला होगा। पूल एफ में हॉकी झारखंड का मुकाबला हॉकी चंडीगढ़, हॉकी आंध्र प्रदेश और गोवा की हॉकी से होगा। पूल जी उत्तर प्रदेश हॉकी, पुडुचेरी हॉकी, केरल हॉकी और हॉकी राजस्थान शामिल हैं। इस बीच, पूल एच में दिल्ली हॉकी, ओडिशा हॉकी एसोसिएशन, तेलंगाना हॉकी और हॉकी अरुणाचल शामिल होंगे।

प्रत्येक पूल से टेबल टॉपर क्वार्टर-फाइनल के लिए अर्हता प्राप्त करेगा, जिसके विजेता 27 नवंबर को होने वाले सेमी-फाइनल में पहुंचेंगे। सेमीफाइनल के विजेता 28 नवंबर को फाइनल में आमने-सामने होंगे।

इस टूर्नामेंट में नेशनल कोर ग्रुप के कुल 31 खिलाड़ी भाग लेंगे, जिनमें भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह, दिलप्रीत सिंह, शमशेर सिंह, सुखजीत सिंह, सिमरनजीत सिंह, आकाशदीप सिंह, कृष्ण बी पाठक, जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह और गुरिंदर सिंह हॉकी पंजाब का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इस बीच, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा का प्रतिनिधित्व अमित रोहिदास, नीलम संजीप जेस, दिपसन टिर्की और शिलानंद लाकड़ा करेंगे। उत्तर प्रदेश हॉकी का प्रतिनिधित्व ललित कुमार उपाध्याय, राजकुमार पाल, पवन राजभर और प्रशांत कुमार चौहान करेंगे। हॉकी हरियाणा सुमित, संजय, अभिषेक, मंदीप मोर, पवन मलिक, यशदीप सिवाच और मंजीत के साथ अपने खिताब की रक्षा करना चाहेगा, जबकि विवेक सागर प्रसाद हॉकी मध्य प्रदेश के लिए मैदान में उतरेंगे।

नीलकंठ शर्मा मणिपुर हॉकी के लिए खेलेंगे, मोहम्मद राहील मौसीन हॉकी कर्नाटक का प्रतिनिधित्व करेंगे, सूरज करकेरा हॉकी महाराष्ट्र के लिए खेलेंगे, मनिंदर सिंह हॉकी चंडीगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे, जबकि स्थानीय लड़के एस. कार्थी पिछले साल के उपविजेता, हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु का नेतृत्व करेंगे।

## नेशनल रेसिंग चैंपियनशिप का ग्रैंड फिनाले आज से

**एजेंसी। कोयंबटूर**

26वीं जेके टायर एफएमएससीआई नेशनल रेसिंग चैंपियनशिप का ग्रैंड फिनाले 17 नवंबर से कारी मोटर स्पीडवे पर शुरू हो रहा है और इसका समापन 19 नवंबर को होगा। प्रीमियर एलजीबी फॉर्मूला 4 श्रेणी में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप और जेके टायर नोविस कप, जेके टायर प्रेजेंट्स रॉयल एनफील्ड कॉन्टिनेंटल जीटी कप और जेके टायर प्रेजेंट्स 250 कप में समग्र चैंपियनशिप के लिए शीर्ष रेसरों के बीच एक कड़ा मुकाबला होगा। भारतीय निमार्ता एलजीबी फॉमूर्ला 4 पर सभी की निगाहें होंगी क्योंकि एमस्पोर्ट के रूहान अल्वा का लक्ष्य डार्क डॉन रेसिंग के वर्चस्व को रोकना है और इस श्रेणी में अपनी पहली राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए बेहतरीन प्रदर्शन करना है। बेंगलुरु के रूहान ने ट्रैक पर अपने दृढ़ संकल्प और कौशल से सभी को प्रभावित किया है और वर्तमान में 52 अंकों के साथ लीडरबोर्ड में शीर्ष पर है। रुहान को उम्मीद होगी कि वह अपनी अच्छी लय बरकरार रखेंगे और अन्य सभी को कड़ी टक्कर देंगे।

## माधुरी ने टीम इंडिया की जीत का मनाया जश्न

### रजनीकांत, अनुष्का के साथ खिंचवाई सेल्फी



**एजेंसी। मुंबई**

अभिनेत्री माधुरी दीक्षित नेने भी टीम इंडिया की विश्व कप सेमीफाइनल जीत से बेहद खुश हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई देने के लिए एक नोट लिखा है। बुधवार को मुंबई में भारत बनाम न्यूजीलैंड विश्व कप सेमीफाइनल के दौरान माधुरी वानखेड़े स्टेडियम में थीं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर विराट कोहली की प्रशंसा की और उन्हें बधाई दी क्योंकि उन्होंने अपना 50वां वनडे शतक जड़कर सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा था। उन्होंने मैच का एक वीडियो शेयर किया। इसमें उनके पति श्रीराम नेने, अनुष्का शर्मा, विक्की कौशल और कुणाल खेमू भी हैं। उन्होंने रजनीकांत के साथ भी पोज दिया। माधुरी ने फुटबॉल के दिग्गज डेविड बेकहम के साथ एक सेल्फी भी साझा की। कैप्शन के लिए उसने लिखा, टीम इंडिया को बधाई। ब्लू में हमारे लड़कों ने क्या शानदार प्रदर्शन किया। माधुरी ने आगे कहा, विराट कोहली को लगातार दो शतक और कुल मिलाकर 50 वनडे शतक लगाने और मास्टरब्लास्टर (सचिन तेंदुलकर) का रिकॉर्ड तोड़ने के लिए बधाई। हमें बुधवार का खेल बहुत पसंद आया, जादुई अनुभव के लिए धन्यवाद।"

## इंग्लिश बल्लेबाज हैरी ब्रूक बीबीएल से हटे

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के युवा दाएं हाथ के बल्लेबाज हैरी ब्रूक अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के चलते अपने बढ़ते कार्यभार के कारण बिग बैश लीग (बीबीएल) के आगामी सीजन से हट गए हैं। हैरी ब्रूक को इस साल सितंबर में एक विदेशी ड्राफ्ट के माध्यम से क्लब ने अपनी दूसरी पसंद के रूप में शामिल किया था। दिसंबर में इंग्लैंड के वेस्टइंडीज दौरे का हिस्सा बनने के बाद ब्रूक सात बीबीएल मैचों के लिए स्टार्स में शामिल होने के लिए तैयार थे। मेलबर्न स्टार्स के महाप्रबंधक ब्लेयर क्राउच ने कहा, स्वाभाविक रूप से हम निराश हैं कि हैरी ने बीबीएल से नाम वापस ले लिया है। लेकिन, हम उसके बढ़े हुए कार्यभार के कारण उसके फैसले को समझते हैं।

## यूएसपीएल शिकागो पैट्रियट्स ने अपने दूसरे मैच में की जीत के साथ वापसी

# मेजबानी ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम कर रहा है



**एजेंसी। फ्लोरिडा**

वर्ल्ड ऑफ क्रीड़ा की फ्रेंचाइजी, शिकागो पैट्रियट्स ने यूनाइटेड स्टेट्स क्रिकेट प्रीमियर लीग (यूएसपीएल) के अपने पहले सीजन के दूसरे मैच में जीत के साथ वापसी की। यूएसपीएल के मौजूदा दूसरे सीजन में अपना पदार्पण करने वाली शिकागो पैट्रियट्स को अपने पहले मैच में फि लीज यूनाइटेड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था।

आईसीसी और यूएसए क्रिकेट द्वारा स्वीकृत यूएसपीएल का दूसरा सीजन 13 नवंबर, 2023 को शुरू हुआ है जिसकी मेजबानी फ्लोरिडा के ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम कर रहा है। अमेरिका में जमीनी स्तर पर क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए इस लीग का आयोजन किया जाता है। यूएसपीएल का लक्ष्य देश के खेल पारिस्थितिकी तंत्र में क्रिकेट को मुख्य खेलों में से एक के रूप में स्थापित करना भी है। कैलिफोर्निया गोल्डन ईगल्स के खिलाफ मैच में पैट्रियट्स को पहले बल्लेबाजी का न्योता मिला था। उन्होंने नौवें ओवर में 45 रन के स्कोर पर चार शुरूआती विकेट खो दिए, जिसमें उप-कप्तान नीतीश कुमार ने 31 रन बनाए। जहमर हैमिल्टन और जोशुआ ट्रॉम्प ने पांचवें विकेट के लिए 94 रनों की शानदार साझेदारी निभाई, जिससे पैट्रियट्स को 20 ओवर में 164/9 के प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचने में मदद मिली। हैमिल्टन ने 58 रन बनाए जबकि जोशुआ ने 39 रन बनाकर उनका साथ दिया। मैरियन लोब्बन (4 विकेट) और रेमन रीफर (3 विकेट) गोल्डन ईगल्स के लिए सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज थे।

जवाब में, गोल्डन ईगल्स ने पावरप्ले में अली शेख और अखिलेश बोडुगम के प्रभावी गेंदबाजी से शुरूआती विकेट खो दिए। अली शेख ने अंडर-19 भारतीय टीम के पूर्व कप्तान, उन्मुक्त चंद को भी वापस भेजा जिस कारण से गोल्डन ईगल्स लक्ष्य का पीछा करने में गति नहीं प्राप्त कर सकी और 11वें ओवर में 56 रन पर अपनी आधी टीम गंवा दी। मैच 12वें ओवर में बारिश के कारण रोक दिया गया। खेल दोबारा शुरू नहीं हो सका, जिसके परिणामस्वरूप पैट्रियट्स ने डीएलएस पद्धति के माध्यम से 34 रनों से मैच जीत लिया।

लीग राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेली जा रही है, जहां प्रत्येक टीम कम से कम एक बार हर दूसरी टीम के खिलाफ खेलेगी। शिकागो पैट्रियट्स के अलावा, फि लीज यूनाइटेड, मैरीलैंड मावेरिक्स, कैरोलिना ईगल्स, न्यूयॉर्क काउबॉयज, एनजे टाइटन्स और कैलिफोर्निया गोल्डन ईगल्स अन्य फ्रेंचाइजी हैं जो यूएसपीएल के दूसरे सीजन में एक्शन में होंगी।

## यूईएफए यूरो 2024 के लिए आधिकारिक मैच बॉल का किया गया अनावरण



**एजेंसी। बर्लिन**

यूईएफए और एडिडास ने बुधवार को बर्लिन के ओलंपियास्टेडियन में यूरो 2024 के लिए आधिकारिक मैच बॉल का अनावरण किया। गेंद को फुटबॉल के प्रति प्रेम के लिए जर्मन में फसबॉललिबे नाम दिया गया है। वहीं, गेंद पर प्रत्येक मेजबान शहर के नाम के साथ टूर्नामेंट के प्रत्येक स्टेडियम का चित्रण किया गया है। एडिडास फुटबॉल में उत्पाद और डिजाइन के उपाध्यक्ष सैम हैंडी ने कहा, इस आधिकारिक मैच बॉल को डिजाइन करते समय, हम टूर्नामेंट की ऊर्जा और विविधता और यूरोप में फुटबॉल के प्रति प्रेम से प्रेरित थे। इस बात को ध्यान में रखते हुए, हम आशा करते हैं कि फसबॉललिबे जहां भी प्रदर्शित होगा, वहां खुशी लाएगा।" यूईएफए यूरो 2024 अगली गर्मियों में जर्मनी के दस शहरों, बर्लिन, कोलोन, डॉर्टमुंड, डसेलडोर्फ, फ्रैंकफर्ट, गेल्सेंकिर्चेन, हैम्बर्ग, लीपज़िग, म्यूनिख और स्टटगार्ट में खेला जाएगा।